फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 11 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 351, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लांच 16

फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी 15

## एक नजर

### आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ सात आईईडी बरामद

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने रविवार को जम्मू कश्मीर में पुंछ जिले के एक जंगल में आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और सात आईईडी बरादम किए तथा एक वायरलेस सेट जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह ठिकाना सुरनकोट इलाके में दारा सांगला में एक गुफा के अंदर था। पुलिस और सेना के संयुक्त खोज दल ने इसका भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि ठिकाने से कंबल और कुछ अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं।

### न्यायमूर्ति खानविलकर बने लोकपाल अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को रविवार को राष्ट्रपति भवन में लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति खानविलकर (66) ने 13 मई, 2016 से 29 जुलाई, 2022 तक शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में सेवा दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति ने रविवार शाम राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति खानविलकर को पिछले महीने लोकपाल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। 27 मई, 2022 को पिनाकी चंद्र घोष की सेवानिवृत्ति के बाद से यह पद रिक्त था।

### सीआईएसएफ को दी स्थापना दिवस की बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को उसके स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में उनका समर्पण और सतर्कता अद्वितीय है। भारत के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में शामिल सीआईएसएफ की स्थापना 1969 में की गई थी तथा इसे अहम सरकारी तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को गौरवशाली स्थापना दिवस की बधाई। राष्ट्र के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा में उनका समर्पण और सतर्कता अद्वितीय है। उनकी पेशेवर विशेषज्ञता और उत्कृष्टता ने सुरक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय मानदंड स्थापित किया है।

### अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह के 9 सदस्य पकड़े

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह मामले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 22 किलोग्राम अफीम के साथ नौ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने रविवार को बताया कि झारखंड निवासी अभिराम उर्फ एलेक्स को 12 किग्रा अफीम के साथ रांची से गिरफ्तार किया गया है। जालंधर के मनी, पवन और सिकंदर तथा होशियारपुर के बलिहार को पांच किलो अफीम, तीन वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया है। जालंधर की अमरजीत कौर और सन्नी को गिरफ्तार किया गया है। वे हवाला के जरिए ड्रग मनी के वितरण में शामिल थे।

## यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा : मोदी

# पूर्वांचल में खत्म हुआ माफियाराज

- प्रधानमंत्री ने आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट व अलीगढ़ को दिया एयरपोर्ट का तोहफा
- लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का भी हुआ लोकार्पण
- आजमगढ़ से 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में अपने दौरे के दूसरे दिन रविवार को आजमगढ़ से प्रदेश में पांच नए एयरपोर्ट और लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण करते हुए इंडी गठबंधन को जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, माफियाराज, तुष्टिकरण और कट्टरपंथ का पोषक ठहराया। कहा कि अब उप्र. से माफियाराज और कट्टरपंथ खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते कहा कि उत्तर प्रदेश पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है।

मोदी ने प्रदेश के पांच जिलों में नए एयरपोर्ट और लखनऊ एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल के लोकार्पण के साथ ही 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों का प्यार और विकास से जातिवाद, परिवारवाद और वोटबैंक के भरोसे बैठे इंडी गठबंधन की नींद उड़ गई है। पीएम ने कहा कि प्रदेश में जबसे डबल इंजन सरकार आई है, तबसे यूपी की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। यूपी केंद्र की योजनाओं को लागू करने में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों में है। यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, मगर अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है। मोदी ने कहा कि यूपी जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है, तुष्टिकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है।

उन्होंने भोजपुरी में कहा कि ...आजमगढ़ जौन चाह जाला ऊ कर लेवेला...। पिछले चुनाव में लोगों ने दिखा दिया कि परिवारवादी लोग जिसे अपना गढ़ समझते थे उसे दिनेश जैसे एक नौजवान ने ढहा दिया।



आजमगढ़ के मंदुरी में रविवार को जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी।

### पीएम ने प्रदेशवासियों को दिया तोहफा

प्रधानमंत्री मोदी ने 3,628 करोड़ से प्रदेश के आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ एयरपोर्ट तथा चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण किया। 108 करोड़ से महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय के लोकार्पण के साथ 11,500 करोड़ की 5 एनएच परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जबलपुर, ग्वालियर, पुणे, कोल्हापुर, दिल्ली और आदमपुर एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। 8,176 करोड़ की 12 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ। 131 करोड़ से चार टावर लाइट हाउस परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में 1,040 फ्लैट का भी लोकार्पण हुआ।

### विकास के सपने को मिली उड़ान : जितिन प्रसाद



**मुरादाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मुरादाबाद हवाई अड्डे का वर्चुअल लोकार्पण किया। स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि आज मुरादाबाद के विकास के सपने को उड़ान मिल गई। यह प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व व विकासपरक सोच का परिणाम है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डा. शेफाली सिंह, नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी, गोपाल अंजान, डा. जयपाल सिंह व्यस्त, डॉ. हरी सिंह ढिल्लो, रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री बोले- माफिया के गढ़ में अब अपराध नहीं, मनी की हो रही बौछार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज से सात साल पहले जो आजमगढ़ अपराध व माफिया गतिविधियों का गढ़ था, आज प्रधानमंत्री मनी की बौछार कर रहे हैं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार में केवल सुरक्षा का बेहतर वातावरण ही नहीं, बल्कि विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर व लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए पीएम का आभार जताया। विश्वास दिलाया कि 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार की आवाज के साथ पूरा प्रदेश जुड़ेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, एके शर्मा, ओमप्रकाश राजभर आदि मौजूद रहे।

## कूनो में 5 चीता शावकों का जन्म



- अब देश में चीतों की संख्या बढ़कर 26 हुई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता 'गामिनी' ने रविवार को पांच शावकों को जन्म दिया, जिसके साथ देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई। केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि पांच शावक, कूनो! दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई लगभग पांच वर्ष की मादा चीता गामिनी ने आज पांच शावकों को जन्म दिया। मंत्री ने कहा कि भारत में पैदा होने वाले चीते के शावकों की संख्या अब 13 हो गई है। यह चौथी बार है जब भारत में किसी चीता ने शावकों को जन्म दिया है।

## सुभासपा प्रदेश सचिव की धारदार हथियार से हत्या

संवाददाता, संतकबीरनगर

- रविवार शाम भाजपा कार्यालय में हुई बैठक से लौटी थीं घर



- चेहरे और गर्दन पर किए गए कई वार, लोगों में आक्रोश

**अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव की रविवार शाम उनके बेडरूम में हत्या कर दी गई। धारदार हथियार से उनके चेहरे और गर्दन पर कई वार किए जाने के निशान मिले हैं।

सुभासपा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर (30) पत्नी अच्छेलाल राजभर कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा मोहल्ले की निवासी थीं। वे रविवार को भाजपा कार्यालय में एक बैठक में शामिल होने के बाद शाम लगभग 4 बजे घर लौटी थीं। उनके पति काम पर गए थे, जबकि बेटा खेलने गया था। शाम लगभग 5.30 बजे मोहल्ले की एक महिला उनके घर किसी काम से गई। दरवाजा खुला से वह नंदिनी के कमरे में पहुंची तो फर्श पर उनकी खून से लथपथ लाश पड़ी थी। महिला के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग पहुंचे। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र पटेल मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और पुलिस बल के साथ एएसपी शशि शेखर सिंह ने भी मौका मुआयना किया। घटना को लेकर सुभासपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है।

## लालू यादव का करीबी सुभाष गिरफ्तार

**अवैध रेत खनन केस**

पटना, एजेंसी



- ईडी के छापे में दो करोड़ से अधिक नकदी और कागजात जब्त

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़े सुभाष यादव को पटना से गिरफ्तार किया है। सुभाष यादव को राजद प्रमुख लालू यादव का करीबी बताया जाता है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को राज्य की राजधानी में यादव और उनके सहयोगियों के आधा दर्जन परिसरों पर छापे मारे। यादव को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया और जिन विभिन्न परिसरों पर छापेमारी की गई, वहां से लगभग 2.3 करोड़ रुपये नकद और कई कागजात जब्त किए गए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रेत खनन गिरोह के अहम सिंडिकेट सदस्य होने के आरोपी यादव को सोमवार को पटना में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत में पेश किए जाने की संभावना है। सुभाष यादव राजद के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। धनशोधन का यह मामला बिहार पुलिस द्वारा 'ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' (बीसीपीएल) और उसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज की गई 20 प्राथमिकियों से जुड़ा है।

### मादक पदार्थ गिरोह की जांच को मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह की जांच के लिए धनशोधन का मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की प्राथमिकी पर संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एनसीबी ने लगभग 2,000 करोड़ रुपये की 3,500 किलोग्राम 'स्यूडोएफेड्रिन' की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए शनिवार को 36 वर्षीय जाफर सादिक को गिरफ्तार किया था।

## राज्यकर्मियों का डीए 4% बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 12 लाख पेंशनरों को भी मिलेगा वृद्धि का लाभ

**अमृत विचार :** राज्य कर्मियों और पेंशनरों को जनवरी 2024 से चार प्रतिशत की डीए बढ़ोतरी को स्वीकृत दी गई है। राज्य के खजाने पर लगभग 314 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। वित्त विभाग की ओर से यह स्वीकृति दे दी गई है और संभवत सोमवार को इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिया जाएगा। ऐसे में 10 लाख राज्यकर्मियों और आठ लाख शिक्षकों का वेतन बढ़ जाएगा। साथ ही 12 लाख पेंशनरों की महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होगी। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा शनिवार को कर दी गई थी। वित्त विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया की स्वीकृति मिलने के बाद इस संबंध में बस आदेश जारी होने की औपचारिकता ही बाकी है।

## 35 हजार में बिका एक नींबू



- तमिलनाडु के इरोड गांव स्थित एक मंदिर में हुई थी नीलामी

**इरोड (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु में इरोड के एक गांव स्थित मंदिर में हुई नीलामी में एक नींबू 35 हजार रुपये में बिका। इरोड से 35 किमी की दूरी पर स्थित शिवगिरि गांव के पास पझापूसियन मंदिर में महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को नींबू और फल सहित अन्य वस्तुएं चढ़ाई जाती हैं। बाद में इनकी नीलामी की जाती है। मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि नीलामी में कम से कम 15 श्रद्धालुओं ने भाग लिया और इरोड के एक श्रद्धालु को एक नींबू 35 हजार रुपये में बेचा गया। मंदिर के पुजारी ने नीलाम किए गए नींबू को सबसे अधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति को सौंपा।

## पटरियों पर धरने पर बैठे किसान

**रेल रोको आंदोलन**

चंडीगढ़, एजेंसी



पटियाला में रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान आंदोलनकारी।

- ट्रेनों के चक्के थमने से स्टेशनों पर यात्री रहे परेशान
- हरियाणा में किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को पूरा करने को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 'रेल रोको' आंदोलन के तहत रविवार को पंजाब के विभिन्न इलाकों में किसान रेल पटरियों पर धरने पर बैठे। किसानों ने अपनी मांग पूरी नहीं करने पर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। ट्रेन सेवाएं बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हुई। धरना-प्रदर्शन दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक चला।

पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 27 दिन से अपनी मांगों को लेकर डटे किसानों ने देश भर में रेल रोको आंदोलन चलाया। पंजाब में 52 और हरियाणा में तीन स्थानों पर ट्रेनों को रोका गया। हरियाणा के सिरसा में रेलवे ट्रैक को बाधित करने जा रहे तकरीबन 45 किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पंजाब में किसानों ने अमृतसर, लुधियाना, तरनतारन, होशियारपुर, फिरोजपुर, फजिल्का, संगरूर, मनसा, मोगा और बठिंडा समेत 22 जिलों में 52 स्थानों पर रेल पटरियों पर धरना दिया। जालंधर कैंट और पटियाला स्टेशन के ट्रैक पर भी किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया।

किसानों के धरने के कारण रेलवे की ओर से कुछ गाड़ियों को व्यास व लुधियाना से ही वापस भेज दिया। इनमें शान-ए-पंजाब, अमृतसर एक्सप्रेस, अजमेर एक्सप्रेस, अमृतसर चंडीगढ़ शामिल हैं, जिन्हें व्यास और लुधियाना रेलवे स्टेशन से वापसी के लिए रवाना कर दिया गया। ऐसे में जिन यात्रियों की ओर से अमृतसर से इन गाड़ियों से जाना था, उन्हें दिक्कत हुई।

### धनारी में किसानों ने बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर को रोका

**संभल।** एमएसपी गारंटी कानून की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन असली ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर धनारी में बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर को करीब आधा घंटे तक रोके रखा। दोपहर करीब 12.26 बजे बरेली से अलीगढ़ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन धनारी पहुंची तो किसान ट्रैक पर पहुंच गए। भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में किसान ट्रैक पर बैठ गए। कुछ किसान ट्रेन से उतरकर रेल ट्रैक पर बैठे। बाद में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा।

## टीएमसी ने बंगाल में सभी सीटों पर उतारे प्रत्याशी

कोलकाता, एजेंसी

**लोकसभा चुनाव**

- इंडिया गठबंधन को लगा झटका कांग्रेस को अभी भी उम्मीद

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी की। सात सांसदों को टिकट नहीं दिया है और कुछ नये चेहरों को मैदान में उतारा है जिनमें पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है। पश्चिम बंगाल से लोकसभा की सभी सीटों पर टीएमसी द्वारा प्रत्याशी उतारे जाने से विपक्षी इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। इसके बावजूद कांग्रेस को अभी भी सीटों के बंटवारे पर समझौता होने की उम्मीद है।

अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को असानसोल से फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। बसीरहाट सीट से पूर्व सांसद हाजी नुरुल इस्लाम को मैदान में उतारा है। सात मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है जिनमें बैरकपुर से सांसद अर्जुन सिंह भी शामिल हैं। नए चेहरों में 12 महिला और 26 पुरुष शामिल हैं। पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को बहरामपुर सीट से नामांकित किया गया है, जो राज्य कांग्रेस प्रमुख और पांच बार के सांसद अधीर रंजन चौधरी का गढ़ है। महुआ मोइत्रा को कृष्णानगर सीट से जबकि पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को बर्धमान-दुर्गापुर से उम्मीदवार बनाया गया है।

**चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति**

## चयन समिति की बैठक 15 को होगी

**नई दिल्ली।** नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए नामों को अंतिम रूप देने के वास्ते प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक 15 मार्च को होगी। उच्च पदस्थ सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय की पिछले महीने सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे से चुनाव आयुक्तों के दो पद रिक्त हो गए हैं। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल होंगे। समिति की बैठक 15 मार्च को होगी और निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।

## दुधवा : खतरे में डॉल्फिन, जांच वाली फाइल ही गायब

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी



- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं खुला मौत का राज तो किया था विसरा सुरक्षित
- फील्ड डायरेक्टर ने बिठाई थी जांच लेकिन अब फाइल का ही पता नहीं

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन खतरे में है। 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित होने के बाद से दुधवा में कई डॉल्फिन की मौत हो चुकी है लेकिन मौत की वजह जानने को लेकर अधिकारी संजीदा नजर नहीं आ रहे। 24 फरवरी 2024 को भी एक डॉल्फिन का शव गिरजा बैराज में मिला था। डॉल्फिन की मौत कैसे हुई इसकी जांच फाइल ही गायब हो गई है। फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने 16 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है और एक सप्ताह में संपूर्ण रिपोर्ट मांगी है।

दुधवा टाइगर रिजर्व के कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग स्थित चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज के गेट नंबर वन में 22 फरवरी 2024 को डॉल्फिन का शव मिला था। वन विभाग की टीम ने दो चिकित्सकों डॉ. दयाशंकर और डॉ. दीपक से पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉल्फिन की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी तो विसरा आईवीआरआई बरेली भेजने के लिए सुरक्षित कर लिया गया था। हैरानी की बात है कि 16 दिन बाद भी विसरा आईवीआरआई नहीं भेजा जा सका। आशंका जताई जा रही थी कि अवैध रूप से मछली का शिकार होने के चलते डॉल्फिन की मौत हुई है तो यह बड़ा मामला होगा। बहरहाल इससे संबंधित जांच रिपोर्ट ही गायब हो गई है। प्रतिबंध के बाद भी गेरुआ और घाघरा नदी से मछली के शिकार की सच्चाई सामने आने से जिम्मेदारों की न सिर्फ पोल खुल जाएगी, बल्कि कई पर कार्रवाई भी हो सकती है। कार्रवाई से बचने को जांच रिपोर्ट गायब कर देने की चर्चा हो रही है।

### डॉल्फिन के कारण प्रतिबंधित है मछली का शिकार

डॉल्फिन को वर्ष 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया था। दुधवा टाइगर रिजर्व से होकर बहने वाली गेरुआ और घाघरा नदी में बड़ी संख्या में डॉल्फिन पाई जाती हैं। डॉल्फिन की सुरक्षा के लिए इन नदियों में मछली का शिकार प्रतिबंधित है फिर भी चोरी-छिपे मछलियों का शिकार होता है। कई बार डॉल्फिन भी इनके जाल में फंस जाती है। माना जा रहा है की मछलियों के अवैध शिकार के दौरान ही डॉल्फिन की मौत हुई है।

> गिरिजा बैराज में डॉल्फिन की मौत की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिल पाई है। फाइल किस स्तर पर है, इसका भी पता लगा रहे हैं। वैसे विसरा जांच के बाद भी काफी हद तक हकीकत सामने आ जाएगी। जांच रिपोर्ट को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। - **ललित वर्मा**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा टाइगर रिजर्व।

### पहले भी जान गवां चुकी हैं चार डॉल्फिन

कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाव स्थित चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज में अब तक चार डॉल्फिन के शव मिल चुके हैं। मौतें और भी हुई होंगी लेकिन जिनके शव मिल गए, उन्हीं की जानकारी सामने आ पाई। वर्ष 2014 में एक डॉल्फिन का शव उतराता मिला। कुछ दिन बाद एक और डॉल्फिन का शव मिला। इसके आठ साल बाद नवंबर 2022 में महीने भर के अंदर दो डॉल्फिन के शव क्रमशः गेट नंबर एक और तीन में मिले थे।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

- 40 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रशासन को ज्ञापन पूर्वाह्न 11:30 बजे।
- ज्वाला क्लब में पहला सेमीफाइनल मैच पूर्वाह्न 11 बजे।



गुरुद्वारे में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

## शिविर में 151 लोगों ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से बिलासपुर के नवाबगंज पश्चिरियापुर गुरुद्वारे में रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। लोगों की जान बचाने के लिए शिविर में 151 लोगों ने रक्तदान किया।

वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि समिति द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं। ब्लड बैंक को भी रक्त की जरूरत होती है तो समिति रक्त की कमी को पूरा करती है। समिति का उद्देश्य है कि खून के बगैर किसी की जान न जाए। समिति द्वारा सभी तहसीलों व ब्लॉकों में लोगों को जागरूक कर बड़ी संख्या में रक्तदान शिविर लगाए जा चुके हैं। रविवार को शिविर में 151 लोगों ने रक्तदान किया। समिति की ओर से रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सरदार निर्मल सिंह, सरदार मनमीत सिंह, सेवा सिंह, बिलासपुर के अध्यक्ष करण दीप सिंह, सुखविंदर सिंह, मनजीत सिंह, अमनदीप सिंह, दविंदर सिंह, जगजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### रामपुर से मात्र 10 किमी की दूरी पर है भदासना हवाई अड्डा, जिले के कारोबार को भी मिलेगी उड़ान

## मुरादाबाद के एयरपोर्ट का उद्घाटन होने से उद्यमियों में खुशी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लंबे इंतजार के बाद रंगों के त्योहार होली के अवसर पर रामपुर के लोग हवाई जहाज से सफर कर सकेंगे। रविवार को आजमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भदासना हवाई अड्डे का वर्चुअल उद्घाटन कर दिया। मुरादाबाद का यह हवाई अड्डा शहरी बाशिंदों के लिए दूर है जबकि रामपुर से मात्र 10 किमी की दूरी पर है। इसका सर्वाधिक लाभ रामपुर और मुरादाबाद के उद्यमियों को मिलेगा। इससे जिले के कारोबार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

विश्व प्रसिद्ध रजा लाइब्रेरी समेत पहाड़ों की वादियों में जाने वाले लोगों को सड़क या रेल मार्ग से घंटों यात्रा नहीं करना पड़ेगी। उद्यमी बताते हैं कि इससे रामपुर के मैंथा और प्लाईवुड कारोबार को भी पंख लगेंगे। हवाई अड्डे का उद्घाटन होने के बाद उद्यमियों में खुशी है। रामपुर से हवाई अड्डे का सफर मात्र 15 मिनट का है। हवाई अड्डा शुरू होने से रामपुर के मेंथा, होटल, प्लाईवुड और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले बाहर आने-जाने वाले उद्यमियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ट्रेनों की लेट लतीफी और सड़कों के जाम के कारण उद्यमियों का काफी समय बर्बाद हो जाता था। लेकिन, अब रामपुर आने के लिए पर्यटकों और उद्यमियों को काफी राहत मिल जाएगी। इस बाबत अमृत विचार ने उद्यमियों से बातचीत की।



"रामपुर के प्रमुख उद्योगों मेंथा, प्लाईवुड एवं जरी उद्योगों को मुरादाबाद एयरपोर्ट से पंख लगेंगे। अब कारोबारी सीधे दिल्ली से मुरादाबाद एयरपोर्ट पर उतर कर मिनटों में रामपुर पहुंच सकेंगे। इससे व्यापार में वृद्धि होगी। छोटे कारोबारियों को भी लाभ होगा। लखनऊ, इलाहाबाद के लिए सीधी सेवा होने से लोग आसानी से हाईकोर्ट पहुंच सकेंगे। - संजय अग्रवाल, मेंथा कारोबारी



"प्रधानमंत्री द्वारा मुरादाबाद में भदासना एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन करने से उद्योग जगत एवं पर्यटकों में उत्साह है। आईआईए सेवा प्रदाता कंपनी से प्रस्ताव करेगा कि मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, अयोध्या, चेन्नई, हैदराबाद, मनाली, श्रीनगर, जम्मू, जयपुर आदि नगरों के लिये भी शीघ्र सेवा प्रारंभ करे। - श्रीश गुप्ता, सचिव इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन



"छोटा नगर होने के कारण आयातक रामपुर आने से परहेज करते थे। वह दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों से कारोबार करते थे। अब उन्हें सीधे रामपुर आकर खरीदारी करने की सुविधा मिल सकेगी। रजा लाइब्रेरी में रखे ज्ञान के खजाने को देखने और समझने के लिए पर्यटक रामपुर पहुंचेंगे। - विपिन गुप्ता चेयरमैन, आईआईए



"रामपुर जरी कारोबार का बड़ा केंद्र है। लेकिन समय ज्यादा लगने के कारण व्यापारी यहां नहीं आते थे। अब एयरपोर्ट आरंभ होने से जरी उद्योग भी फल फूल सकता है। खरीदार हवाई जहाज के माध्यम से सीधे रामपुर पहुंच सकेंगे। रामपुर से एयपोर्ट तक 15 मिनट में पहुंचा जा सकता है। - सुनीत गुप्ता रामपुर हस्तकला प्रा. लि.



"रामपुर लकड़ी और मेंथा कारोबार का बड़ा केंद्र है। पहले व्यापारी यहां नहीं आ पाते थे। एयरपोर्ट से कारोबार बढ़ेगा। बड़ी संख्या में कारोबारी रामपुर आ सकेंगे। प्लाईवुड, मेंथा और आम का निर्यात आसानी से हो सकेगा। इससे पहले आम को ट्रकों द्वारा गुजरात भेजा जाता था और वहां से पानी के जहाज से यूरोप के देशों में पहुंचता था। आम निर्यातकों को लाभ मिलेगा। - मनोज गर्ग, प्लाई बोर्ड कारोबारी

## एक नजर

### पर्वतीय जन चेतना समिति मनाएगी होली का पर्व

**रामपुर, अमृत विचार :** पर्वतीय जन चेतना समिति की बैठक का आयोजन आवास विकास स्थित दीप जोशी के आवास पर हुआ। बैठक में होली का पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। समिति के महामंत्री पुरानचंद जोशी ने कहा कि पर्वतीय समाज के लोग प्रत्येक वर्ष होली का पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस वर्ष भी होली का आयोजन किया जाएगा। 31 मार्च को सीआरपीएफ कॉलोनी में होली मिलन समारोह होगा। समिति के ऑडिटर किशन सिंह बिष्ट को कार्यक्रम का संयोजक मनोनीत किया गया। महिलाओं की होली का आरंभ 20 मार्च को विकास नगर में गणेश दत्त के आवास से होगा। 21 मार्च को आदर्श कॉलोनी में रमेश पंत के आवास पर संपन्न होगा। 22 मार्च को मुकुल पांडे के आवास पर होली मिलन का कार्यक्रम होगा। 21 मार्च को मक्का मिल स्थित हेमंत जोशी के आवास से कार्यक्रम शुरू होगा। 23 मार्च को महामंत्री पूरन जोशी के आवास पर शाम छह बजे से होली का कार्यक्रम होगा। संस्था के महामंत्री पुरानचंद जोशी, किशन सिंह बिष्ट, हेमंत जोशी, मुकुल पांडे, दीप जोशी, अतुल जोशी, राजीव नेगी एवं ओम आदि उपस्थित रहे। समिति के संरक्षक हेमंत कुमार पांडे की अध्यक्षता में निर्णय लिए गए।

## मंत्रोच्चारण और कुरआनी आयतों से गूंजी फिजा

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में वैवाहिक बंधन में बंधे 1550 जोड़े

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रविवार को 1550 जोड़े एक बंधन में बंधे। पंडाल में किसी ने बोला कुबूल-कुबूल तो किसी ने सात फेरे लेकर सात जन्मों में तक साथ जीने-मरने की कसमें खाईं। नव दंपत्तियों को सांसद घनश्याम सिंह लोधी, शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी जोगेन्दर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल ने आशीर्वाद दिया। इसके बाद जोड़ों को गृहस्थी का सामान उपहार में दिया गया। इस मौके पर सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार सबका साथ-सबका विकास के नारे के संग कार्य कर रही है। सरकार में हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई के लिए तमाम योजनाएं संचालित की हैं। इन योजनाओं का हर तबके को लाभ मिल रहा है।



हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न कराते पुरोहित। ● अमृत विचार

रविवार को फिजिकल कालेज स्टेडियम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन हिन्दू-मुस्लिम रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ हुआ। कार्यक्रम में शहर विधायक ने कहा कि कई परिवार ऐसे होते हैं जो कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण अपनी पुत्रियों का विवाह धूमधाम से करने में असमर्थ होते हैं। ऐसे परिवार लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एक अभिनव पहल है।

इसमें निर्धन व निराश्रित परिवारों की विवाह योग्य कन्या के विवाह के लिए 51,000 रुपये, 35,000 रुपये कन्या के खाते में, 10,000 रुपये की धनराशि उपहार और 6,000 रुपये शादी में व्यवस्था के लिए खर्च किए जाते हैं। इसके बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। कहा कि लोकतंत्र का महापर्व है। आने वाले लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता मताधिकार का प्रयोग करें।

### शहर के 591 जोड़े कार्यक्रम में हुए शामिल

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में शहर के 2600 लाभार्थियों ने आवेदन किया था। जब इनका सत्यापन कराया गया तो 591 पात्र मिले। नगर पालिका के अधिकारियों के अनुसार सत्यापन कराने में 2009 आपात्र पाए गए। रविवार को 591 जोड़ों की शादी कराई गई। उधर सूची में नाम देखने के लिए ईओ ने स्टेनो को बैठाया। जिनका नाम सूची में शामिल था उनकी पर्ची काटकर मंडप की ओर भेजा गया।

### मां-बाप से बिछड़ा बच्चा

कार्यक्रम में एक बच्चा अपने मां-बाप से बिछड़ गया। उसने उनको कार्यक्रम में तलाश किया। नहीं मिलने पर वह रोता हुआ मंच पर पहुंच गया। मंच पर बैठे पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जैन ने बच्चे से पूछा तो उसने बताया कि माता-पिता से बिछड़ गया हूं। इसी बीच मंच से एनाउंस कराया गया। तब उसकी मां रूबीना और पिता सलीम मंच पर पहुंच गए। इसके बाद एसपी, सीडीओ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बच्चे को उनके सुपुर्द किया।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक कुरील, अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी, आकाश राजपूत, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक डा. अविनाश कुमार, अजीम, सनी गौतम, सद्दाम, रवि कुमार आदि।



नव विवाहित जोड़ों को उपहार देते सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं समाज कल्याण अधिकार सूरज कुमारी। ● अमृत विचार



नव विवाहित जोड़ों को उपहार देते शहर विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी।

## निरोगी रहने को नियमित योगासन जरूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि निरोगी रहने के लिए नियमित योगासन और प्राणायाम जरूरी है। इसके लिए प्रदेश स्तर पर ऑनलाइन योग प्रशिक्षण चलाए जा रहे हैं। जिसमें संगठन के योग्य प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कहा कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। आयुर्वेद और स्वदेशी को व्यवहार में लायें, तभी देश समृद्ध और शक्तिशाली बनेगा।

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के निर्देशन में रविवार को बैठक हुई। मुख्य अतिथि अनिल सिक्का, मुनीश शर्मा और रवि मेहरा ने दीप जलाकर गायत्री मंत्र और ईश वंदना की। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रवि मेहरा नियमित योग क्लास के माध्यम से लोगों को योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करा रहे हैं। प्रांतीय सोशल मीडिया प्रभारी अनिल सिक्का ने पदाधिकारियों को पतंजलि योगपीठ की नवीन योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने संगठन के विस्तार पर बल देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को पतंजलि परिवार से जोड़कर स्वामी रामदेव के निर्देशन में देश को तन-मन और धन से सशक्त बनायें। अनिल सिक्का ने रवि मेहरा को पतंजलि योग समिति का जिला प्रभारी, हेमंत रस्तोगी को सह जिला प्रभारी, विकास शर्मा को संवाद प्रभारी, विक्की सेनी को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर हेमन्त रस्तोगी, अभिलाष मिश्रा, रवींद्र कपूर, विकास शर्मा, ओमकार सिंह, नकुल लोधी, सुधा शर्मा, श्वेता शर्मा, योगिता रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## दत्तोपंत ठेंगड़ी रखा जाए ओवरब्रिज का नाम : शंखधार

संवाददाता, मिलक

▸▸ रेलवे द्वारा 600 मीटर पक्की सड़क बनाकर दी गई

**अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर रेलवे फाटक मिलक पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज का नाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे एवं भारतीय किसान संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के नाम पर रखने की मांग की।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि भारतीय किसान संघ ने 20 फरवरी 2018 एवं 17 दिसंबर 2019 को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजे थे। रेलवे ने 600 मीटर पक्की सड़क बनाकर दी थी। इसके बाद 28 दिसम्बर 2021 से छह जनवरी 2022 तक लगातार अत्याधिक सर्दी एवं बारिश में धरना-प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद बाद तत्कालीन जिलाधिकारी ने अग्रिम कार्रवाई के लिए चार विभागों की टीम गटित कर ओवरब्रिज बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। जनपद स्तर की सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश शासन से हरी झंडी मिलने और लगभग 109 करोड़ की लागत से ओवरब्रिज का निर्माण का काम प्रारम्भ किया जाएगा। इसके लिए नौ मार्च को सांसद एवं राज्यमंत्री द्वारा भूमि पूजन करा दिया है। भारतीय किसान संघ मुख्यमंत्री से मांग करता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे दत्तोपंत ठेंगड़ी के नाम से इस ओवरब्रिज का नाम रखा जाए। क्योंकि दत्तोपंत ठेंगड़ी भारत के तीन बड़े राष्ट्रवादी संगठन के संस्थापक रहे हैं। भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ एवं स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना उनके द्वारा की गई थी।

## गरीबों की मदद करना सबसे अच्छा काम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पंकज बिजलवान ने अस्पताल के सेवा कार्य की सराहना करते हुए उसे अपडेट करने की सलाह दी। कहा कि इंटरनेट से किसी भी तरह की सहायता की आवश्यकता हो तो वह हमेशा तैयार हैं। गवर्नर ने क्लब के पदाधिकारियों को गरीबों को कंबल, कपड़े इत्यादि बांटने की सलाह भी दी।

बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में रविवार की दोपहर लायंस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर का डिस्ट्रिक्ट विजिट कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पंकज बिजलवान और गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सेकंड वॉइस डिस्टिक गवर्नर विनय सिसोदिया ने सभा का प्रारंभ गायत्री मंत्र एवं ध्वज वंदना के साथ किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित किया। क्लब के अध्यक्ष लॉयन अंकुर अग्रवाल ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। सचिव लॉयन प्रवीण कुमार भांडा ने वर्ष भर में किए गए सेवा कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। साहनी लॉयन आई हॉस्पिटल के प्रोजेक्ट चेयरमैन लॉयन आर के अग्रवाल ने अस्पताल के स्थापना एवं प्रगति कार्यों के विषय में बताया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने कहा कि क्लब के पदाधिकारियों को गरीबों को कंबल कपड़े इत्यादि बांटना चाहिए। कनविनर उमेश सिंघल ने बताया कि डॉक्टर दीपक अस्पताल में कैंप लगाकर रोगियों का परीक्षण करके जोली ग्रांट अस्पताल ले जाते हैं। सभा के दौरान क्लब के सदस्यों ने मुख्य अतिथि, चेयरमैन, रीजन चेयरमैन एवं डिस्ट्रिक्ट ऑफीसर्स का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। अंत में जगन्नाथ ने सभी का आभार जताया।



दीप जलाकर कार्यक्रम का आरंभ करते मुख्य अतिथि पंकज बिजलवान। ● अमृत विचार

**लापरवाही** डीएम आवास के सामने पाइपलाइन फटने पर दौड़े अधिकारी, सड़क पर बहा पानी, मरम्मत के बाद जोड़ को किया ठीक

## बिजली का खंभा लगाते समय पाइपलाइन फटी, सड़क पर बहा पानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विद्युत निगम के कर्मचारियों द्वारा बिजली का खंभा लगाते समय जिलाधिकारी आवास के सामने पाइपलाइन फट गई। इससे पूरी सड़क पर पानी ही पानी हो गया। पाइपलॉइन फटने की सूचना पर नगर पालिका और विद्युत निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आनन-फानन में कर्मचारियों को लगाया। पाइपलॉइन दुरूस्त कराने में कर्मचारी दिनभर जुटे रहे। शाम को पाइपलाइन की मरम्मत होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

शहरवासियों को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति देने के लिए पुराने खंभों और केबिल को हटाकर नए लगाने का कार्य कराया जा रहा है। रविवार को विद्युत निगम की टीम जिलाधिकारी के आवास के पास पहुंची। यहां पहले से ही पाइपलाईन बिछी है। खंभा लगाने के लिए कर्मचारियों ने गड्ढे की खोदाई की। इस दौरान पाइपलाईन फट गई। देखते ही देखते पानी सड़क पर आ गया। कर्मचारियों ने इसकी सूचना विद्युत निगम के अधिकारी और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को दी। अधिशासी अधिकारी ने जलकल विभाग के जेई मूलचंद को मौके पर भेजा। उन्होंने मजदूरों को बुलाकर फटी हुई पाइप लाइन की मरम्मत शुरू कराई। वह पूरे दिन पाइपलाईन को सही करने में जुटे रहे। इस दौरान पानी सड़क पर बहता रहा। इससे राहगीरों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। देर शाम फटी पाइपलॉइन का जोड़ सही कराया गया।



जिलाधिकारी आवास के सामने सड़क पर बहता पानी। ● अमृत विचार

### पाइप लाइन पर खंभे का जोर पड़ने से आई दिक्कत

नगर पालिका के अधिकारियों का कहना है कि जब खंभा लगाया गया तो पाइपलॉइन पर जोर पड़ा और वह फट गई। उधर विद्युत निगम के अधिकारियों का मानना है कि पाइपलाइन काफी पुरानी हो चुकी है। अगर खंभा लगाते समय पाइपलाइन से कुछ दूरी छोड़ दी जाती तो वह नहीं फटती। पाइपलाइन को सही करने के लिए वर्कशाप से मजदूरों को बुलाया गया। तब समस्या का समाधान हुआ।

"बिजली का खंभा लगाने की वजह से पाइप लाइन में दिक्कत आई थी। कर्मचारियों को भेजकर इसे सही करा दिया गया है। विद्युत निगम के अधिकारियों से लाइन से हटाकर खंभा लगाने को कहा है। -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका परिषद

## वल्नरेबल मतदान केंद्र का एसपी ने किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी और अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने अपराध नियंत्रण के लिए क्षेत्र में पैदल गश्त की।

इस दौरान कानून, शान्ति व्यवस्था व जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने तथा आगामी त्योहार एवं लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत वल्नरेबल मतदान केंद्र ग्राम काशीपुर का निरीक्षण किया। इसके अलावा बगी में महत्वपूर्ण, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल का एरिया डोमिनेशन कर ड्रोन कैमरों से निगरानी की और लोगों से संवाद किया। कहा कि आपराधिक तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## अब डीपी पर लगे फोटो का नहीं ले सकेंगे स्क्रीनशॉट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ व्हाट्सएप ने लांच किया नया फीचर, लोगों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार :** व्हाट्सएप चलाने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है। कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल पर किसी प्रकार की डीपी लगा सकता है। रविवार को व्हाट्सएप ने नया फीचर लांच किया है। इससे किसी का फोटो डीपी से उठाकर फर्जी तरह से आईडी बनाने के मामले में रोक लगेगी।

सोशल मीडिया बहुत तेजी से हावी हो रहा है। युवक-युवतियां मोबाइल फोन पर तरह-तरह के फोटो लगाते थे। जिससे हैकर्स किसी के डीपी से भी फोटो उठाकर फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों से ठगी करते रहते हैं। इससे लोगों को काफी परेशानियां आ रही थीं। इसमें कई पुलिसकर्मियों के नाम से या फिर डीएम एसपी, मंडलायुक्त के डीपी पर लगे फोटो का स्क्रीनशॉर्ट लेकर लोगों से पैसे ऐंठ लिए जाते थे।

ऐसे शिकायतें लगातार बढ़ती जा रही थीं। इसी को देखते हुए रविवार को व्हाट्सएप ने एक नया फीचर लांच कर दिया है। इसमें अब कोई दूसरा व्यक्ति किसी यूजर्स की डीपी का स्क्रीन शॉर्ट नहीं ले पाएगा। इससे फर्जी आईडी बनाकर पैसे वसूलने की घटनाएं कम होगी।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से मजदूर घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीतपुर के पास पैदल जा रहे मजदूर को बाइक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उन्होंने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। ज्वालानगर निवासी मुन्ने मजदूर है। वह अजीतपुर चौराहे पर जा रहा था। तभी पीछे से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद मौके पार एकत्र हुए लोगों ने उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

### मेड़ के विवाद में युवक को पीटा, दी तहरीर

**रामपुर, अमृत विचार :** मेड़ के विवाद में कुछ लोगों ने युवक को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। गंज निवासी मनजीत का कहना है कि उसके गांव के ही कई लोगों से मेड़ को लेकर रंजिश चली आ रही है। इसी के चलते रास्ते में आते-जाते समय आरोपी उसके साथ गाली-गलौच करते हैं। आरोप है कि शनिवार को रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए पीट दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ट्रेन रोकने पहुंचे किसानों को आरपीएफ ने रोका

## जानकारी मिलने पर रेलवे प्रशासन हुआ सक्रिय, स्टेशन अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अपनी समस्याओं को लेकर ट्रेन रोकने जा रहे किसानों को आरपीएफ और जीआरपी ने स्टेशन परिसर में घुसने से रोक दिया। इससे पहले किसानों ने आंबेडकर पार्क में पंचायत की और नारे लगाते हुए हाईवे से होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचे। लेकिन, इससे पहले रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ के जवान तैनात हो गए और किसानों से स्टेशन अधीक्षक ने ज्ञापन ले लिया।

भारतीय किसान यूनियन असली के जिलाध्यक्ष मोहम्मद रफीक के नेतृव में किसान आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए। इसके बाद रणनीति तैयार करके किसान हाईवे पर नारेबाजी करते हुए रेलवे स्टेशन की ओर चल दिए। किसानों के ट्रेन रोकने आने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस सतर्क हो गई। पुलिसकर्मियों ने किसानों पूछताछ काउंटर के पास ही रोक लिया। इसके बाद किसानों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि 11 दिसंबर 2021 को दिल्ली में संयुक्त मोर्चा द्वारा किसान आंदोलन स्थगित करते समय भारत सरकार ने लंबित मांगों को पूरा करने का लिखित वादा किया था। लेकिन वह मांगें अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। देश के दो बड़े किसान मंचों संयुक्त किसान मोर्चा एवं किसान मजदूर मोर्चा ने मजदूरों की मांगें पूरी कराने का ऐलान किया है। उनकी मांग है कि पूरे देश में सभी फसलों की एमएसपी एवं गन्ने की एफआरपी व एसएसपी खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाए और किसानों का कर्ज माफ किया जाए। लखीमपुर खीरी नरसंहार के दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को पूरे देश में पुनः लागू किया जाए। भारत विश्व संगठन से बाहर आए एवं सभी मुक्त व्यापार समझौते पर रोक लगाई जाए। किसानों एवं खेत मजदूरों को पेंशन दी जाए। विद्युत संशोधन विधयेक 2020 को निरस्त किया जाए। मनरेगा के तहत प्रति वर्ष 200 दिन का रोजगार 700 रुपये का मजदूरी भत्ता दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में शेर सिंह मौर्या, खलील अहमद, आशिफ हुसैन, वीरेंद्र सिंह, शाह जमान खां, इशरत अली, रामनाथ मौर्या आदि मौजूद रहे।



नारेबाजी करते हुए आंबेडकर पार्क से रेलवे स्टेशन की ओर जाते किसान।



रेलवे स्टेशन के आसपास तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

### छावनी में तब्दील हुआ रेलवे स्टेशन

किसानों के ट्रेन रोकने आने की जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ और जीआरपीएफ के प्रभारी सक्रिय हो गए। उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बाद सभी पुलिसकर्मी पूछताछ कक्ष के आसपास आ गए। उसके बाद किसानों को आते ही रोक लिया। उसके बाद स्टेशन अधीक्षक आ गए। किसान रेलवे स्टेशन के अंदर जाने के लिए प्रयासरत थे लेकिन पुलिस ने उनको रोक लिया। इस दौरान कुछ देर तक नोकझोंक हुई, लेकिन अंदर नहीं जाने दिया।

> किसान रेलवे स्टेशन पर आने का प्रयास कर रहे थे लेकिन उनको पहले ही रोककर ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को दिलवा दिया। सुबह से जानकारी मिलने के बाद पुलिस बल को तैनात कर दिया था। **-दिनेश कुमार मीणा,** आरपीएफ इंचार्ज



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

# पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मिलकखानम पुलिस ने तमंचे बनाने की फैक्ट्री का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है।

थाना मिलकखानम पुलिस को सूचना मिली कि पीपली वन में कुछ लोग अवैध शस्त्र फैक्ट्री चला रहे हैं। इसमें धड़ल्ले से अवैध शस्त्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुलफाम निवासी ग्राम रतनपुरा थाना स्वार, शाजिद उर्फ पधान निवासी ग्राम रतनपुरा को पीपलीवन में बाबा नक्कारे शाह की मजार के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। जबकि उनका साथी रणधीर उर्फ धीर सिंह निवासी ग्राम कलकत्ता थाना गदरपुर जिला उधमसिंह नगर जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस को मौके से 315 बोर की रायफल, दो कारतूस, 12 बोर की बंदूक, दो कारतूस, तीन अधबने तमंचे, 315 बोर की नाल के छह टुकडे, एक 12 बोर की नाल का टुकड़ा और एक ड्रिल मशीन मिली।

# दहेज के लिए महिला को जलाने का प्रयास

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया। पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव टांडा निवासी फरीद की पत्नी सीमा के अनुसार उसकी शादी 10 साल पहले हुई थी। उसके तीन बच्चे खुशी, महिनूर एवं सुहाना हैं। पीड़िता का आरोप है कि पति दहेज के लिए मारपीट करता था। कई बार पीड़िता के मायके वालों एवं पड़ोसियों ने समझौता करा दिया। मायके वालों ने दो लाख रुपए खर्च करके मकान भी बनवा दिया। इसके बाद वह और अधिक दहेज की मांग करने लगे। पीड़िता के मायके वाले आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इसके बावजूद ससुरालियों की मदद करते रहे। उन्होंने और दहेज देने में असमर्थता जता दी। इसके बाद आरोपियों ने सीमा को कंबल में लपेटा और पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। ससुरालियों ने ट्रेन के आगे धक्का देकर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। कहा कि तेरा बीमा कराकर तुझे मारेंगे और उससे मिले पैसे अपने काम में लगा लेंगे। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने पति फरीद, सास मुन्नी, ननद परवीन, जेठ शमशाद, नईम, देवर फरियाद अली, बाबू व फुरकान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**तहरीर के आधार पर पति समेत आठ के खिलाफ रिपोर्ट**

### प्रेमी जोड़े की महिला थाने में हुई काउंसलिंग

**मसवासी, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर दूसरे समुदाय की युवती की इज्जत से खिलवाड़ करने वाले आरोपी को महिला थाने बुलाया गया। महिला थाना प्रभारी ने प्रेमी जोड़े की काउंसलिंग कराई। मगर अभी परिणाम नहीं निकल सका है। क्षेत्र के उपनगर मसवासी चौकी के एक गांव के सिख समाज के युवक का दूसरे समाज की युवती से पांच साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर युवती की इज्जत से खिलवाड़ किया। इसके चलते वह तीन बार गर्भवती हुई। आरोप है कि युवक ने दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। जब युवती ने शादी करने की बात कही तो युवक ने साफ इनकार कर दिया। शनिवार को युवती ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चौकी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रविवार को आरोपी युवक को महिला थाने बुलाया गया। यहां युवक-युवती व उनके परिजनों की काउंसलिंग कराई गई। लेकिन अभी कोई परिणाम नहीं निकल सका है।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** मंडी के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उन्होंने घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

कोतवाली निवासी राधे बाइक पर सवार होकर किसी काम से स्वार जा रहा था। रविवार की शाम नवीन मंडी के पास तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें राधे घायल हो गया।

हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी चालक कार समेत मौका से फरार हो गया। हादसे के बाद काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। इस बीच किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी। उधर शनिवार की रात करीब 11 बजे राम-रहीम पुल पर कार ने बाइक सवार को टक्कर मार कर घायल कर दिया था।

# हाइवे चौड़ीकरण की धीमी गति पर भड़के किसान, प्रदर्शन

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** नेशनल हाइवे चौड़ीकरण का कार्य धीमी गति से चलने व दो साल में पूरा होने वाला कार्य आठ साल बीत जाने पर भी पूरा न होने पर किसान भड़क गए। आक्रोशित किसानों ने पंचायत का आयोजन कर रोष प्रकट किया। किसानों ने हाइवे पर खड़े होकर एनएचएआई अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। चौड़ीकरण का कार्य जल्दी पूरा न होने पर टोल वसूली बंद कर एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर को बंधक बनाने की चेतावनी दी। कहा कि आधे-अधूरे हाइवे पर टोल वसूलना गलत है।

भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के पदाधिकारियों ने रविवार को सनकरा के स्थित साप्ताहिक बाजार में पंचायत की। इसमें शफीक अहमद को युवा प्रकोष्ठ का जिला प्रभारी नियुक्त करते हुए स्वागत किया गया। पंचायत में किसान नेताओं ने आठ साल बीत जाने के बावजूद हाइवे चौड़ीकरण का कार्य अधूरा पड़ा होने पर रोष जताया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने फरवरी 2016 में हाइवे चौड़ीकरण का उद्घाटन रूद्रपुर में किया था। लोगों को दो वर्ष के भीतर कार्य पूरा होने का आश्वासन दिया था। लेकिन एनएचएआई अधिकारियों की हीलाहवाली के चलते फरवरी 2024 तक भी हाइवे चौड़ीकरण का कार्य अधूरा है। अधूरे हाइवे पर टोल की वसूली की जा रही है। अधूरे हाइवे में आये दिन हो रहे हादसों में अब तक दर्जनों किसान व ग्रामीण जान गवां चुके हैं। बिलासपुर बाईपास, माटखेड़ा रोड समेत कई स्थानों पर मौत के कट बने हैं। अगर हाइवे चौड़ीकण का कार्य जल्दी ही पूरा नहीं किया तो भाकियू पदाधिकारी टोल टैक्स की वसूली बंद कराकर एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर को बंधक बनाएंगे और हादसों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों व घायलों के मुआवजे की राहत राशि प्रोजक्ट मैनेजर से दिलाएंगे। स्थानीय लोगों से वसूली गई रकम भी वापस कराई जाएगी। इस दौरान एमएसपी लागू करने व किसानों का कर्ज माफ करने की भी मांग की गयी।



पंचायत को संबोधित करते भाकियू भानु के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी।

### प्रदर्शन में यह रहे शामिल

मंडल कोषाध्यक्ष सैयद जमाल, आरिफ मियां, मुराद खान, शहादत अली, शफीक अहमद, आरिफ अली, हसीब वारसी, महावीर सागर, लोकेश पांडे, इसहाक अली, फैजान खान, मोहम्मद हनीफ, शाहिद अहमद, इफ्तिखार, डाक्टर अरमान हुसैन, अनीश, राहुल, मोहित, केसर अली, शाकिर अली आदि मौजूद रहे।



शत्रु संपत्ति के जंगल में आग बुझाते अग्निशमन कर्मी। ● अमृत विचार

# शत्रु संपत्ति के जंगल में लगी आग फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** स्टेडियम के पास शत्रु संपत्ति के जंगल में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड एवं पुलिस ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

रविवार की दोपहर को जौहर विश्वविद्यालय एवं स्टेडियम के पास जंगल में आग लग गई। जंगल से लपटें उठती देख खलबली मच गई। आसपास के गांवों से सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। आग की लपटे तेजी से जंगल में फैलने लगी। सूचना पाकर अजीमनगर पुलिस और अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों को आग के पास से हटाया। इसके बाद करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया।

### ट्रांसमिशन एक्सईएन को भेजा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर-मुरादबाद हाइवे स्थित विद्युत निगम के खंभे लगाए जा रहे हैं। इसमे ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है। ग्रामीणों ने इस मामले में ट्रांसमिशन एक्सईएन को ज्ञापन भेजा है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा काम कराने में हीलाहवाली बरती जा रही है। कोसी पुल स्थित होटल द रिवर साइड इन के सामने मुरादाबाद हाईवे पर बिजली के खंभे लगाने में ठेकेदार अनियमित्ता बरती जा रही है। ठेकेदार मानकों के विरुद्ध कार्य कराया जा रहा है। बिजली तार लोगों के घरों के ऊपर से गुजर रही हैं। इनसे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बच्चे दिन भर घरों की छतों पर खेलते रहते हैं। इसको लेकर पिछले दिनों प्रदर्शन कर ज्ञापन विभागीय अधिकारियों को सौंपा था। उसके बाद भी विभाग की ओर से कोई जांच नहीं कराई गई है।

# पहाड़ी गेट, अस्तबल व बिलासपुर गेट की चार घंटे बंद रहेगी बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पनवड़िया 132 से पहाड़ी गेट की ओर जा रही लाइन की मरम्मत के चलते चार बिजलीघरों की अपराह्न दो से शाम छह बजे तक आपूर्ति आज बाधित रहेगी। सुरक्षा के लिहाज से बिलासपुर गेट, थाना गंज, रजा इंटर कालेज और मोदी जीरॉक्स की सप्लाई का शटडाउन लिया जाएगा।

रमजान में शहरवासियों को बिजली आपूर्ति में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विद्युत निगम के अधिकारियों ने जर्जर लाइनों की मरम्मत कराने का कार्य शुरू कर दिया है। पिछले दिनों जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने जिलाधिकारी से रमजान में बिजली सुचारू करने की मांग की थी। कहा था कि रमजान का माह शुरू होने वाला है। इशा की नमाज के बाद मुस्लिम शहर की अलग-अलग मस्जिदों में नमाज ए तरावीह अदा करते हैं। सहरी के समय कटौती की जाती है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की थी कि रमजान में बिजली कटौती नहीं की जाए। इस आदेश का पालन करने के लिए विद्युत निगम के अधिकारियों ने लाइनों की मरम्मत करानी शुरू कर दी है। सोमवार की दोपहर दो से शाम छह बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

> 132 पनवड़िया से पहाड़ी गेट बिजलीघर की ओर जा रही लाइन की मरम्मत कराई जानी है। इसीलिए दोपहर दो से शाम छह बजे तक पहाड़ी गेट बिलासपुर गेट, थाना गंज, रजा इंटर कालेज और मोदी जीरॉक्स की आपूर्ति बाधित रहेगी। **-इमरान खां,** एक्सईएन प्रथम

# सिलईबड़ा में 17 को होगी महापंचायत

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** शनिवार देर रात भीम सेना के चीफ नवाब सतपाल तंवर के सिलईबड़ा गांव में दाखिल होने से अचानक प्रशासन सतर्क हो गया। आंबेडकर पार्क पर पुलिस ने तंवर को रोकने के भरसक प्रयास किए। जद्दोजहद के बाद तंवर सिलईबड़ा गांव पहुंच गए। गांव में दाखिल होने से पहले सतपाल तंवर की गाड़ियों को रोक लिया गया। कई घंटे तक नजरबंद रखा गया।

पुलिस से नोकझोंक के बाद सतपाल तंवर को पीड़ित परिवार के पास जाने की अनुमति मिली। लेकिन भीम सेना ने प्रशासन की चिंता तब और बढ़ा दी जब तंवर पीड़ित परिवार से मिलकर वहीं खाना खाकर ग्रामीणों के घर ही ठहर गए। गांव में माहौल गर्म देख भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। अधिकारी पूरी रात गांव में खाक छानते रहे। तंवर की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई। रविवार को सुबह ग्रामीणों और पीड़ित परिवार की सहमति से 17 मार्च को दलित महापंचायत का ऐलान कर दिया। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने भीम सेना प्रमुख के साथ मिलकर देश भर के बहुजन दलित समाज, सभी संगठन, संस्थाओं और राजनीतिक दलों से 17 मार्च को अधिक से अधिक संख्या में सिलईबड़ा गांव पहुंचने की अपील की है।



सुमेश के घर महापंचायत का ऐलान करते सतपाल तंवर। ● अमृत विचार

**माहौल गर्म देख भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया**

# आजादी की लड़ाई में स्वतंत्रता सेनानी जामई ने बढ़ चढ़कर लिया था हिस्सा

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराने में देश के कोने-कोने से वीर सपूतों ने जंग ए आजादी में हिस्सा लिया। बड़ी कुर्बानियों और जद्दोजहद के बाद देश आजाद हुआ।



स्वतंत्रता सेनानी वफाउर्रहमाम जामई।

आजादी की लड़ाई में स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी वफाउर्रहमाम जामई ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया था।

वफाउर्रहमाम जामई का जन्म 10 मार्च 1915 को कस्बे के शिक्षित घराने में हुआ था। इनके पिता हकीम मौलाना अब्दुल रहमान नगर के पहले आलिम-फाजिल थे। बचपन में पिता का साया सिर से उठ गया। इसके बाद वफा की परवरिश उनके बड़े भाई हकीम प्रोफेसर मौलाना अताऊर्रहमान कासमी ने की। इनकी शुरूआती शिक्षा मदरसा जामिया अरबिया रहमानिया टांडा में हुई। जब इनकी उम्र करीब 10 या 12 वर्ष थी, तब दोनों बड़े भाई हकीम अतार्रहमान और हकीम फिदार्रहमान इन्हें दारुल उलूम देवबंद ले गए। वहां वफा ने तीन साल तक शिक्षा प्राप्त की। रामपुर से कामिल की परीक्षा पास की। 1935 में वफाउर्रहमाम जामई का दाखिला बड़े भाई ने मदरसा आलिया फतेहपुरी देहली में कराया। अदीब और फाजिल की परीक्षा यूनिवर्सिटी से पास की। वफाउर्रहमाम जामई ने 1937 से 1947 तक डॉक्टर जाकिर हुसैन की सरपरस्ती और निगरानी में जामिया मिल्लिया में काम किया। इसी दौरान वह मौलाना अबुल कलाम आजाद और डा. जाकिर हुसैन के संपर्क में आए। स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। अंग्रेजी पुलिस की गोली लगने से वह घायल भी हुए।

**1948 से 1953 तक रामपुर स्टेट में रहे एमएलए**

आजादी के बाद वह 1948 से 1953 तक रामपुर स्टेट में एमएलए रहे। 1953 से 1973 तक लगातार 25 साल टांडा के पालिकाध्यक्ष रहे। पांच जून 1990 को उनका देहांत हो गया। उनके तीन बेटे थे। दो बड़े बेटों का इंतकाल हो गया। छोटे बेटे सईदुज्जफर रहमानी जीवित हैं। वह एक प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक हैं।

### हक लेने को आगे आए महिलाएं : शमसी

**रामपुर, अमृत विचार :** ग्लोबल सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से जीएम प्लाजा बिल्डिंग राधा रोड पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि महिला थानाध्यक्ष रजनी त्रिवेदी ने कहा कि महिला सशक्तीकरण को बेहद आसान शब्दों में परिभाषित किया जा सकता है। इससे महिलाएं शक्तिशाली बनती हैं। जिससे वह अपने जीवन से जुड़े सभी फैसले स्वयं ले सकती हैं। समाज में उनके वास्तविक अधिकार को प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना महिला सशक्तीकरण है।

सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद जुबैर शमसी ने कहा कि तरक्की का जमाना है। अध्यक्षता जुबैर शमसी व संचालन आयशा अनवार ने किया। इस अवसर पर इशरत सुल्ताना, सलाहकार फहमीना कुरैशी, डा. परवीन इसरार, शाहिदा जुबैर, इसरार अहमद, प्रोफेसर इफ्तेखार अहमद कादरी आदि शामिल रहे।

**दिक्कत** — सुबह 10 से शाम छह बजे तक बिजली नहीं आने से उपभोक्ता हुए परेशान

# केबिल-खंभा बदलने के कारण आठ घंटे ठप रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को आठ घंटे बिजली नहीं आने से पहाड़ी गेट क्षेत्र के उपभोक्ताओं को परेशानी हुई। सुबह 10 से शाम छह बजे तक पुरानी केबिल और खंभा बदलने का कार्य किया गया। कार्य पूरा होने पर आपूर्ति को सुचारू कराया गया। आठ घंटे तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं का हाल-बेहाल हो गया। विद्युत निगम के अधिकारियों ने बताया कि कार्य करने से पहले शट डाउन कराया गया। ताकि कोई बड़ी घटना न हो।

पहाड़ी गेट बिजलीघर 20 एमवीए का है। यहां 10-10 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर और आठ फीडर हैं। इसमें नादरबाग, आलू फार्म, पहाड़ी गांव, जौहर अस्पताल, बिलासपुर गेट, घेर बाज खां, तालाब मुल्ला एरम, चाह खजान खां फीडर हैं। इन फीडरों से 14000 उपभोक्ताओं को बिजली मिल रही है। रविवार को पहाड़ी गेट बिजलीघर से चंद कदमों की दूरी पर लगे पुराने खंभों और केबिल को बदलवाने का कार्य सुबह 10 से शाम छह बजे तक किया गया।

सात घंटे तक बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। आठ घंटे बिजली नहीं आने पर पानी की टंकियां खाली हो गईं। लोगों ने आस पड़ोस से पानी लेकर जरूरी कार्यों को पूरा किया। शाम होते ही घरों में अंधेरा छा गया। मोबाइल और इन्वर्टर भी ठप हो गए। बिजली नहीं आने से 14000 की आबादी में हाहाकार मच गया। यहीं हाल सिविल लाइंस क्षेत्र का रहा। यहां भी कार्य कराए जाने के लिए बिजली गुल रही।

अवर अभियंता संजीव चौरसिया ने बताया कि पुराने केबिल, खंभों को बदलने का कार्य कराया गया। सुरक्षा की दृष्टि से पहाड़ी गेट बिजलीघर से शटडाउन कराया गया।



पहाड़ी गेट स्थित जर्जर तार को सही करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### टिकट बुकिंग कराने को भटकते रहे यात्री

सिविल लाइंस क्षेत्र में पुरानी केबिल को बदलने की वजह से बिजली ठप रही। इसके चलते यात्रियों को रेलवे का टिकट बुक कराने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। शाम छह बजे के बाद टिकट बुक कराए जाने के लिए दुकानों पर यात्रियों की भीड़ लगी रही।

एक नजर

### रमजान में निर्बाध रूप से दी जाए बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के जिलाध्यक्ष असलम खां ने डाक के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। इसमें उनका कहना है कि 12 मार्च यानी मंगलवार से रमजान शुरू हो रहे है। इसे ध्यान में रखते शहर को 24 घंटे बिजली दिलाए जाए। कहा कि बिजली की जर्जर तारों को बदलवाया जाए। नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रख जाए। मस्जिदों के बाहर और गेट पर चूना डलवाया जाए। 15 रोजे के बाद बाजारों में काफी भीड़ बढ़ जाती है। इसलिए सुरक्षा के लिहाज से बाजारों में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगवाई जाए।

### पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन आरोपी पकड़े

**केमरी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव स्वार खुर्द में रेलवे फाटक के पास से पुलिस ने तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 2660 रुपये मिले। शनिवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि रामपुर-काठगोदाम रेलवे लाइन के निकट गांव स्वार खुर्द में बने रेलवे क्वार्टरों के पीछे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तीन लोगों को पकड़ लिया। आरोपियों ने अपने नाम रूप किशोर, राजू और वसीम बताए। पुलिस ने तीनों का चालान कर दिया है।

# इबादत, रहमत व बरकत का महीना है मुकद्दस रमजान, बुराइयों से बचें

## रोजेदारों के गुनाह माफ करता है अल्लाह, दुआएं होती हैं कुबूल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुकद्दस रमजान इबादत, रहमत और बरकत का महीना है। माहे रमजान में रोजेदारों के गुनाह माफ होते हैं और अल्लाह अपने बंदों की दुआएं कुबूल करता है। माहे रमजान में गरीबों को ज्यादा से ज्यादा जकात दें। इससे अल्लाह रोजी-रोजगार में बरकत देता है।

रमजानुल मुबारक इस्लामी कैलेंडर में नौवां महीना है। इस्लामिक कैलेंडर में चांद के अनुसार महीने के दिन गिने जाते हैं, जो 30 या 29 दिन के होते हैं। पहला रोजा 12 मार्च को होगा। रमजान का मुकद्दस महीना इबादत, दुआओं और हर तरह की बुराइयों से बचने का महीना है। शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली बताते हैं कि रमजान उल मुबारक में अल्लाह रोजेदारों के गुनाह माफ करता है और उनकी दुआएं कुबूल होती हैं। इस्लाम में रमजान का महीना सबसे पाक महीना है। इस महीने में अल्लाह अपने गुनाहगार बंदों के गुनाह माफ कर देता है। अल्लाह रहमतों और बरकतों की बारिश करता है। रमजान का रोजा रूह को पाक कर देता है।



जामा मस्जिद में तारों को दुरुस्त करता इलेक्ट्रीशियन। ● अमृत विचार

> मुकद्दस रमजान हमें सच्चाई और अच्छाई के रास्ते पर चलने का दर्स देता है। माहे रमजान में गरीबों, जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अल्लाह की इबादत में गुजारना चाहिए। माहे रमजान आपस में मोहब्बत का संदेश देता है। माहे रमजान गरीबों के प्रति हमदर्दी बरतने का महीना है। **–मौलाना अली मोहम्मद नकवी,** पेश इमाम शिया जामा मस्जिद

### रोजा हर मुस्लिम बालिग मर्दो-औरत पर वाजिब

काजी-ए-शहर सैयद खुशनूद मियां बताते हैं कि इस्लाम के मूल पांच सतून (स्तंभों) में शहादत (विश्वास की गवाही), सलात (पांचों वक्त की नमाज), सवाम (रोजा), जकात (गरीबों को अनिवार्य दान) और हज वाजिब हैं। रोजा हर बालिग मुस्लिम मर्द और औरत पर फर्ज (अनिवार्य) है। बीमार, यात्री, गर्भवती, बच्चे को दूध पिलाने वाली मां और बहुत अधिक वृद्ध को ही इससे छूट है। पांच वक्त की नमाज के साथ रमजान में रोजेदार तरावीह की विशेष नमाज भी पढ़ते हैं। इसमें पूरे रमजान पवित्र ग्रंथ कुरआन मजीद पढ़कर मुकम्मल किया जाता है। रमजान में हर साहिबे हैसियत पर जकात फर्ज है।

### हवन पूजन के साथ हुआ कथा का समापन

**रामपुर, अमृत विचार :** श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ समिति महादेव मंदिर आवास कॉलोनी में चल रही भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया।

इस मौके पर सुबह आठ बजे हवन-पूजन हुआ। 10 बजे यज्ञ समाप्त होने पर भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर मुख्य यजमान के रूप में राजेश कुमार एवं राधेश्याम यादव, पीयूष कुमार, विनोद कुमार गुप्ता, नरेश चंद्र शर्मा, हरीश अग्रवाल, अजीत यादव, जिला प्रचारक वीरेंद्र शर्मा, राकेश मिश्रा, उमेश शर्मा आदि भक्त उपस्थित रहे।

**चाकू के साथ गिरफ्तार**

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलकखानम पुलिस ने विनोद कुमार कश्यप निवासी ग्राम शादीनगर हजीरा को चाकू के साथ टीन वाला डेरा तिराहे से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



सड़क पर गिरे कचरे को हटाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

## ट्रक से गिरा कचरा, फिसलकर गिरने से कई लोग हुए घायल

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में ट्रक चालक सड़क पर तरल कचरा गिराकर भाग गया। इसके चलते एक दर्जन बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर गिरा कचरा हटवाया।

मामला स्वार रोड स्थित खेमपुर चौराहे का है। रविवार दोपहर बाद यहां से गुजर रहे ट्रक से तरल पदार्थ सड़क पर गिर गया। उसके बाद चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। सड़क से गुजर रहे बाइक सवार तरल पदार्थ से फिसल कर गिरने लगे। कुछ देर में ही करीब एक दर्जन से अधिक बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने लकड़ी लगाकर सड़क को बंद कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही अजीमनगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सड़क पर पड़े तरल पदार्थ के ढेर को हटवाया। इस दौरान मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। सड़क पर कचरा हटवाने के बाद पुलिस ने वाहनों को निकलवाकर राहत की सांस ली।



संगठन में शामिल होने वालों को मनोनयन पत्र देते जिलाध्यक्ष शारिक इकबाल।

## चुनाव से पहले एमएसपी लागू करे सरकार : शारिक

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** रविवार को भारतीय किसान यूनियन तोमर के जनपद कार्यालय पर पंचायत हुई। इसमें जिलाध्यक्ष शारिक इकबाल ने कहा कि सरकार ने एमएसपी लागू करने का वादा किया था। सरकार को उस वादे को चुनाव से पूर्व ही लागू करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को किसानों का संपूर्ण कर्ज माफी का ऐलान करना चाहिए। बिजली अधिनियम 2013 को पुनः लागू करना चाहिए। इसके बाद संगठन का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष शारिक इकबाल ने मेहंदी हसन, आसिफ, अब्दुल रऊफ, फहीम, मोहम्मद रऊफ, शहादत हुसैन को सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर जिला सचिव अरशद अली आजाद, नईम अहमद, तेजपाल सिंह, आमिर खां, मोहम्मद रिजवान, अशरफ अली आदि मौजूद रहे।

### पड़ोसियों पर लगाया खेत पर कब्जे का आरोप

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के गांव किशनपुर मौलागढ़ निवासी मोहम्मद नबी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेज कर हदबंदी पड़ोसी किसानों पर हदबंदी तोड़कर खेत पर कब्जा करने का आरोप लगाया है।

मोहम्मद नबी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी भूमि दढ़ियाल एहतमाली क्षेत्र में है। उसने अपने खेत की हदबंदी कराई थी। आरोप है कि पड़ोसी किसानों ने हदबंदी तोड़कर मेड़ को समतल कर लिया और उसकी जमीन को अपने खेत में मिला लिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत टांडा पुलिस से की। लेकिन, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद आरोपियों ने दोबारा जमीन पर कब्जा कर लिया है। ग्रामीण ने एसपी से कब्जा करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## सांसद ने किया छह सड़कों का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लोकसभा के विकासखंड बिलासपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत धावनी हसनपुर मुण्डियान, कला रोड से ब्लॉक बाउंड्री, वाया दनकरी का उद्घाटन सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विकास खंड के लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

सांसद ने बताया कि इन परियोजनाओं के उद्घाटन से रामपुर की जनता को सड़क, पेयजल, और शिक्षा क्षेत्र के विकास को और रफ्तार मिलेगी। यह सभी विकास योजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के नेतृत्व एवं दूरदृष्टि का परिणाम हैं। उन्होंने विकासखंड की जनता से मिलकर लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार चुनने की अपील की।



गुलदस्ता देकर सांसद घनश्याम सिंह लोधी का स्वागत करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**इन मार्गो का किया उद्घाटन**

1- रम्पुरा बुजुर्ग बेगमाबाद रोड, सराय कदीम वाया दलकी सरधरपुर 2- सैदनगर बजरपट्टी से झुरक झुण्डी 3- रामपुर शाहबाद रोड से कूप 4- शाहबाद बिलारी रोड चमरोल वाया दिव्या नगला 5- स्वार किला खेड़ा रोड से एसएम के रोड (हाजीनगर) वाया मिलक ताज खां 6- मिलक खानम गदरपुर से स्वार बिलासपुर रोड

## न्यायिक जांच कर आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ दर्ज हो रिपोर्ट : मुस्तफा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने राष्ट्रपति से मांग की है कि दिल्ली के इन्द्रलोक स्थित मक्की मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ रहे नमाजियों पर सजदे के दौरान दिल्ली पुलिस के उपनिरीक्षक एवं उनके साथियों ने मारपीट की। इस घटना की न्यायिक जांच आयोग गठित कर दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कराने की मांग की है।

जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने राष्ट्रपति को पत्र भेजा। इसमें कहा है कि आठ मार्च को मक्की मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ रहे नमाजियों पर सजदे के दौरान दिल्ली पुलिस के उपनिरीक्षक एवं उनके साथियों ने धक्का दिया और लात मारी थी। इससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। देश के संविधान में सब धर्मों के लोगों को अपने-अपने धर्म में आस्था रखने की स्वतंत्रता है।

नमाज के दौरान दरोगा सुनियोजित साजिश के तहत नामाजियों के साथ मारपीट कर सांप्रदायिक दंगा कराना चाहता था। ऐसे लोग देश की एकता व अखंडता के लिए खतरा हैं। उन्होंने आरोपी उपनिरीक्षक व पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## पीएम आवास सूची की जांच में देरी पर भड़के किसान

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवासों की सूची की जांच में देरी होने पर किसानों के तेवर तल्ख हैं। रविवार को भाकियू अराजनैतिक से जुड़े किसान भड़क गए। उन्होंने पात्र आवेदकों को जल्द आवास आवंटित कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद किसान तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए।

किसान एकत्र होकर तहसील पहुंचे और अपात्रों को दिए गए आवासों की जांच में देरी होने पर प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार रस्तोगी के अनुसार प्रधानमंत्री आवासों की सूची जांच के फेर में फंसी है। कई साल से जांच ही चल रही है।

लेखपाल जांच करने के बाद भी प्रशासन को आख्या उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। इसके चलते पात्रों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इसके अलावा मंगोली में तालाब का सौंदर्यीकरण जरूरी है। वहां गंदगी का अंबार रहता है। ढकुरिया में गंभीर बीमारी से 50 पशुओं की जान चली गई। उनके लिए चिकित्सा व्यवस्था की जरूरत है।

इन तमाम मामलों को लेकर किसानों ने बैठक की और प्रशासन से निस्तारण की मांग उठाई। इस मौके पर भारत सिंह, मेघराज, हुकुम सिंह, भीमसेन एवं खेमकरन आदि किसान मौजूद रहे।



रविवार को तहसील में धरने पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

▸▸ **पात्र आवेदकों को जल्द आवास देने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन**

### सात टेंपो का काटा चालान

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने अभियान चलाकर सात टेंपो का चालान काटा। जिससे चालकों में हड़कंप मच गया। आए दिन हो रहे हादसों पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने क्षमता से ज्यादा सवारियां बैठाकर चलने वाले टेंपो चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी के चलते रविवार को मिलक-बिलासपुर मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले सात टेंपो को सीज कर दिया।

**इमरजेंसी वार्ड में 20 रोगियों को मिला उपचार**

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार का अवकाश होने के चलते जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में 20 रोगियों को उपचार दिलाया गया। इमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सकों ने रोगियों को देखा। इसमें खांसी, जुकाम और सांस रोगियों थे। इसमें पांच रोगियों की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।



भाजपा के प्रचार रथ के साथ किसान मोर्चा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## कई गांवों में घुमाया प्रचार रथ

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र के कई गांवों में पार्टी का प्रचार रथ लेकर भ्रमण किया। मतदाताओं से उनकी राय जानी।

रविवार को किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष चौधरी सतपाल सिंह के नेतृत्व में पार्टी का रथ क्षेत्र के गांव सीतारामपुर, मंसूरपुर, चाउपुरा, खुशहालपुर, किशनपुर मौलागढ़ पहुंचा। किसानों व ग्रामीणों से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न योजनाओं को लेकर सुझाव मांगे गए। ग्रामीणों ने महंगाई को लेकर चर्चा की। मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को बताया कि क्षेत्र में भ्रमण का मकसद सिर्फ किसानों और ग्रामीणों की राय जानना है। ताकि पता चल सके कि मतदाता सरकार की नीतियों से असंतुष्ट तो नहीं है। इस मौके पर मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अशोक सैनी, वीरेंद्र मौर्य, ओमप्रकाश मौर्य, पप्पू मौर्य, रवि मौर्य, हरीराज मौर्य, मोहम्मद याकूब आदि शामिल रहे।

## गधेरे में मिला कंकाल, शव को आधा खा गए जानवर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ **एक हाथ और कमर के नीचे मिली सिर्फ हड्डियां**

▸▸ **कई दिन पुरानी है लाश, नहीं हो सकी शिनाख्त**

**अमृत विचार :** काठगोदाम थाना क्षेत्र के जंगल से गुजरे एक गधेरे में युवक का शव मिला है। शव को जानवर नोच कर खा गए थे। कमर से नीचे का हिस्सा कंकाल हो चुका था और एक हाथ गायब था। जिसकी हड्डियां पास ही पड़ी थी। पुलिस शव की शिनाख्त नहीं कर सकी। यह भी साफ नहीं है कि मौत की किन परिस्थितियों में हुई है।

पुलिस के मुताबिक नैनीताल रोड स्थित गुलाबघाटी से करीब ढाई किलो मीटर ऊपर जंगल से गुजरे गधेरे में कुछ लोगों ने एक युवक का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन शव की हालत इतनी बिगड़ चुकी थी कि उसकी शिनाख्त नहीं हुई। तलाशी में भी पहचान लायक कुछ नहीं मिला। गधेरे में शव औंधे मुंह पड़ा था। कमर से ऊपर का हिस्सा लगभग सड़ चुका था।

दाहिना हाथ धड़ से अलग सिर्फ हड्डियों में मिला। जबकि कमर के नीचे का हिस्सा भी धड़ से अलग था। माना जा रहा है कि जंगली जानवरों ने शव को नोंच कर खाया और जानवरों की खींचतान में शव के टुकड़े हो गए।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र 22 वर्ष के करीब है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आयोजन | गुजरात के अहमदाबाद में रविवार को हुआ फूड फॉर थॉट फेस्टिवल का समापन

## फेस्टिवल में नवेद मियां ने किया शाही घराने का प्रतिनिधित्व

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गुजरात के अहमदाबाद में फूड फॉर थॉट फेस्टिवल रविवार को सम्पन्न हो गया। इसमें रामपुर रियासत का प्रतिनिधित्व पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने किया।

पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि दक्षिण एशियाई व्यंजनों के इस उत्सव का आयोजन अहमदाबाद नगर निगम ने साउथ एशियन एसोसिएशन फॉर गैस्ट्रोनॉमी (एसएएजी) के सहयोग से किया। यह उत्सव स्वाद, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और व्यावहारिक बातचीत के लिए एक बड़ा मंच साबित हुआ।

फेस्टिवल का उद्घाटन सहकारिता राज्यमंत्री जगदीश विश्वकर्मा, अहमदाबाद पश्चिम के सांसद डॉ. किरीट सोलंकी, राज्यसभा सांसद नरहरि अमीन और अहमदाबाद की मेयर प्रतिभा जैन ने किया।

एसएएजी के संस्थापक मनीष बाहेती ने अहमदाबाद में भारत के प्रमुख लग्जरी गैस्ट्रोनॉमी कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। पैनल चर्चा में पद्मश्री डॉ. पुष्पेश पंत, नेपाल से रोहिणी राणा, श्रीलंका से शेफ राजिथ अबेसेकरा और बांग्लादेश से नाहिद उस्मान जैसी हस्तियां शामिल थीं। इसके बाद एक मनमोहक सत्र हुआ। जिसका शीर्षक था रॉयल पाक कला विरासत का संरक्षण। इसमें किचन ऑफ द किंग्स की संस्थापक अंशु खन्ना ने शाही परिवारों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। पैनल चर्चा में रामपुर के अंतिम शासक नवाब रजा अली खां के पौत्र नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने भी भाग लिया। भारत में जन्मी ब्रिटिश रेस्तरां मालकिन अस्मा खान, आईटीसी होटल्स की शेफ मनीषा भसीन और सेलिब्रिटी शेफ सुवीर सरन ने अपनी विशेषज्ञता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पहले रोहिणी राणा की कुक बुक का विमोचन भी हुआ।



अहमदाबाद में आयोजित फेस्टिवल में भाग लेते पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां एवं अन्य। ● अमृत विचार



## एक नजर

### अभियान चलाकर संगठन से जोड़े जाएंगे लोग : गौरव

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष



गौरव अग्रवाल ने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश में वैश्य समाज की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। पूरे प्रदेश में कार्य कर रहे पदाधिकारियों को पदोन्नत कर नवीन पदों पर मनोनीत किया जाएगा। कई मंडलों में मंडल अध्यक्षों एवं जिलाध्यक्षों की घोषणा की जानी है। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। शीघ्र ही प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाकर लगभग 20 हजार परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा जाएगा।

### साधु के हमलावरों को पुलिस ने भेजा जेल

**मिलक, अमृत विचार :** शुक्रवार को क्षेत्र के भैंसोड़ी गांव निवासी साधु पर दूसरे समुदाय के लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया था। इसमें साधु गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस साधु को सरकारी अस्पताल लेकर आई थी। हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था। साधु के भाई की पत्नी ने गांव के चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले की तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कैसर, गुड्डू, अमन व कासिम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। रविवार को पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई पुलिस ने तमंचे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया है। पटवाई पुलिस ने जमीर निवासी ग्राम पटरिया को भवंरका की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास तमंचा मिला। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने मोनिस उर्फ आजम निवासी ग्राम रुस्तमनगर सहसपुर थाना बिलारी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया गया।

# रुहेला टाइगर क्लब ने ट्राफी पर जमाया कब्जा

## पूरनपुर की टीम को 4-2 से दी मात, पूर्व कप्तान जफर इकबाल और शहर विधायक ने दिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



ट्राफी के साथ मौजूद विजेता टीम। ● अमृत विचार



मैच खेलने से पहले अतिथियों के साथ दोनों टीमों के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रूहेला टाइगर हॉकी क्लब के मैदान पर फाइनल मैच में रुहेला टाइगर क्लब और पूरनपुर के बीच हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। इसमें पूरनपुर (पीलीभीत) की टीम को रुहेला टाइगर क्लब को 4-2 से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। इससे पहले मैच के मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना और विशिष्ट अतिथि भारतीय हॉकी टीम के कप्तान रहे जफर इकबाल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर आशीर्वाद दिया।

रूहेला टाइगर हॉकी क्लब के मैदान पर रविवार की शाम मुस्तफा अली खां मेमोरियल प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल मैच में रुहेला टाइगर क्लब ने पूरनपुर (पीलीभीत) की टीम को 4-2 गोल से हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया।

रविवार शाम चार बजे हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच रूहेला टाइगर क्लब और पूरनपुर की टीमों के बीच खेला गया। मैच प्रारंभ होते ही दोनो टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक दूसरे पर हमले किए। मैच के चौथे मिनट में रुहेला टाइगर क्लब के खिलाड़ी तिब्यान ने गोल दागकर टीम का खाता खोल दिया। इसके बाद फामिर ने एक और गोल करके टीम को दो गोल से आगे कर दिया। दूसरे हाफ के प्रारंभ में फामिर व तिब्यांन ने गोलकर चार गोल की बढ़त दिलाई। मैच के अंत में पूरनपुर के खिलाड़ियों ने लगातार गोल कर लीड को कम किया। इस तरह रूहेला टाइगर क्लब ने पूरनपुर को 4-2 से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया।

मैच प्रारंभ होने से पूर्व भारतीय हॉकी टीम के कप्तान रहे जफर इकबाल ने दोनो टीमों के खिलाड़ियों से परिचय कर आशीर्वाद दिया। अंत में फाइनल मैच के मुख्य अतिथि शहर विधायक ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर आशीर्वाद दिया और विजेता-उप विजेता टीमों को ट्राफियां सौंपीं। रूहेला टाइगर क्लब के सचिव इकबाल खां ने शहर विधायक के समक्ष मैदान से संबंधित कुछ समस्याएं रखीं।

जिस पर विधायक ने शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। मैच की अंपायरिंग फहीम कुरैशी, इमरान खां ने की। टेक्निकल टेबल का काम इशरत अली नकवी, जोजफ खां ने देखा। कमेंट्री नासिर खां ने की।

इस मौके पर मामून शाह खां, डॉ. महमूद खां, महफूज उर रहमान खां, मुन्ने खां, हॉकी सचिव मुख्तार खां, जुनैद खां, तनवीर खां, वकार खां, जुबैर, असलम मियां, आसिम खां, शाहबाज खां, वसीम खां, यासीन, दानिश खां, असलम खां, खोरिया क्लब के जिया इनायती शमीम खां, यूसुफ पीर, मुन्ना लाला समेत तमाम हॉकी प्रेमी मौजूद रहे।



स्वार में जर्जर हालत में कांशीराम कालोनी। ● अमृत विचार

# 12 वर्ष में ही जर्जर हो गए कांशीराम आवास : परवेज

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** बसपा सरकार में बनी कांशीराम कालोनी के आवास 12 वर्ष में ही जर्जर हो गए। प्लास्टर टूटने के साथ ही नालियों का गंदा पानी नीचे के तल में बहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कालोनी के बाशिंदे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

नगर के मोहल्ला अगलगा स्थित बिजलीघर के निकट लगभग 12 वर्ष पूर्व कांशीराम शहरी आवास योजना के अंतर्गत कालोनी का निर्माण कराया गया था। कालोनी में हर तरफ दुश्वारियां साफ दिखाई पड़ रही हैं। छतों का प्लास्टर टूटकर गिरने लगा है। आज तक मरम्मत तो दूर दोबारा भवन की रंगाई-पुताई भी नहीं हुई। आवास धारक नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर हैं।

आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के नगर अध्यक्ष परवेज अख्तर ने जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को पत्र भेजकर इन भवनों की मरम्मत कराने व अन्य समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र केसरवानी ने बताया कि पालिका कांशीराम शहरी योजना में रहने वालों को सफाई और पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा रही है। भवन के रख-रखाव का जिम्मा उनके विभाग का नहीं है।



स्वार कोतवाली में शांति समिति की बैठक में बोलते सीओ संगम कुमार।

# मिलजुलकर मनाएं त्योहार, नई परंपरा डालने की न करें कोशिश

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** कोतवाली में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें सीओ ने रमजान व होली पर सफाई, पानी, बिजली व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने और त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने की अपील की।

बैठक में सीओ संगम कुमार ने कहा कि त्योहार नजदीक आ गये हैं। कोई भी नई परंपरा नहीं डालने दी जाएगी। अगर कोई भी व्यक्ति समाज विरोधी गतिविधियों में शामिल होता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि त्योहार शांतिपूर्ण और परंपरागत तरीके से मनाने से खुशियां मिलती हैं। त्योहार पर अफवाह न फैलाने तथा कोई नई परंपरा न डालने की नसीहत दी। त्योहार को मिल जुलकर मनाने की अपील की। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा, एसएसआई अजय पाल, दरोगा नायब खां, हबीब कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## आंबेडकर पार्क में तीसरे दिन भी जारी रहा धरना

**रामपुर, अमृत विचार :** तहसील मिलक के गांव सिलईबड़ा प्रकरण को लेकर आंबेडकर पार्क में दलित समाज के लोगों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि मृतक सुमेश के परिवार को एक करोड़ और घायलों को पचास लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए।

संत शिरोमणि गुरु रविदास उत्थान सेवा समिति के प्रदेश महामंत्री प्रमोद कुमार सागर ने कहा कि सुमेश के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रशासन की ओर से दी जाए। कहा कि बाबा साहब के साथ सुमेश की मूर्ति भी लगवाई जाए। धरना देने वालों में हरिओम, रवि, राजेश कुमार, राहुल सिंह, दिनेश बाबू, राजेश राम, वीरेंद्र सिंह, रामफूल, मलखान सिंह, रामौतार, मुकेश कुमार, सुशील कुमार, संजीव, अंशुल, बाबू राम, सुरेश कुमार आदि शामिल रहे।

# 15 को मनाएंगे कांशीराम की जयंती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



बाबा दीप सिंह नगर में हुई बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर। ● अमृत विचार

- बाबा दीप सिंह नगर में हुई बहुजन समाज पार्टी की बैठक
- कांशीराम ने 14 अप्रैल 1984 को की थी पार्टी की स्थापना

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर ने कहा कि 15 मार्च को कांशीराम की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कांशीराम गरीबों, पिछड़ों और समाज के मसीहा थे। उनका जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब में हुआ था। उन्होंने 14 अप्रैल 1984 को पार्टी की स्थापना की। उन्होंने पूरे जीवन दलित व शोषित समाज के लिए संघर्ष किया।

बाबा दीप सिंह नगर में बहुजन समाज पार्टी की बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ने कांशीराम की जयंती को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। कहा कि भमरौआ रोड स्थित जिला कार्यालय पर जयंती मनाई जाएगी। कांशीराम ने पूरा जीवन दलित व शोषित समाज के लिए संघर्ष किया। उनके संघर्ष के द्वारा ही बहुजन समाज पार्टी की चार बार प्रदेश में सरकार बनी। उनका निधन नौ अक्टूबर 2006 को हुआ। इस अवसर पर हबीबुर रहमान, राजेश प्रकाश सैनी, रमेश श्रीवास्तव, महेंद्र सागर, सरजू भास्कर, अखिलेश गुप्ता, सलीम अंसारी, उस्मान अली, सोनू सागर, सुशील सागर, दिनेश जाटव, बख्तावर अली, हरनंदन सागर, शांति शरण सागर, राजकुमार सक्सेना आदि शामिल रहे।

## जन आरोग्य मेले में रोगियों को मिला उपचार

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 2442 रोगियों को उपचार को मिला। जनपद के 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, छह अर्बन सेंटरों पर जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें उल्टी, दस्त, खांसी बुखार के रोगियों को उपचार दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि प्रत्येक रविवार को जनपद में स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेला लगाया जाता है। इसमें 1015 पुरूष, 914 महिलाएं और 513 बच्चों को उपचार दिलाया गया। इनमें ज्यादातर खांसी, जुकाम के रोगियों शामिल थे। इन्हें दवा और परामर्श दिया गया। कहा कि केंद्र, प्रदेश सरकार गरीब लोगों का मुफ्त में इलाज करा रही है। इस अवसर पर एसीएमओ डा. संतोष कुमार, डा. सतीश, स्टेनो मोहम्मद आदिल, अनादिल आदि मौजूद रहे।

# 49 बच्चियों ने नाजरा ए कुरआन किया मुकम्मल

संवाददाता, टांडा



जलसे को खिताब करते मौलाना। ● अमृत विचार

- मदरसा जामिया तुल मोमिनात में हुआ जलसा

**अमृत विचार :** रविवार को मदरसा जामिया-तुल- मोमिनात अल इस्लामिया में खत्म बुखारी शरीफ व तकमील ए हिफ्ज के मौके पर जलसा हुआ। इसमें सात बच्चियों ने आलिमा का कोर्स मुकम्मल किया। चार बच्चियों ने हाफिज ए कुरआन किया। 49 बच्चियों ने नाजरा ए कुरआन मुकम्मल किया।

इस मौके मेहमान ए खुसूसी हजरत मौलाना खुर्शीद अनवर मदरसा शाही मुरादाबाद ने बुखारी शरीफ की आखरी हदीस का दर्स देकर बुखारी शरीफ को मुकम्मल कराया।

हाजरीन ए जलसा को दीन पर चलने की तरगीब दी। कहा कि दुनिया व आखिरत की कामयाबी का दारोमदार दीन के रास्ते पर चलने से है। इस मौके पर रामपुर से आए मौलाना मुफ्ती फराज आलम के अलावा मौलाना सरफराज, मुफ्ती राशिद, मौलाना सईद, मौलाना जहीर उल इस्लाम, कारी नईम, डॉक्टर आरिफ, हाजी मोहम्मद जमील, हाफिज अख्तर, मास्टर मुजाहिद, मोहम्मद नफीस, अब्दुल रशीद, हाजी शकील, मौलाना अब्दुल सलाम,

शरीफ अहमद, मेराजुल इस्लाम, भूरा, इस्लाम मियां आदि मौजूद रहे। संचालन मौलाना मोहम्मद फहीम ने किया।

## रजा इंटर कालेज में होगा बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मूल्यांकन पर कंट्रोल रूम से रखी जाएगी नजर
- परीक्षक को एक दिन में जांचनी होंगी अधिकतम 40 कॉपियां

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। अब मूल्यांकन की तैयारी की जा रही है। हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से शुरू हो रहा है। कापियों का मूल्यांकन राजकीय रजा इंटर कालेज में होगा।

जिले में 22 फरवरी से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हुई थीं।नौ मार्च को परीक्षाओं का समापन हो गया। अब 16 मार्च से कॉपियों का मूल्यांकन शुरू होगा। राजकीय रजा इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन कड़ी सुरक्षा के बीच किया जाएगा। परीक्षा की तरह मूल्यांकन भी सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा। बोर्ड की ओर से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर अधिकारियों को सक्रिय होकर मूल्यांकन कार्य में पारदर्शिता का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मूल्यांकन केंद्रों पर सुरक्षा बलों की भी तैनाती की जाएगी। परीक्षकों की ड्यूटी परिषद की तरफ से ही तय की जाएगी।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार सोमवार को परीक्षकों की सूची आ जाएगी। मूल्यांकन केंद्र में कॉपियों की संख्या के अनुपात में जांच के लिए परीक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। एक परीक्षक को एक दिन में अधिकतम 40 कॉपियों का मूल्यांकन करना होगा।

# दोपहर बाद एक बार फिर बदला मौसम का मिजाज, उमड़े बादल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**हाल-ए-मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 24 डिग्री सेल्सियस |
| न्यूनतम तापमान | 16 डिग्री सेल्सियस |
| अधिकतम आद्रता | 55 प्रतिशत |
| वायु वेग | पांच किमी प्रति घंटा |

- रविवार को खिली धूप से हुई दिन की शुरुआत
- मौसम वैज्ञानिकों ने 13 को बूंदाबांदी का जताया अनुमान

> पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। 13 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ जगह हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।
> -डा. उदयप्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

**अमृत विचार :** रविवार को दोपहर बाद एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया। काले बादल उमड़ आए। इससे मौसम में ठंडक बढ़ गई और लोगों को सर्दी का अहसास होने लगा। हालांकि सुबह को तेज धूप खिली थी और लोग स्वेटर उतारकर घूम रहे थे। लेकिन, आसमान में बादल छाते ही लोगों ने गर्म कपड़े पहन लिए। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो 13 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बूंदाबांदी होने का अनुमान है।

रविवार की सुबह खिली धूप ने वातावरण में गर्मी का अहसास कराना शुरू कर दिया था। लोग गर्म कपड़े उतारकर घूमने लगे थे। लेकिन करीब दोपहर एक बजे के बाद सूरज बादलों की ओट में चला गया। इसके पश्चचात दिन ढलने तक बादलों ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। मौसम बदलते ही लोगों को ठंडक का अहसास होने लगा। लोगों ने फिर से गर्म कपड़े पहन लिए। घर और दुकानों पर लोग चाय की चुस्कियां लेने लगे। घरों में वृद्ध लोग शॉल ओढ़कर बैठ गए। बच्चों को मां-पिता ने गर्म कपड़े पहना दिए।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मानसून सक्रिय हो रहा है। इसका व्यापक असर पहाड़ी क्षेत्रों में रहेगा। लेकिन 13 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इससे लोगों को एक बार फिर ठंड का सामना करना पड़ेगा।



बैठक में बोलते स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी। ● अमृत विचार

# कार्यकर्ता जनता को बताएं पार्टी की नीतियां : शफीक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें। पदाधिकारी मेहनत से बूथ को जिताने का काम करें।

विकास भवन स्थित अपना दल एस के कार्यालय में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन हुआ। इसके बाद विधायक का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। नवनियुक्त मंडल प्रभारी डा. हरिशंकर ने कहा कि मंडल की सभी लोकसभा सीटों पर एनडीए गठबंधन प्रत्याशियों को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एनडीए गठबंधन सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। इस अवसर पर नेम सिंह वहेलिया, पंडित विजय शर्मा, ताल्हा खान, अनूप वाल्मीकि, कलीम अख्तर अंसारी आदि शामिल रहे।

**सराहनीय**

उज्ज्वला योजना की 35 हजार लाभार्थियों को मिलेगा सीधा फायदा

# मुफ्त सिलेंडर की घोषणा पर लाभार्थियों में खुशी

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रदेश सरकार ने होली का तोहफा देते हुए निःशुल्क गैस सिलेंडर देने की घोषणा की है। सरकार के इस प्रयास से रंगों का यह पर्व पर गरीब महिलाओं और उनके परिवार वालों के लिए खास बन जाएगा। लाभार्थियों ने सरकार की घोषणा पर खुशी जताई है।

उल्लेखनीय है सरकार ने दीवाली पर भी महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर का तोहफा दिया था। प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत साल में दो सिलेंडर मुफ्त में देने का निर्णय लिया था। इसी क्रम में पहला सिलेंडर दीवाली और दूसरा सिलेंडर होली के अवसर पर मिलने जा रहा है। राधिका इंडेन गैस एजेंसी के संचालक प्रबल गुप्ता ने बताया कि नगर की सभी एजेंसियों से इस योजना के अंतर्गत लगभग 35 हजार लाभार्थियों को सीधा फायदा पहुंचेगा।



रसोई गैस के सिलेंडर (प्रतीकात्मक फोटो)



> सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना है। इसमें गरीबों का हित है। इस तरह की योजनाएं पहले कभी नहीं आई। उज्ज्वल योजना से महिलाओं को लकड़ी के चूल्हों से निजात मिली है। -प्रबल गुप्ता, गैस एजेंसी संचालक



> सरकार का मुफ्त सिलेंडर देने का फैसला सराहनीय है। होली के अवसर पर मुफ्त सिलेंडर से सहूलियत मिलेगी। इससे होली की खुशी दोगुनी हो जाएगी। पहली बार ऐसा हो रहा है। - किरन शर्मा



> पहले सरकार ने दीवाली के अवसर पर मुफ्त सिलेंडर दिया था। अब दोबारा मुफ्त सिलेंडर की घोषणा से होली की गुजियों की मिठास बढ़ जाएगी। इस बार होली अच्छी तरह मनाई जाएगी। - पूजा वशिष्ठ



> होली पर भी मुफ्त सिलेंडर मिलेगा, यह सुनकर बहुत खुशी हुई। यह सरकार का बेहतरीन फैसला है। योजना के सभी पात्रों को मुफ्त सिलेंडर मिलेगा। - नरगिस जहां



> उज्वला योजना के तहत मुफ्त सिलेंडर देना सरकार का अच्छा फैसला है। इससे गरीब तबके के लोगों को लाभ मिलेगा। महिलाओं को चूल्हों से भी निजात मिली है। - गुलिस्तां



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम एवं पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# रामपुर पुलिस ने जीता क्रिकेट मैच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहीद-ए आजम स्पोर्टस स्टेडियम में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रामपुर पुलिस और टाईटंस क्लब के बीच खेला गया। इसमें रामपुर पुलिस ने मैच जीत लिया। चार विकेट लेने पर अहमद को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

रविवार को फाइनल मैच रामपुर पुलिस और टाईटंस क्लब के मध्य खेला गया। टाईटंस क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 123 रन बनाए। रामपुर पुलिस ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 13.2 ओवर में 124 रन के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। रामपुर पुलिस की ओर से गौरव यादव ने तीन और अहमद ने चार विकेट लिए। चार विकेट लेने पर अहमद को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। विजेता खिलाड़ियों को भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने पुरस्कार बांटे। इस अवसर पर नतिन मेहरा, राजू खान, मनन, गरिमा आदि उपस्थित रहे। अन्त में प्रतियोगिता के आयोजक जिला क्रीड़ाधिकारी एवं टूर्नामेंट के सचिव गदाधर बारीकी ने मुख्य अतिथि और टीमों का आभार जताया।

## एक नजर

### हिंदू परिषद ने आने वाले कार्यक्रमों की योजना बनाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के भोजपुरी प्रखंड की बैठक रविवार को आयोजित हुई। जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग महामंत्री गौरव सैनी रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। बताया कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद पुष्प होली महोत्सव 17 मार्च को क्लासिक बैंक्वेट हॉल में होगा। उन्होंने बताया कि 18, 19, 20 मार्च से पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा आयोजित होने जा रही है। जिसमें राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस दौरान विशाल, अनुराग, मनोज, योगेश, निखिल, शुभम आदि रहे।

### यूपीसीए में अब 15 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** क्रिकेटरों के लिए यूपीसीए में रजिस्ट्रेशन की तिथि को बढ़ाकर 15 मार्च कर दिया गया है। इससे पहले यह तिथि 10 मार्च थी। डीएसए सचिव एवं पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने बताया कि रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि अब 15 मार्च कर दी गई है। रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन ही होंगे। आवेदक वेबसाइट पर जानकारी कर सकते हैं।

### 16 मार्च से शुरू होगा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं शनिवार को संपन्न हो गईं। अब 16 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो जाएगा जो 29 मार्च तक चलेगा। जनपद में 110 केंद्रों पर यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित हुई। इनमें दसवीं में 42,772 और बारहवीं में 38,825 छात्र-छात्राओं ने परीक्षाएं दीं। सभी विषय की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से हुईं। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि शनिवार को यूपी बोर्ड की परीक्षाएं संपन्न हो गईं। अब 16 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओंके मूल्यांकन की तैयारी चल रही है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का चेन्नई सुपर किंग्स बना विजेता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे क्षेत्र के बीरपुर थान गांव के मैदान पर रविवार को मंसूरी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला गया। मैच चेन्नई सुपर किंग्स ने 91 रनों से जीत लिया। टूर्नामेंट का आयोजन हाजी रिजवान मंसूरी, रिफाकत, कासिम अली, जाहिद हाफिज, भूरा, मुराद अली ने कराया। सपा के जिलाध्यक्ष डीपी यादव और राज्यसभा सांसद जावेद अली खान के पुत्र अरहम अली खान ने विजेता टीम को नकद पुरस्कार और ट्राफी देकर सम्मानित किया।

## आईएमए के अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल व डॉ. विनय गोयल ने साझा की जानकारी, उत्कृष्ट सेवा के लिए कई चिकित्सकों को किया सम्मानित

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने साझा की गंभीर बीमारियों के इलाज की नवीन तकनीक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की वार्षिक सीएमई मंथन का आयोजन रविवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में किया गया। इसमें दिल्ली व अन्य शहरों से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कई जटिल बीमारियों के इलाज की नई जानकारियों को साझा किया। मुख्य अतिथि मेदांता हास्पिटल गुरुग्राम के न्यूरोलाजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विनय गोयल रहे।

अनलॉक द की टू बेटर हेल्थ केयर वार्षिक सीएमई का विषय रहा। इसका आरंभ मुख्य अतिथि डॉ. विनय गोयल व आईएमए के अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर की। इसके बाद आईएमए प्रार्थना और सरस्वती वंदना की गई। मुख्य अतिथि ने पर्किंसन बीमारी के इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



आईएमए के कार्यक्रम के दौरान उपस्थित चिकित्सक व अतिथि। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि यह जटिल बीमारी है। इसके इलाज में चिकित्सक, मरीज व उसके परिवार वालों को भी गंभीरता व धैर्य रखने की जरूरत होती है। उन्होंने मूवमेंट डिसआर्डर के हर पहलू को साझा किया।

दो सभागारों में चले वार्षिक सीएमई में 16 लेक्चर हुए। दिल्ली के चिकित्सक पवन कुमार सिंह ने एबीसी ऑफ सीबीसी के बारे में विस्तार से बताया। डॉक्टर अमिताभ गोयल ने स्पाइन सर्जरी की नई तकनीक के बारे में बताया। कॉसमॉस हास्पिटल के डॉ. अनुराग अग्रवाल ने रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण, दिल्ली के इंस्टीट्यूट आफ हार्ट एंड लंग्स डिजीज के राहुल चंदोला ने हृदय प्रत्यारोपण की प्रक्रिया व जटिलता के बारे में बताया। प्रकाश हास्पिटल नोयडा के डॉ. शरत गुप्ता ने स्पाइन की बीमारी के इलाज पर व्याख्यान दिया। मेट्रो हास्पिटल नोएडा के डॉ.आरके चौधरी ने आने वाले वर्षों में कैंसर के इलाज की नवीन तकनीक को चिकित्सकों से साझा किया। डॉ. उमंग मित्तल ने स्त्रियों में अंडेदानी के कैंसर के इलाज की चर्चा की। नोएडा के डॉक्टर सत्यम अरोड़ा ने ब्लड एंड ब्लड कंपोनेंट के सही इस्तेमाल की जानकारी दी। फोर्टिस शालीमार गार्डर दिल्ली की डॉ. राशि खरे ने हार्ट फेल्योर,



सीएमई में उपस्थित चिकित्सक। ● अमृत विचार

दिल्ली की डॉ. नीरजा गुप्ता ने स्तन में होने वाली गांठों, एम्स ऋषिकेश के डॉ. नवनपीत मैगन ने कास्मेटिक गायनेकोलॉजी की नवीन तकनीक बताई। दिल्ली की चिकित्सक डॉ. मोनिशा गुप्ता ने स्त्री रोगों में रोबोटिक सर्जरी, बरेली के डॉक्टर रवि खन्ना ने गंभीर नवजात बच्चों में समय से इलाज और मेरठ के डॉ. विवेक जैन ने शारीरिक बीमारियों के त्वचा संबंधित लक्षण बताए। सीएमई की अध्यक्षता आईएमए के अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल ने किया। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह वाइस प्रेसीडेंट जोन एक आईएमए उत्तर प्रदेश डॉ. बबीता गुप्ता की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। संचालन डॉ. निमिष गुप्ता, डॉ. पायल पुरी, डॉ. अनीता रस्तोगी, डॉ. सीमा मिड्ढा ने किया। अंत में संयोजक सचिव डॉ. मोनित अग्रवाल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। सीएमई के आयोजक अध्यक्ष डॉ. राजेश रस्तोगी व आयोजक सचिव डॉ. मोनित अग्रवाल और कांफ्रेंस के कोआर्डिनेटर डॉ. सुधीर कुमार मिड्ढा थे। पैटर्न डाक्टर यूसी रस्तोगी, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. एमएल श्रीधर थे। विभिन्न स्टॉल पर दवाओं व इलाज से संबंधित सामग्री के बारे में चिकित्सकों ने जानकारी ली। अंत में राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। आयोजन में डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. राजेश रस्तोगी, डॉ.आशीष पुरी, डॉ. अनुराग खन्ना, डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. अजय जैन, डॉ. नितिन बत्रा, डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. लीना चौहान, डॉ. जितेंद्र शर्मा, डॉ. नवनीत मदान, डॉ. प्रमिला गुप्ता, डॉ. संगीता मदान, डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव, डॉ. नीतू वार्ष्णेय, डॉ. विराग श्रीवास्तव, डॉ. विनीत गर्ग, डॉ. अनुराग खन्ना, डॉ. निधि ठाकुर, डॉ. अनिल सिंह, डॉ. असद आदि मौजूद रहे।

# कल से फिर शुरू होगा पुलिया का निर्माण

## कांठ रोड पर इस माह के अंत तक निर्माण कार्य पूरा कराना लोनिवि के लिए चुनौती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत स्टेट हाईवे कांठ रोड पर पानी की निकासी को लेकर बनाई जा रही पुलिया का निर्माण बीच में रुक जाने से महानगरवासियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात में हरिद्वार और बिजनौर से आने-जाने वाले वाहनों का खुली पड़ी पुलिया में गिरने का खतरा बना है। दो महीने से बंद पड़े पुलिया निर्माण कार्य को लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जल्द शुरू करने की बात कह रहे हैं।

बरसात में अक्सर स्टेट हाईवे के कांठ रोड पर तालाब जैसी स्थिति बन जाने से महानगरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। सड़क पर पानी भरने से बाहर से आने वाले व महानगर के लोगों वाहनों में खराबी आना आम बात हो गई थी। अक्सर स्कूली वाहन व एम्बुलेंस के फंस जाना रोज की कहानी थी। इस मार्ग को नगर निगम ने स्मार्ट सिटी परियोजना में शामिल कर पानी की निकासी के



कांठ रोड पर मधुबनी पार्क के सामने निर्माणाधीन पुलिया। ● अमृत विचार

लिए चार महीने पहले पुलिया का निर्माण शुरू किया था। लेकिन दो महीने से पुलिया का निर्माण कार्य अधर में लटक गया। अचानक लोक निर्माण विभाग की ओर किए जाने वाले कार्य को बंद कर दिया गया। इसमें कुछ दूरी के अंतराल में दो पुलियों को निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें सड़क किनारे एक पुलिया खुली पड़ी है। जिसमें रात में वाहनों के गिरने का खतरा बना हुआ है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता नावेद खान ने बताया कि पुलिया निर्माण कार्य चल रहा था। लेकिन कांवड यात्रा को लेकर कार्य को रोक दिया गया था। ताकि कांवड़ लाने वाले भक्तों को परेशानी न आए। मंगलवार से पुलिया का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। हालांकि पुलिया के चारों तरफ वाहनों की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग लगाई है। मार्च के अंत तक कार्य पूरा कर यातायात के लिए रोड को पूरी तैयार कर दिया जाएगा।

### प्राथमिक स्कूलों में लगेंगे शिक्षकों के फोटो फ्रेम

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** प्रदेश के समस्त परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में हमेशा समारोह और गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है। विद्यालय को सामाजिक चेतना केंद्र के रूप में विकसित करने की संकल्पना भी की गई है। अब सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में हमारे शिक्षक नामक शीर्षक से कार्यरत समस्त शिक्षकों, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों के पृथक-पृथक फोटोफ्रेम लगाए जाएंगे। इसके लिए समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2023-24 में स्वीकृति मिल गई है।

फोटोफ्रेम का साइज एक फीट चौड़ा तथा 1.5 फीट लंबा होगा। इसमें प्रत्येक शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक का उच्च गुणवत्तायुक्त फोटोग्राफ, शैक्षिक योग्यता, प्रशिक्षण योग्यता, विद्यालय में तैनाती की तिथि, मोबाइल नंबर, आवंटित कक्षा, आवंटित विषय तथा विशिष्ट उपलब्धि जैसे राज्य अध्यापक पुरस्कार अथवा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त आदि का विवरण प्रदर्शित किया जाएगा। फोटोफ्रेम के लिए प्रति शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक को 150 की दर से विद्यालयों को धनराशि मिलेगी।

# इस बार नए शैक्षिक सत्र में पहले दिन मिलेंगी किताबें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**तैयारी**

- बच्चों को सभी विषय की किताबें देने की तैयारी, अब तक जिले में आ चुकी हैं 10 लाख किताबें
- शेष पुस्तकें इस माह में आने की संभावना, एक अप्रैल से शुरू होगा नया शैक्षिक सत्र

**अमृत विचार:** नए सत्र में परिषदीय स्कूलों की कक्षाएं व्यवस्थित तरीके से चलेंगी। इस बार परिषदीय स्कूलों के बच्चों को नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही किताबें मिल जाएंगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कक्षा तीन से आठ तक की 14 लाख पुस्तकों के सापेक्ष 10 लाख किताबें आ चुकी हैं।

जनपद में 1401 बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित स्कूल हैं। इनमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय शामिल हैं। इनमें करीब 2.5 लाख बच्चों का पंजीकरण है। बीते सत्रों में बच्चों को नए सत्र के शुरुआत में किताबें उपलब्ध नहीं हो पाती थी। जिस कारण इन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार साल के आखिर तक भी बच्चों को किताबें नहीं मिलती थी। लेकिन, इस बार नए शिक्षा सत्र से पुस्तकों को समय से छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराने के लिए शासन पूरी तरह से गंभीर है। शासन से भेजी गई मांग के अनुसार अब तक जनपद में 10 लाख पुस्तकें आ गई हैं। साथ ही मार्च में सभी पुस्तकें आ जाएंगी। अभी भी 4 लाख किताबें आने बाकी हैं। एक अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होगी। अब तक कक्षा एक और दो के लिए दिशा निर्देश शासन की ओर से नहीं मिला है। विभाग के मानें तो कक्षा एक और दो के लिए एनसीईआरटी से किताबें आएंगी। सत्यापन के बाद विद्यालयवार किताबों की आपूर्ति की जाएगी। माना जा रहा है कि मार्च के अंत तक सभी विद्यालयों में किताबें पहुंचा दी जाएंगी। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि इन पुस्तकों को सत्यापन करने के बाद विद्यालयों तक पहुंचाया जाएगा। एक अप्रैल से नए सत्र की शुरुआत होगी। पहले दिन ही संभ्रांत लोगों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किताबों को वितरित किया जाएगा।



**अनदेखी :** यह फोटो डबल फाटक पर बने ओवरब्रिज की है। जहां इन डिवाइडरों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। लगभग पिछले एक माह में दर्जन भर से ज्यादा हादसे हो चुके हैं। हादसों का कारण यह भी है कि सड़क पर रखे डिवाइडर के टुकड़ों पर पर कोई भी सांकेतिक बोर्ड या रिफ्लेक्टर नहीं लगाए गए हैं। जिससे आए दिन रात में हादसे होते रहते हैं। जिम्मेदार अधिकारी भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं, शायद उन्हें किसी बड़ी घटना का इंतजार है। ● अमृत विचार

### वैदिक आश्रम में बुजुर्गों को कराया योगाभ्यास

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** वानप्रस्थ वैदिक आश्रम बुद्धि विहार में रविवार को बुजुर्गों की सेवा एक्यूप्रेशर व योग द्वारा की गई। डॉ. राकेश चक्र ने बताया कि आश्रम में बुजुर्गों को सरल योगासन, प्राणायाम व यौगिक मुद्राओं को कराया गया।

विभिन्न रोगों जैसे पेट से संबंधित सभी बीमारी, दिल और दिमाग स्वस्थ रखने व शरीर के दर्दों से संबंधित जानकारी दी गई। आहार-विहार के अमूल्य टिप्स दिए गए। हास्य योग व ताली योग कराकर उदास चेहरों को खुशियां देने का भरसक प्रयास किया गया। आश्रम के बुजुर्गों के लिए पुस्तकों एवं पत्रिकाओं का वितरण किया गया। इसके अलावा उन्हें मिठाइयां दी गईं। इस मौके पर आश्रम के व्यवस्थापक सालटा, नूतन आदि मौजूद रहीं।

# मांगों को लेकर दी आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को आंगनबाड़ी महिला अधिकार सम्मेलन आंबेडकर पार्क में आयोजित किया गया। जिसमें कार्यकत्रियों ने सरकार के खिलाफ गुस्से का इजहार गीतों के माध्यम से किया। मुख्य अतिथि एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष सरिता शाक्य ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की परेशानियों को दोहराते हुए सरकार को मांगे न मानने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

सम्मेलन में प्रदेश महासचिव शशीबाला व मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष ने सेवानिवृत्त होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री सरोज देवी, सुनीता अहलूवालिया, मंजू सक्सेना, उषा रूहेला आदि को शॉल भेंट कर




आंबेडकर पार्क में कार्यक्रम को संबोधित करतीं प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता शाक्य। ● अमृत विचार

सम्मानित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता शाक्य ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मान सम्मान व अधिकार के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रदेश सरकार को महिला विरोधी बताया। कहा कि प्रदेश सरकार ने 7 जून 2018 को समझौता किया था कि मानदेय 10000 रुपये किया जाएगा। मगर सरकार ने वादा पूरा करना तो दूर मुद्दा उठाने वाली कर्मचारी के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कर उसे जेल में डाल दिया और नौकरी से बर्खास्त कर दिया। सम्मेलन में पूनम विश्नोई, मिथिलेश चौधरी, माया चौधरी, सत्यबाला, निशा चौधरी, कल्पना शर्मा आदि शामिल रहीं।

### आज होगा चांद का दीदार पहला रोजा कल से

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रमजान उल मुबारक का महीना सोमवार से शुरू होने जा रहा है। सोमवार शाम को रमजान के महीने का चांद दिखने के बाद ईशा की नमाज के बाद पहली तरावीह की नमाज अदा की जाएगी। अगले दिन मंगलवार को पहला रोजा रखा जाएगा।

मुस्लिम समाज में सबसे मुकद्दस महीना रमजान 12 मार्च से शुरू होने जा रहा है। जिसके चलते शहर इफ्तारी और सहरी के सामान की दुकानें सज गई। इसके अलावा शहर की सभी मस्जिदें तरावीह की नमाज के लिए तैयार हो गई हैं। शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद ने बताया कि सोमवार को रमजान का चांद देखा जायेगा। आप सभी लोग चांद देखने का अहतमाम करें। चांद दिखने पर सोमवार को पहली तरावीह व मंगलवार को पहला रोजा शुरू हो जाएगा।

## आयोजन

## गीत गजल सोसायटी की ओर से फराज के गजल संग्रह का किया गया लोकार्पण

# जिगर के स्थापित मूल्यों को आगे बढ़ा रहे डॉ. फराज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गीत-गजल सोसायटी मुरादाबाद के तत्वाधान में रविवार को शायर डॉ. मुजाहिद फराज के गजल संग्रह 'ख्वाब समंदर के' का लोकार्पण समारोह महाराजा हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज में आयोजित किया गया। इसमें शायरों व कवियों ने उनकी रचना को सराहा।

कार्यक्रम का आरंभ मोहम्मद जहीन ने डॉ. मुजाहिद 'फराज' की लिखी नात पढ़कर किया। इसके बाद फरहान राशिद ने डॉ. मुजाहिद की गजल प्रस्तुत की। अध्यक्षता करते हुए शायर मंसूर उस्मानी ने कहा कि डॉ. मुजाहिद 'फराज' यूं तो दोहे, माहिये और नज़्में भी कहते हैं, मगर इनकी फिक्र की जो बुलंदी गजलों में



शायर डॉ. मुजाहिद फराज के गजल संग्रह का लोकार्पण करते शायर, कवि व साहित्यकार।

नजर आती है, वह इन्हें एक अलग पहचान प्रदान करती है।

मुख्य अतिथि डॉ. काव्य सौरभ जैमिनी ने कहा कि डॉ. मुजाहिद एक सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं। जिगर फाउंडेशन के उपाध्यक्ष संदीप महरोत्रा ने कहा कि डॉ. मुजाहिद जिगर के स्थापित मूल्यों को आगे प्रवीणता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। अहमद खान ने कहा कि डॉ. मुजाहिद गौहर साहब के ऐसे शागिर्द हैं, जो उनके नाम को निरंतर चार चांद लगा रहे हैं। नवगीतकार योगेंद्र वर्मा 'व्योम' ने पुस्तक की समीक्षा कर कहा कि डॉ. मुजाहिद के गजल-संग्रह को महसूस किया जा सकता है। शायर जिया जमीर ने कहा कि डॉ. मुजाहिद उस पीढ़ी का हिस्सा हैं, जिसे आला अखलाक और रिवायत की पासदारी वाली आखिरी पीढ़ी कहा जा सकता है। इस अवसर पर साहित्यिक संस्था- अक्षरा की ओर से संयोजक योगेन्द्र वर्मा 'व्योम' द्वारा डॉ. मुजाहिद 'फराज' को 'अक्षरा गजल साधक सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. मनोज रस्तोगी, डॉ. आसिफ हुसैन, डॉ. कृष्ण कुमार नाज, डॉ. शहेदीन कुरैशी, डॉ. माधव शर्मा, डॉ. मोहम्मद आसिफ, राजीव 'प्रखर', फरहत अली खान, राहुल शर्मा, तनवीर जमाल उस्मानी, डॉ. शहाबुद्दीन, डॉ. आरिफ रहमान, रईस अहमद, डॉ. तहजीब रियाजी, मिर्जा अरशद बेग आदि मौजूद रहे।

### मुशायरा ग्राउंड में आज होगी मिलेट्स प्रतियोगिता

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कृषि विभाग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रेसिपी उपभोक्ता प्रतियोगिता में जागरूकता एवं प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम के दौरान मोटे अनाज के व्यंजन बनाए जाएंगे।

प्रतियोगिता जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कराई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष शेफाली चौहान, सदस्य विधान परिषद सतपाल सैनी व गोपाल अंजान के अलावा डॉ.जयपाल सिंह मुख्य अतिथि होंगे। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को कलेक्ट्रेट के मुशायरा ग्राउंड में मोटे अनाज का उपयोग करने के लिए लोगों का जागरूक किया जाएगा।

# ओपन माइक कार्यक्रम में दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अल्फाज अपने द्वारा रविवार को दीनदयाल नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिले के अलावा रामपुर, धनौरा, बिजनौर, अमरोहा, नोएडा, नजीबाबाद, बाजपुर व अन्य जनपद से आए युवाओं एवं युवतियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सीता रसोई के अध्यक्ष उदयभान सिंह और संस्थापिका अभिव्यक्ति सिन्हा द्वारा सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मयंक शर्मा, राजीव प्रखर, राशिद खान, मनोज अग्रवाल, अमित गुप्ता, नैपाल सिंह रहे। सभी अतिथियों ने कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर




ओपन माइक कार्यक्रम में शामिल कलाकार, साथ में आयोजक। ● अमृत विचार

उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान वर्तिक श्रीवास्तव, आयशा मोहन, सकलैन हैदर, अरविंद गौतम, ईशान थरेजा, मासूम शायर मुरादाबादी, उस्मान सैफी, हर्षिता शर्मा, वैशाली गोयल की एक से बढ़कर एक उम्दा कविताएं मनमोहक रहीं। अन्य उभरते कलाकारों ने अपने गायन से खूब वाहवाही लूटी। वहीं ऋषभ कश्यप ने अपनी प्रस्तुति से मौजूद लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। अभिव्यक्ति ने बताया कि अल्फाज युवा साथियों को उनकी कला का प्रदर्शन करने के लिए मंच प्रदान करता है, जहां वे बेझिझक अपना हुनर दिखा सकते हैं। इस मौके पर हरदीप, नैपाल सिंह, कविता पाल, अभय, गिरीश, मोहिनी गुलाटी शामिल रहे।

## एक नजर

### विशाल बने क्षेत्रीय सोशल मीडिया सह संयोजक



**हसनपुर, अमृत विचार :** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने हसनपुर नगर निवासी विशाल वर्मा को पश्चिम क्षेत्र का सोशल मीडिया सह संयोजक नियुक्त किया है। विशाल वर्मा के सोशल मीडिया पश्चिम प्रदेश का सह संयोजक बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। विशाल वर्मा ने कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी ने मुझे दी गई है उसे पूरी ईमानदारी के साथ पूरी करूंगा।

### सोलर पंप योजना के लिए 534 किसानों का चयन

**अमरोहा, अमृत विचार :** रविवार को मुख्यमंत्री ने महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कसया जनपद कुशीनगर का शिलान्यास किया। इसी मौके पर वर्ष 2023-24 के लिए प्रदेश के 20,000 किसानों को पीएम कुसुम योजना में चयन पत्र वितरण का आरंभ जनपद कुशीनगर में आयोजित राज्य स्तरीय किसान मेले से सजीव प्रसारण कर किया। इसी के तहत अमरोहा में वर्ष 2023-24 में सोलर पम्प योजना में 534 कृषकों का चयन किया है। जिसके सापेक्ष चयनित कृषकों को सोलर पम्प प्रमाण पत्रों का वितरण कर सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यकम अधिकारी, उप कृषि निदेशक आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने बीएलओ से ली मतदाता सूची की जानकारी

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने विकास खंड जोया के रायपुर खुर्द के प्राथमिक विद्यालय में मतदाता सूची पढ़ाई जाने को लेकर औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मतदाता सूची के संबंध में निर्देश भी दिए। रविवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी गांव रायपुर खुर्द के प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे। जहां पर उन्होंने बीएलओ से मतदाता सूची पढ़ाई जाने से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची भली-भांति ग्राम वासियों को पढ़वाई जाए। ताकि कहीं पर भी मतदाता सूची में त्रुटि की आशंका न रहे। मतदाता सूची बिल्कुल साफ सुथरी और त्रुटि रहित रहनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा यदि किसी भी व्यक्ति का नाम छूट गया है, वोट नहीं बना है या गलत बन गया है। उसको सही कराया जाए।

# भूमि विवाद में हुई थी सतपाल की हत्या

## क्षेत्र पंचायत सदस्य के हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य के हत्याकांड का कोतवाली पुलिस ने चार दिन में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने सतपाल की हत्या के मामले में गांव निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार भूमि के विवाद के चलते गांव के ही दो लोगों ने ही क्षेत्र पंचायत सदस्य की हत्या की थी।

रविवार को सीओ दीप कुमार पंत ने हत्या का खुलासा कर जानकारी दी। सीओ के मुताबिक गांव सोहरका निवासी 40 वर्षीय सतपाल पुत्र खानचंद खड़गवंशी गांव के वार्ड 28 से क्षेत्र पंचायत सदस्य था। जिसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद खेत के पास सूखे तालाब में उसका लहूलुहान शव पड़ा मिला था। कनपटी पर गोली लगी हुई थी। खबर लगते ही गांव के तमाम लोग व पुलिस मौके पर पहुंच गए। मृतक के पुत्र नितिन की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गांव निवासी भूप सिंह, विनोद कुमार पुत्र वीर सिंह, राजेंद्र पुत्र गुलाब सिंह एवं सतपाल पुत्र परमा के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। लेकिन पुलिस ने जांच की गई तो मामला जमीन से जुड़ा हुआ पाया गया। सीओ ने बताया कि आरोपी मुनेश एवं नेपाल पुत्र जोगराज ने सतपाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बताया जा रहा है जिस सात बीघा जमीन पर मुनेश काबिज है। उस जमीन को सतपाल खरीदना चाहता था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद किया है। सीओ ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार गया है अन्य दो को भी गिरफ्तार किया जाएगा।



पुलिस की गिरफ्त में खड़े दोनों आरोपी। ● अमृत विचार

### हत्या से पहले आरोपियों ने सतपाल को पिलाई थी शराब

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि हत्या से पहले आरोपी नेपाल, मुनेश व सतपाल ने साथ बैठकर शराब पी थी। उन्होंने बताया कि गांव निवासी नन्हे के पोते का जन्मदिन था। जिसको लेकर नन्हे ने दावत दी थी। दावत में आरोपी नेपाल मुनेश एवं सतपाल ने साथ बैठकर शराब पी थी। इसके बाद आरोपियों ने सतपाल की हत्या करने की योजना बनाई। फिर जब वह घर जा रहा था तब उसकी हत्या कर शव सूखे पड़े तालाब में फेंक दिया।

### पहले भी इसी गांव में जमीन को लेकर हो चुकी है हत्या

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव स्थित सात बीघा जमीन पर मालिकाना हक को लेकर पहले भी कई लोगों की हत्या हो चुकी है। बताया जा रहा है यह जमीन गांव निवासी शिवलाल की है। जिसकी जोगराज द्वारा वसीयत की गई थी। लेकिन वसीयत के कुछ दिन बाद ही शिवलाल का गांव कांकाठेर के पास शव मिला था। जिसकी अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शिवलाल की मृत्यु के बाद उसकी बहन के नाम वह जमीन आ गई। इसके बाद शिवलाल की बहन ने गांव निवासी हरिराज को 2007 में जमीन बेच दी गई। जमीन खरीदने के कुछ समय बाद ही हरिराज की मृत्यु हो गई। अब विवादित भूमि पर आरोपी मुनेश एवं उसका परिवार काबिज है। अब यह जमीन किसी नोएडा निवासी के नाम है। उसे सतपाल खरीदना चाहता था। जिसकी भनक लगते ही आरोपी मुनेश व उसके भाई ने गोली मारकर सतपाल की हत्या कर दी गई।

### कुत्तों को पकड़ने के लिए चलेगा अभियान : बीडीओ

**अमरोहा, अमृत विचार :** जोया ब्लॉक के रजबपुर ग्राम पंचायत में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए खंड विकास अधिकारी ने विशेष अभियान चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। बताया कि कुत्तों को पकड़ने के लिए कई टीमों को लगाया जाएगा।

खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल ने बताया कि ब्लॉक के गांव रजबपुर में पिछले दिनों दो बच्चों पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया था। जिसमें एक की मौत हो गई थी। जबकि दूसरी बच्ची को दिल्ली रेफर किया गया है। कुत्तों के हमले की घटना के बाद ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत फैल गई थी। ग्रामीणों की मांग पर ग्राम पंचायत क्षेत्र में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने की तैयारी शुरू की है।

खंड विकास अधिकारी ने बताया कि यह अभियान सोमवार या मंगलवार से प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुत्तों को पकड़ने के बाद उनकी नसबंदी कर कर छोड़ दिया जाएगा। जिससे कि कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण किया जा सकेगा। इसके लिए उन्होंने टीम गठित कर दी है।



व्यापारियों की बैठक में बोलते संगठन के जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल। ● अमृत विचार

# उद्योग व्यापार मंडल की 60 व्यापारियों ने ली सदस्यता

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा कि हमारा संगठन देश का सबसे बड़ा व्यापारी संगठन है। इस संगठन ने हमेशा व्यापारी के हितों को ध्यान में रखते हुए संघर्ष किया है। बैठक के दौरान संगठन में 60 व्यापारियों ने सदस्यता ग्रहण की।

रविवार को नगर के संभल बस स्टैंड चौराहा स्थित बैंक्वेट हॉल में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री मुकेश गोयल एवं जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल शामिल हुए। बैठक में व्यापार मंडल की नीतियों से प्रभावित होकर मोहल्ला लाल बाग के 60 व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। लालबाग मोहल्ले का राजा को अध्यक्ष नियुक्त किया। पदाधिकारियों ने सभी व्यापारियों का स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मनोज गोयल ने की और संचालन नगर महामंत्री विवेक शर्मा ने किया। बैठक में जिला महामंत्री अमित अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, संदीप गुप्ता, मोहित अग्रवाल, अनुज शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल, रविंद्र चौहान, अर्पित अग्रवाल, दिगंबर चौहान, पियूष बंसल, नितिन रस्तोगी, असलम, रईस, मोहम्मद, मोहसिन, आदिल, रहमान आदि मौजूद रहे।

# एमएसपी पर गारंटी कानून बनाए सरकार

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** भाकियू असली के कार्यकर्ताओं ने रविवार को रेल रोको कार्यक्रम के तहत प्रदर्शन की तैयारी की थी। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन ने भाकियू के कुछ पदाधिकारियों को घर पर ही नजरबंद कर दिया। जिसके चलते रेल रोकने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया। कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चंद्रकांता को सौंपा।

किसानों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि एमएसपी पर गारंटी कानून की मांग को लेकर किसान शम्भू बॉर्डर पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन सरकार मांग मानने को तैयार नही है। उन्होंने कहा की सरकार किसानों से धरना प्रदर्शन करने का अधिकार छीनकर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। इस अवसर पर नरेश कुमार, प्रदीप कुमार, चौधरी डूंगर सिंह, कलुवा खां, शब्बन चौधरी, जयपाल सिंह, पहलवान सिंह, मेजर सिंह, खचेडू सिंह, राम वीर सिंह, सतपाल सिंह सहित आदि मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

### भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**रहरा, अमृत विचार :** समस्याओं के समाधान नहीं होने पर भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष टीटू त्यागी के नेतृत्व में किसानों ने थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि 11 मार्च को मासिक पंचायत होगी। जिसमें रहरा, आदमपुर चकबंदी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी, बिजली विभाग आदि के अधिकारी बैठक स्थल पर पहुंचें। अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर भाकियू आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस मौके पर निगम त्यागी, नफीस, राहुल, छत्रपाल, नईम मलिक आदि किसान मौजूद रहे।

### गंगा में उतराता मिला महिला का शव

**गजरौला, अमृत विचार :** तिगरी गंगा में रविवार दोपहर को अर्ध नग्न महिला का शव उतराता मिला है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव गंगा से बाहर निकलवाकर शिनाख्त करवाने की कोशिश की। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है।

रविवार दोपहर तिगरी में गंगा में अर्ध नग्न महिला का शव उतराता देख लोगों ने शोर मचा दिया। शोर शराबा होने पर वहां भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को गंगा से बाहर निकलवाकर ढकवाया और शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि शव को जलीय जीवों द्वारा खाया गया है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है और शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है।

# खाद्य निरीक्षक ने कराई कुट्टू आटा कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, हसनपुर

- शिवरात्रि पर कुट्टू का आटा खाने से बीमार हो गए थे दर्जनों लोग

**अमृत विचार :** खाद्य निरीक्षक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने विवेक इण्डस्ट्रीज के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की।

महाशिवरात्रि पर कुट्टू के आटे के बना खाना खाकर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 130 लोग बीमार हो गए थे। जिनका उपचार नगर के निजी एवं सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है। हालांकि चिकित्सकों ने सभी की हालत सही बताई है। जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल जाना था। वहीं अधिकारियों के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम भी हरकत में आई। विभाग की टीम ने नगर के दो व्यापारियों के यहां कुट्टू के आटे एवं रिफाइंड का नमूना लेकर जांच के लिए लैब को भेजा था। खाद्य सुरक्षा टीम ने मरीजों एवं परिजनों से जानकारी की तो उन्हें बैच नंबर एबी03 अभी श्योर कंपनी का कुट्टू का आटा खाने से बीमार होना बताया। अधिकारियों के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार जयंत ने विवेक इण्डस्ट्रीज प्लॉट नंबर 203 सेक्टर 23 नोएडा के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी की तहरीर पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### खुले में न फेंके मीट के अवशेष : एसडीएम

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** मोहल्ला कटरा में आवारा कुत्तों ने छह वर्षीय बच्ची को घायल कर दिया था। रविवार को उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पालिका परिसर में मीट दुकानों के संचालकों की बैठक हुई।

बैठक में एसडीएम चंद्रकांता ने सभी मीट दुकान संचालकों से कहा कि नियमानुसार मीट के अवशेषों को निस्तारित करें। अवशेषों को सड़क पर न फेंका जाए। मीट के अवशेष खाकर आवारा कुत्ते लोगों पर हमला करते हैं। एसडीएम ने सभी मीट दुकान संचालकों से कहा कि मीट की बिक्री काले शीशे लगाकर करें। उन्होंने सभी मीट व्यापारियों से नियमों का पालन करने की बात कही। कहा कि निर्देशों का पालन नहीं किए जाने पर नोटिस जारी कर कार्रवाई होगी। बैठक में मौजूद अधिशासी अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि पालिका की टीम द्वारा नगर में अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ा जाएगा।

# एनडीए गठबंधन को मिलेगा बहुमतः कन्हैया

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की जनचौपाल अमरोहा के डिडौली में अशोक कुमार के निवास पर हुई। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया राम प्रजापति रहे। उन्होंने कहा कि एनडीए उम्मीदवार को चुनाव लड़ाया जाएगा। पार्टी बूथ स्तर तक काम कर रही है। पार्टी का जनाधार पूरब से पश्चिम तक बहुत तेजी के साथ बढ़ रहा है।

रविवार को हुई चौपाल में सुभासपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैयाराम प्रजापति ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सड़क से लेकर सदन तक गरीब, कमजोर, वंचित, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज की लड़ाई लड़ने वाला अगर कोई व्यक्ति है। उसका नाम ओमप्रकाश राजभर है। जिलाध्यक्ष सतपाल तोमर ने कई लोगों पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सुभासपा की नीतियों से लोग प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत हासिल होगा। इनके अलावा जन चौपाल को लोकेश चौधरी, जगत सिंह गुर्जर, मोहम्मद यूनुस सैफी प्रधान, अफ्फान चौधरी, आदि ने भी सम्बोधित किया।

इस मौके पर आदेश अमरोही, मोहम्मद यूनुस सैफी प्रधान, राम गोपाल, अशोक कुमार, मोहम्मद शफी, पिंटू, कल्लू, सुहैल साबरी, सुमित रस्तोगी, नाजिम, आकाश, रामकेश, भीम सिंह, पंकज, आसिफ, पवन, इंतेखाव, अभिसेन, हुकम सिंह, अभय कुमार, हिमांशु, करीम, राहुल, कुसुम, राजेश्वरी, कुंदेश, राजबाला, सुनीता, बबीता, रामप्यारी, कविता, चिकारा, रिज़वान, हीरा लाल, भारत आदि मौजूद रहे।





जनचौपाल में बोलते सुभासपा जिला अध्यक्ष सत्य पाल तोमर।

# त्योहारों को लेकर सुरक्षा बलों का पैदल मार्च

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** रविवार को पुलिस ने होली, रमजान व लोकसभा चुनाव को लेकर नगर में अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ पैदल मार्च किया।

वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर शौकिंद्र सिंह एवं अर्धसैनिक बल के कमांडर सुरजित कुमार के नेतृत्व में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने पैदल मार्च किया। पैदल मार्च कोतवाली से शुरू हुआ जो आंबेडकर पार्क, इंदिरा चौक, पनसारा बाजार, जनकपुरी, पुरानी घास मंडी, पुरानी जमा मस्जिद, रहरा अड्डा, बाईपास मार्ग, कनेटा अड्डा, संभल अड्डा, संलियान मस्जिद, पुराना डाकखाना, इंदिरा चौक से होता हुआ कोतवाली पर आकर समाप्त हुआ।

वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर शौकिंद्र सिंह ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर लोकसभा चुनाव एवं त्योहारों की सुरक्षा के लिए पैदल मार्च नगर में निकाला गया।

# मौत किरदार को नहीं मार सकती : मौलाना नजमी

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर के इमामबारगाह दादे हिमायत अली में मरहूम मुहम्मद अब्बास के इसाले सवाब के सिलसिले में मजलिस हुई।

मजलिस का आगाज मर्सियाखुवानी से नसीमुल हसन व हमनवा ने किया। मजलिस को सिरसी से आए मौलाना सफी असगर नजमी ने खिताब करते हुए कहा कि मौत इंसान को तो मार सकती है, मगर किरदार को नहीं। हर इंसान मरने के बाद अच्छा या बुरा किरदार छोड़ कर जाता है। जिसे लोग याद रखते हैं। इंसान को अपना किरदार बुलन्द रखना चाहिए ताकि दुनिया मरने के बाद भी इंसान को याद करें। क्योंकि इंसान अपनी अच्छाइयों के जरिए हमेशा लोगों के बीच में जिंदा रहता है। फिर इसके बाद मौलाना ने मसाईब ए इमाम हुसैन बयान किये। इस मौके पर मौलाना कंबर अली, खलीक हैदर, हाजी तनवीर अब्बास, याकूत हैदर, मुहम्मद हैदर, हामिद हुसैन, शमीम हैदर, फुरकान हैदर, मेहताब रजा, सिब्ते अब्बास, साकिब अब्बास आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब के सदस्यों ने गंगा किनारे सफाई की

संवाददाता, गजरौला

## जागरुकता

- क्लब के सदस्यों ने घाट पर फेंकी पूजन सामग्री को एकत्र किया
- लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब भरतियाग्राम के सदस्यों ने अमावस्या पर गंगाधाम तिगरी पहुंचकर गंगा किनारे घाट पर सफाई की। वहां गंदगी कर रहे लोगों को गंगा स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनने के लिए जागरूक किया। क्लब के सदस्यों ने वहां से कचरे को ट्राली में भरवाकर गजरौला में डंपिंग ग्राउंड में डलवाया।

रविवार सुबह रोटरी क्लब भरतियाग्राम के अध्यक्ष एवं जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित के नेतृत्व में रोटेरियन एकत्र होकर गंगाधाम तिगरी पहुंचे। वहां अमावस्या का स्नान होने के कारण घाट पर काफी भीड़ थी। वहीं घाट गंदगी से भी अटे पड़े थे। सुनील दीक्षित ने क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ तीन घंटे सफाई की। घाट पर फेंकी गई पूजन सामग्री और कचरे को एकत्र कर ट्राली में डलवाया। वहां मौजूद लोगों को गंगा स्वच्छता का महत्व भी समझाया।

इस मौके पर रोटरी क्लब भरतियाग्राम के सचिव डॉ. सुजिंदर फोगाट, कोषाध्यक्ष डॉ. सैयद बिलाल अली, सतेंद्र चौधरी, क्लब की सदस्य एवं सोनाली फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष अंजू दीक्षित, अनुपम सिंह, मधु सिंह, छवि त्यागी, अरुण त्यागी, ब्रजेश यादव, डॉ. माथुर, सतेंद्र सिंह, दीया त्यागी, परिजाद त्यागी, आशु, गोपाल, देव त्यागी, सुमित गर्ग आदि भी मौजूद रहे।

### सावित्रीबाई फुले की 127वीं पुण्यतिथि मनाई

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गांव कैसरा स्थित धर्मशाला में महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच के कार्यकर्ताओं ने सावित्रीबाई फुले की 127वीं पुण्यतिथि मनाई।

रविवार को समला देवी की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। मंच के जिला संयोजक राजपाल सैनी ने कहा कि उन्होंने महिलाओं के लिए शिक्षा से लेकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित करने, जनपद मुख्यालय के सामने नाम का द्वार बनाने व जनपद का नाम ज्योतिबा फुले नगर करने की मांग की। इस अवसर पर कृपाल सिंह सैनी, राम सिंह सैनी, रामप्रसाद बौद्ध, ब्रह्म सिंह, सरदार बलबीर सिंह सैनी, हेम सिंह बौद्ध, वंदना सैनी, लेखराज सैनी, अलका सैनी, काजल, कंचन, रीना, परम सिंह सैनी, हरविंदर सिंह सैनी रहे।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception,
RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE
ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :-
14 - 15 मार्च 2024
समय :-
सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :-
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग
कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# धनारी में किसानों ने रोकी ट्रेन, दर्जनों किसान नेता नजरबंद

## आधा घंटा पटरियों पर बैठकर रोकी बरेली से अलीगढ़ जाने वाली पैसेंजर, आंदोलन के चलते तैनात रहा पुलिस बल

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों ने धनारी में रेल रोककर आवाज बुलंद की। किसानों ने रेल ट्रैक पर बैठकर करीब आधा घंटे तक बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर ट्रेन को रोके रखा। जनपद के सभी रेलवे स्टेशनों पर पुलिस मुस्तैद रही। साथ ही दर्जनों किसान नेताओं को नजरबंद किया गया।

संयुक्त किसान मोर्चा व अन्य किसान संगठनों ने एमएसपी गारंटी कानून की मांग को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए रविवार को चार घंटे ट्रेनों का चक्का जाम करने का आह्वान किया था। जिसके मद्देनजर जनपद के रेलवे स्टेशनों पर थाना पुलिस के साथ रेलवे सुरक्षा विशेष बल, जीआरपी, आरपीएफ, पीएसी और महिला पुलिस तैनात की गई। इस बीच दोपहर करीब 12.26 बजे बरेली से अलीगढ़ की तरफ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन धनारी पहुंची तो अचानक ट्रैक पर किसान भी पहुंच गए।

भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में पहुंचे किसान रेल ट्रैक पर बैठ गए। कुछ किसान ट्रेन में से ही उतरकर रेल ट्रैक पर बैठे। किसानों ने एमएसपी गारंटी कानून समेत कई मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए आवाज बुलंद की। बाद में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मांगें उठाईं। इस बीच करीब आधा घंटे के बाद पैसेंजर ट्रेन अलीगढ़ के लिए रवाना हो सकी। आंदोलन में आशिक रजा, जाकिर हुसैन, बाबूराम प्रजापति, ब्रह्मचारी यादव, विशन सिंह यादव, इस्लाम अली, भूरे सिंह यादव, जाकिर हुसैन, सचिन यादव, ऋषिपाल सिंह यादव, पूरन सिंह समेत तमाम किसान रहे।


धनारी में रेल रोकने को ट्रैक पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

### पूर्ण कर्ज मुक्ति समेत कई मांगें उठाईं

**धनारी, अमृत विचार :** आंदोलन के दौरान सौंपे गए ज्ञापन में किसानों और मजदूरों की पूर्ण कर्ज मुक्ति किए जाने, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को पूरे देश में पुन:लागू किए जाने, भूमि अधिग्रहण से पहले किसान से लिखित सहमति एवं कलेक्टर रेट से 4 गुना मुआवजा देने का प्रावधान लागू करने, लखीमपुर खीरी नरसंहार के दोषियों को सजा एवं पीड़ित किसानों को न्याय दिलाने, भारत विश्व व्यापार संगठन से बाहर आए और सभी मुक्त व्यापार समझौतों पर रोक लगाने, किसानों और मजदूरों को पेंशन दिए जाने, दिल्ली आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के परिवारों को मुआवजा व एक सदस्य को नौकरी दिए जाने, विद्युत संशोधन विधेयक 2020 को रद्द किए जाने आदि की भी मांग उठाई।

### रेलवे ट्रैक पर काफी दूर तक पुलिस बल मौजूद रहा

**बबराला, अमृत विचार :** रेल रोको आंदोलन के चलते पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। पुलिस ने कई किसान नेताओं को घरों पर ही नजरबंद कर दिया था। हालांकि धनारी में किसानों ने रेल रोकी लेकिन बबराला में रेल रोकने की मंशा पूरी नहीं हो सकी। रविवार को धनारी रेलवे स्टेशन के साथ ही अनूपशहर रोड रेलवे क्रासिंग (गेट58 बी) और यारा फर्टिलाइजर क्रासिंग ( गेट 56 एसी) पर पुलिस चौकसी रही। रेलवे ट्रैक पर काफी दूर तक पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस प्लेट फार्म पर भी यात्रियों की भीड़ में किसानों को तलाश करती नजर आई। पुलिस ने भाकियू असली के जिला सचिव सतीश यादव को उनके गांव सैमला, मंडल उपाध्यक्ष महाराज सिंह को ईसमपुर डांडा और राष्ट्रीय प्रमुख सचिव ऋषि पाल सिंह को गांव भागनगर में घर में नजरबंद कर दिया।


असालतपुर जारई में कोतवाल को ज्ञापन सौंपते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### कोई किसान संगठन चन्दौसी रेलवे स्टेशन नहीं पहुंचा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के रेल रोको आंदोलन के मद्देनजर रविवार सुबह रेलवे स्टेशन सहित रेलवे फाटकों पर पुलिस बल तैनात रहा। मगर किसी भी किसान संगठन के पदाधिकारी रेलवे स्टेशन नहीं पहुंचे। इसके बाद किसान संघर्ष समिति ने कैंप कार्यालय पर प्रभारी निरीक्षक को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। सुबह नौ बजे प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन जा पहुंचे। वहां जीआरपी व आरपीएफ को लेकर रेलवे स्टेशन व क्षेत्र के रेलवे फाटकों पर पुलिस बल तैनात कर दिया था। ट्रेन आने पर पुलिस बल चौकन्ना हो जाता। मगर कोई भी किसान संगठन का कार्यकर्ता व पदाधिकारी ट्रेन रोकने नहीं पहुंचा। दोपहर 12 बजे के बाद पुलिस ने राहत महसूस की। इसके बाद किसान संघर्ष समिति ने प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि दिल्ली बार्डर पर किसान अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार द्वारा किसानों पर लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले छोड़ उन्हें कमजोर करना चाहती है।

## एक नजर

### भाजपा नेता ने किया सब्जी बाजार का उद्घाटन

**बबराला, अमृत विचार :** नगर पंचायत के रविवार सब्जी बाजार का उद्घाटन भाजपा नेता दीपक यादव ने फीता काटकर किया। कहा गया कि पुलिस चौकी के पीछे प्रत्येक रविवार को सब्जी बाजार लगवाने की व्यवस्था की गई है। जिससे नगर के लोगों को सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, विनय वार्ष्णेय, नितिन आइडिया, विजय कुमार, राम अवतार प्रशांत वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### मामूली बात पर महिला के साथ मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** मुहल्ला कबीर की सराय के पास अल्लनपुरा निवासी शाहिद हुसैन का सात वर्षीय बेटा माहिद हुसैन शनिवार को पड़ोस के ही घर से गेंद उठाकर ले आया था। आरोप है कि इसी बात को लेकर देर शाम शाहिद हुसैन की पत्नी साइमा से पड़ोस की महिला का विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पड़ोस की महिला अपने दो बेटों के साथ मिलकर घर में घुस आई और साइमा के साथ लात घूसों व लोहे के चिमटे से मारपीट की।

### महिला से मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला तिमरदास सराय निवासी शमशाद की पत्नी खालदा रविवार को अपने पड़ोसी की छत पर मतलूब की पत्नी खातून के साथ खड़ी थी। आरोप है कि मतलूब की पुत्रवधू ने मुख्य दरवाजा बंद कर लिया। आरोप है कि जब खालदा छत से उतरकर अपने घर जा रही थी तो मतलूब के बेटे ने पत्नी के साथ मिलकर खालदा को कमरे में खींच लिया और मारपीट की। परिजन खालदा को लेकर थाने पहुंचे और दंपति सहित तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

### मारपीट में ई रिक्शा चालक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर में संभल बहजोई मार्ग पर चामुंडा मंदिर के पास थाना क्षेत्र के गांव बबैना निवासी चालक मोहन व सरायतरीन के मुहल्ला भालेभाज खां निवासी चालक लवली रविवार को ई रिक्शा में सवारी बैठाने को लेकर आपस में विवाद कर रहे थे। विवाद इतना बढ़ गया कि मोहन व लवली के बीच मारपीट होने लगी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों ई रिक्शा चालकों को गिरफ्तार कर लिया।

# ट्रक व कैंटर में भिड़ंत, दो लोग घायल

संवाददाता, संभल/असमोली

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में संभल जोया मार्ग पर गन्ने से लदे ट्रक की कैंटर से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कैंटर चालक व परिचालक गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने सड़क से हटवाया।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव नाहठेर निवासी चालक अजीम रविवार को बिजनौर जिले के ब्लाक किरतपुर में कोल्ड ड्रिंक पेप्सी उतारकर गांव निवासी परिचालक उबैद के साथ कैंटर लेकर वापस आ रहा था। संभल मनोटा मार्ग पर गांव असमोली में धर्मशाला अड्डे पर सामने से गन्ने से लदे ट्रक ने कैंटर में टक्कर मार दी। जिससे अजीम व उबैद गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस व परिजन भी मौके पर आ गए। परिजन घायलों को लेकर संभल आ गए और निजी अस्पताल में उपचार के लिए घायल अजीम व उबैस को भर्ती कराया।


असमोली में हादसे के बाद सड़क पर खड़े क्षतिग्रस्त ट्रक व कैंटर। ● अमृत विचार

### हादसे में घायल हुए बाइक सवार की मौत

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव चाचूनागल निवासी राजू 45 वर्ष गुरुवार की देर शाम रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव उधरनपुर में स्थित अपनी ससुराल से आते समय लखनपुर तिराहे के पास बाइक सड़क किनारे खड़े बिजली को पोल से टकरा गई। मौके पर पहुंचे परिजन उपचार के लिए राजू को लेकर जिला अस्पताल आ गए। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने राजू को मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। शनिवार की देर रात दस बजे उपचार के दौरान राजू की मौत हो गई।

# राज्यमंत्री बोले-जियो का डाटा और सोनिया का बेटा मनोरंजन के साधन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**पत्रकार वार्ता**

▸▸ यूपी के राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा शानदार जीत हासिल कर चार सौ पार पहुंचेगी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि जियो का डाटा और सोनिया का बेटा केवल हंसी और मनोरंजन के साधन हैं। कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा शानदार जीत हासिल कर चार सौ पार के लक्ष्य को पूरा करेंगी।

संभल के मोहल्ला कोट पूर्वी में भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल के आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की तैयारी पूरी है। कार्यकर्ता चुनाव को लेकर बेहद उत्साहित हैं। जनता के रुख से साफ है कि पार्टी चार सौ पार के लक्ष्य को पार करेगी और एक बार फिर से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। संभल लोकसभा सीट पर भी भारतीय जनता पार्टी ने परमेश्वर लाल सैनी को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। संभल सीट पर भी भाजपा की जीत होगी। कहा कि बसपा या कोई अन्य पार्टी अकेले चुनाव लड़े या किसी के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरे भाजपा को इसकी कोई परवाह नहीं है। उसे कोई नहीं हरा सकता।


जसवंत सैनी।

## सार संक्षेप

### आकाश अध्यक्ष और अनिल चुने गए मंत्री


आकाश वार्ष्णेय।


अनिल गुप्ता।

**बबराला, अमृत विचार :** सीनियर केमिस्ट-ड्रगिस्ट एसोसिएशन की नगर इकाई के वार्षिक चुनाव में आकाश वार्ष्णेय को अध्यक्ष व अनिल गुप्ता को मंत्री चुना गया। रविवार को कालीचरण मेमो अस्पताल में आयोजित बैठक में हुए चुनाव में आकाश वार्ष्णेय को अध्यक्ष, अनिल गुप्ता को मंत्री, मुकेश गर्ग और रमन कुमार को संरक्षक, गोविंद राम वार्ष्णेय व संदीप कुमार को उपाध्यक्ष, विशाल वर्मा को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में प्रदीप वार्ष्णेय, संजय यादव, आलोक गुप्ता, अनिल वार्ष्णेय, प्रशांत गुप्ता, रजत वर्मा समेत कई व्यवसायी मौजूद रहे।



आरोग्य मेले के दौरान रोगियों का उपचार करते डाक्टर। ● अमृत विचार

### 3170 मरीजों का नि:शुल्क उपचार

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3170 मरीजों का नि :शुल्क उपचार हुआ। मेले में 181 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 40 डॉक्टरों और 101 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1239 पुरुषों, 1120 महिलाओं और 811 बच्चों का नि :शुल्क उपचार किया। 187 लोगों की एंटीजन किट से कोविड जांच की गई। जिसमें सभी निगेटिव पाए गए। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 181 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के लिए अलग से काउंटर लगे। आयुष विभाग के डॉक्टरों ने सहयोग किया। मेले का सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई आदि रहे।

### अंडरपास के लिए 48वें दिन भी धरने पर डटे रहे किसान

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 48वें दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे किसानों ने गांव हिसामपुर और भटौला के बीच अंडरपास निर्माण कराने की मांग उठाई। किसानों ने कहा कि यह रास्ता कई गांवों को जोड़ता है और स्टेट हाईवे पर मिलता है। यूपीडा के अधिकारियों ने कच्चे रास्तों पर अंडरपास दे दिया है लेकिन पक्के मार्ग पर अंडरपास नहीं बना रहे हैं। इस दौरान राहिद, दिनेश सिरोही, गनपत, सुरेश, प्रकाश, रामकिशन, पातीराम आदि रहे।

# नकली नोट छापने वाले गिरोह के नौ सदस्य गैंगस्टर में निरुद्ध

संवाददाता, गुन्नौर

▸▸ अमरोहा जिले के नौगावां सादात निवासी नरेंद्र पर भी कार्रवाई

**अमृत विचार :** नकली नोट छापकर बाजार में खपाने वाले गिरोह के नौ सदस्यों को गैंगस्टर में निरुद्ध किया गया है। पुलिस गिरोह के सदस्यों की संपत्ति का ब्यौरा भी जुटा रही है।

कोतवाल गुन्नौर संजीव बालियान ने बताया कि सभी नौ शातिरों की आपराधिक पृष्ठभूमि को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट के पास गिरोह चार्ट तैयार कर अनुमोदन के लिए भेजा गया था। जिसका अनुमोदन हो गया है। बताया कि क्षेत्र में फिरोजाबाद जिले के थाना रामगढ़ क्षेत्र के शैलई निवासी सुखवीर उर्फ सोनवीर उर्फ सोनू का एक संगठित गिरोह था जो जाली करेंसी बना कर मार्केट में खपाता था। गिरोह में मैनपुरी जनपद के थाना किशनी के गांव उदैतपुर निवासी नीरज और सोनू, बुलंदशहर जिले के अनूपशहर थाना क्षेत्र के गांव हिसावटी निवासी राजेन्द्र उर्फ राजू, बहजोई थाना क्षेत्र के गांव लहरावन निवासी योगेन्द्र शर्मा, बुलंदशहर जिले के आहार थाना क्षेत्र के गांव शफीपुर निवासी सचिन, अमरोहा जिले के नौगावां सादात निवासी नरेंद्र और मनोज व आगरा जनपद के बाह थाना क्षेत्र के गांव सिघावली निवासी योगेश उर्फ करूआ शातिर किस्म के अपराधी हैं। इनका संगठित गिरोह है, जिसका गिरोह सरगना सुखवीर है। इनका भय व आतंक व्याप्त है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गिरोह चार्ट का अनुमोदन किए जाने पर गिरोह के सरगना व उसके गुर्गों की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सभी नौ सदस्यों के खिलाफ उप्र गिरोह बंद निवारण अधिनियम 1986 के तहत कार्रवाई की गई है।

# पथराव व मारपीट में पिता पुत्र सहित छह गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना पुलिस ने पथराव व मारपीट करने के आरोपी पिता पुत्र और दूसरी जगह से मारपीट पर आमादा हो रहे तीन लोगों सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर मुंजब्ता में शुक्रवार को रास्ते में मिट्टी डालने के लेकर हुई मारपीट व पथराव में एक पक्ष से सुल्तान व उसकी बेटी सना घायल हो गई थी। सुल्तान ने तहरीर देकर पुलिस में मुशाहिद व उसके बेटों मोहम्मद अली व मोहम्मद फैज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को मौके पर पहुंची पुलिस ने मुशाहिद, मोहम्मद अली व मोहम्मद फैज को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव अख्तियारपुर चौबे निवासी सतीश के साथ गाली गलौज व मारपीट करने पर आमादा हो रहे गांव के ही सतीश, रामखिलाड़ी व अंकित को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, बहजोई

**आयोजन**

▸▸ यात्रा बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर वहीं जाकर हुई संपन्न

▸▸ श्रद्धालु भजनों पर भगवान का गुणगान करते चल रहे थे

**अमृत विचार :** भगवान श्री राम बड़ा मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा से पहले कलश यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर भक्ति भाव से चल रही थीं। वहीं दूसरी ओर भजनों पर श्रद्धालु भगवान का गुणगान करते चल रहे थे।

भगवान श्री राम बड़ा मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ पदाधिकारियों ने भगवान श्री कृष्ण व श्री राम की पूजा अर्चना करके किया। कलश यात्रा में सबसे आगे महिलाएं कलश लेकर चल रही थीं। इसके बाद श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण का गुणगान करते हुए चल रहे थे। बैंड बाजा के साथ युवा भक्ति भजनों पर नाचते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस बड़ा मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। इसके बाद आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन वीरेश रामायणी ने कहा कि जहां पर भागवत कथा का आयोजन होता है वहां पर प्रभु स्वयं विराजमान होते हैं। इस दौरान रामबाबू शर्मा ,बबीता शर्मा, ईश्वरदास,आकाशदीप, मीरा वार्ष्णेय, चायना वार्ष्णेय, पूनम वार्ष्णेय, नीलम वार्ष्णेय, रूपम अग्रवाल, शताक्षी वार्ष्णेय, गुड़िया, सुधामा, शशी, रानी आदि ने सहयोग किया।


बहजोई में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


जैविक किसान मेले का उद्घाटन करते गौरव यादव व अन्य। ● अमृत विचार

### मेले में किसानों को दी जैविक खेती की जानकारी

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** नमामि गंगे योजना के तहत रजपुरा ब्लाक परिसर में जैविक किसान मेला लगा। जिसमें किसानों को जैविक खेती के बारे में जानकारी दी गई। जैविक किसान मेले का उदघाटन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गौरव यादव ने फीता काटकर किया। मंच संचालक मनोज कुमार और प्रगतिशील किसान आशुतोष प्रताप सिंह ने किसानों को जानकारी दी। कहा कि जैविक खेती करने से कम लागत में अच्छी पैदावार ले सकते हैं। किसानों को जीवामृत, वीजामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र एवं वर्मी कंपोस्ट आदि की जानकारी दी। किसानों को जैविक उत्पादों की मार्केटिंग, ब्रांडिंग, पैकिंग के बारे में भी बताया। प्रगतिशील किसान अमर सिंह एवं कार्यदायी संस्था फोस्टर सर्टिफिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के जनरल मैनेजर मनीष राज पुरोहित, सहायक परियोजना प्रबंधक रमन शर्मा ने किसानों को जैविक उत्पादों की मार्केटिंग ब्रांडिंग एवं रेट वैल्यू के बारे में भी बताया।

# 140 करोड़ लोगों के परिवार के अभिन्न सदस्य हैं मोदी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने संभल जनपद में अपने दौरे के दूसरे दिन संभल में श्री कल्कि मंदिर में दर्शन पूजन के साथ ही ऐंचोड़ा कम्बोह कल्कि धाम में भी शिला दर्शन कर आचार्य प्रमोद कृष्णम के साथ चर्चा की।

भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल के आवास पर पत्रकार वार्ता में पूर्व डा. निशंक ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा मोदी सरकार की तुलना हिटलर शासनकाल से करने को लेकर पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव अभी यंग हैं उन्हें देश की नब्ज समझनी चाहिए। यूपी में जनता ने उन्हें उखाड़ कर फेंक दिया है,बचे हुए भी खत्म हो जाएंगे। इसलिए संयमित भाषा का प्रयोग करना चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 140 करोड़ लोगों के परिवार के अभिन्न सदस्य हैं। डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने आगे कहा कि भारत अब पूरी दुनिया का नेतृत्व करने की राह पर आगे बढ़ रहा है। देश में चार सौ पार का लक्ष्य भाजपा पूरा करेगी। मुरादाबाद मंडल की सभी सीटों पर भी भाजपा विजय हासिल करेगी।


कल्कि धाम पर डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक का स्वागत करते आचार्य प्रमोद कृष्णम।

### कल्कि धाम पहुंचे निशंक, आचार्य प्रमोद के साथ चर्चा

**संभल, अमृत विचार :** संभल में अपने दौरे के दूसरे दिन उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह कल्कि धाम पहुंचे। यहां आचार्य प्रमोद कृष्णम ने उन्हें उन शिलाओं के दर्शन कराये जिन्हें धाम शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थापित किया था। इसके साथ ही निशंक ने कल्कि धाम में दर्शन पूजन कर आचार्य प्रमोद कृष्णम के साथ चर्चा की।

### मोदी न होते पीएम तो बंगला देश बन गया होता पश्चिम बंगाल

**संभल, अमृत विचार :** कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि पिछले दस साल से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री न होते तो पश्चिम बंगाल अब तक बंगलादेश बन गया होता। पश्चिम बंगाल की जनता टीएमसी के अत्याचारों से त्रस्त है। कल्कि धाम पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि यह भारत का सौभाग्य है कि पिछले दस साल से नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं। पश्चिम बंगाल की जनता टीएमसी के अत्याचारों से अब इतनी दुखी हो चुकी है की 2024 में प्रचंड मतों से नरेंद्र मोदी की पार्टी बीजेपी का समर्थन होगा ऐसे हालात साफ नजर आ रहे हैं। लगातार नेताओं के कांग्रेस छोड़ने को लेकर आचार्य प्रमोद ने कहा कि राम विरोधियों के साथ कोई रहना नहीं चाहता।

# पुलिस नहीं कर पाई ग्रामीण के यहां हुई लूट का खुलासा

संवाददाता, बहजोई

▸▸ बदमाश पकड़ से दूर, कोई सुराग तक नहीं मिल पाया

**अमृत विचार :** ग्रामीण के यहां हथियारबंद बदमाशों द्वारा धावा बोलकर लाखों की लूट के मामले में अभी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस ग्रामीण के घर के रास्तों के सीसीटीवी कैमरे खंगाल लूट की घटना का खुलासा जल्द करने का दावा कर रही है। लेकिन अभी तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया।

बहजोई कोतवाली के गांव चौपा शोभापुर निवासी सत्येंद्र के यहां हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोल कर सत्येंद्र,उसकी पत्नी तुलसी, बेटा प्रतीक व बेटी प्रताप को गन प्वाइंट पर लेकर बंधक बनाते हुए बदमाशों ने घर के कमरों को जमकर खंगाला था। बदमाश लाखों रुपए के जेवर व नगदी लेकर फरार हो गए थे। इस मामले में अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस रास्तों के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। लूटे गए दो मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया गया है। पुलिस इस घटना के जल्द खुलासा का दावा कर रही है। लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी उसके हाथ खाली है। बदमाश अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी ने बताया कि बदमाशों की तलाश के लिए जगह-जगह दबिश दी जा रही है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस के साथ-साथ लोकल एविडेंस का भी सहारा लिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा लगाई गई चार टीम में पूरा प्रयास कर रही हैं। जल्द ही लूट खुलासा कर लूट गए सामान को बरामद किया जाएगा।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

## एक नजर

### 55 नई लाइटों से रोशन होगी स्टेशन रोड

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की ओर से स्टेशन रोड पर पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए 55 नए पोल लगाकर लाइटें लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे रात के समय स्टेशन रोड पर आवागमन के दौरान लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जेई जलकल अनुज कुमार ने बताया कि चार से पांच दिन में ही कार्य खत्म होने के बाद लाइटें शुरू कर दी जाएंगी।

### लखनऊ से चोरी हुआ ट्रक संभल से बरामद

**संभल, अमृत विचार :** लखनऊ निवासी सलमान का दो मार्च को लखनऊ से ही ट्रक चोरी हो गया था। ट्रक की लखनऊ में दो दिन तलाश करने के बाद सलमान बाइक पर सवार होकर आसपास के जिलों में ट्रक को ढूंढने लगा। छह दिन में ट्रक की तलाश करते हुए सलमान बाइक से रविवार को संभल आ गया। यहां सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग के किनारे खड़े ट्रक को पहचानकर सलमान ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को बरामद कर लिया। जानकारी के मुताबिक ट्रक को संभल के मुहल्ला पंजू सराय एक व्यक्ति चोरी कर ले आया था।

### जिला बदर आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला रुकनुद्दीन सराय निवासी जिला बदर आरोपी मोनिस उर्फ मुनीष रविवार को थाना क्षेत्र में परिक्रमा चौराहे के नजदीक ईंट भट्टे के पास कच्चे रास्ते पर खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मोनिस को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को मोनिस के पास से तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने आर्म्स एक्ट व उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई कर मोनिस उर्फ मुनीष का चालान कर दिया।

### खेलते समय छत से गिरकर बालक घायल

**संभल, अमृत विचार :** गांव महमूदपुर करेड़ा निवासी सलीम का चार वर्षीय बेटा अबु सेमा रविवार की शाम सात बजे छत पर खेल रहा था। अचानक से खेलते समय अबु सेमा का छत से पैर फिसल गया और अबु सेमा छत से आंगन में गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसके बाद परिजन आनन फानन में अबू सेमा को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए अबू सेमा को भर्ती कराया।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 25 सड़कों का लोकार्पण

## राज्यमंत्री गुलाब देवी के प्रतिनिधि व डीएम मनीष बंसल व भाजपा नेता रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



सड़कों का लोकार्पण करते राज्यमंत्री के प्रतिनिधि व डीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रहोली रोड पर राज्यमंत्री के प्रतिनिधि व जिलाधिकारी ने जनपद की 25 सड़कों का लोकार्पण किया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम का प्रसारण मौजूद लोगों को दिखाया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं सहित जनपद के अधिकारी मौजूद रहे।

रविवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल सड़कों का लोकार्पण किया। जिसको लेकर रहोली रोड पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण देखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी के पति रामपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों पर जाल बिछाया गया है। जिससे अब ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। पहले की सरकारें ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर ध्यान नहीं देती थीं। इसके बाद रामपाल सिंह व जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपद की ग्राम क्षेत्र की 25 सड़कों का लोकार्पण किया। इस दौरान एसडीएम नीतू रानी, सीओ प्रदीप कुमार सिंह, चंद्रपाल सिंह, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, विनोद कुमार बिन्नी, विनोद शर्मा, पंकज शर्मा, इंद्रपाल सिंह चौहान, शरद शर्मा, फईमुद्दीन, शुभम अग्रवाल, अमन कोरी, राजकुमार यादव सहित भाजपा नेता मौजूद रहे।

# खेत से निकलकर आई बैलगाड़ी से टकराई बाइक, युवक की मौत

संवाददाता, संभल/रजपुरा



**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में रजपुरा-बहजोई लिंक मार्ग पर खेत से निकलकर आई बैलगाड़ी से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

जुनावई थाना क्षेत्र के गांव मणिकावली निवासी बृजेश कुमार (35 वर्ष) पुत्र बदन सिंह रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव ब्यौरा में स्थित ससुराल में करीब 10 साल से रहता था। रविवार को शाम बृजेश कुमार बाइक पर सवार होकर रजपुरा से गांव ब्यौरा के लिए चला। गांव सैंडोरा के पास पहुंचा तो खेत से निकलकर आई बैलगाड़ी से बाइक टकरा गई। हादसे में बृजेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दो लोग घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कार चालक ने स्टेशन रोड पर ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक व एक व्यक्ति घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कार को कब्जे में लिया है। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। संभल निवासी दिनेश पुत्र रघुनंदन प्रसाद शर्मा को घर जाने के लिए बस में सवार होना था। वह ई-रिक्शा में सवार होकर जा रहे थे। जब ई-रिक्शा स्टेशन रोड स्थित विशाल मेगा मॉट के सामने पहुंचा तो सामने से आ रही कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में कार का टायर फट गया और ई-रिक्शा सवार दिनेश व चालक राहुल कश्यप पुत्र पप्पू निवासी मौलागढ़ घायल हो गए। बताया जा रहा है कार चालक माल गोदाम रोड स्थित मयूर बार से आ रहा था। इसने रेलवे स्टेशन के पास भी कई और वाहनों में टक्कर मारी।

## सार संक्षेप



चन्दौसी में अर्द्धसैनिक बल के साथ पैदल मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार

### पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ निकाला पैदल मार्च

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अर्द्धसैनिक बल ने पुलिस के साथ संवेदनशील क्षेत्र व सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पैदल मार्च किया। साथ ही लोगों से चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। रविवार की दोपहर 12 बजे क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने पुलिस व अर्धसैनिक बल के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों से चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था व भाईचारा बनाए रखने, किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की।



भाजपा की बैठक को संबोधित करते भुवनेश राघव। ● अमृत विचार

### देश को प्रगति के पथ पर ले जा रही मोदी सरकार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी नरौली मंडल के द्वारा गांव खेड़ा खास में आईटी सेल एवं सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। भाजपा के लोकसभा सह संयोजक भुवनेश राघव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आईटी एवं सोशल मीडिया का राष्ट्र हित में बढ़-चढ़कर उपयोग करें। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आईटी एवं सोशल मीडिया के क्षेत्र में क्रांति लाये हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार भारत को निरंतर प्रगति की ओर ले जा रही है। गांव-गांव विद्युतीकरण व सड़कों का जाल, सड़कों का चौड़ीकरण, एक्सप्रेसवे का तेजी से निर्माण हो रहा है। कौशल विकास योजना से युवाओं का भविष्य निर्माण हो रहा है। भारत आयुष्मान कार्ड से प्रति व्यक्ति 5 लाख तक का निशुल्क इलाज प्रतिवर्ष किया जाएगा। मुद्रा योजना द्वारा पांच से 10 लाख रुपये तक का ऋण देकर बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। आवासहीन गरीब व्यक्तियों को पक्के मकान दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरवेश राघव, डॉ. प्रदीप चौहान, लवकुश राघव, सत्यपाल सिंह पाल, विनय कुमार, रिंकू सिंह, अमन श्रीवास्तव, दीपांशु भारद्वाज, विनीत राघव आदि उपस्थित रहे।

### पति व प्रेमिका पर मारपीट का आरोप, दी तहरीर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महिला ने पति व उसकी प्रेमिका पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

महिला अनीता यादव ने तहरीर में कहा है कि उनका पति बिजनौर में हेड कांस्टेबिल के पद पर तैनात है। उनके पति की दूसरी महिला से संबंध हो गए हैं, जबकि पहली पत्नी से तलाक नहीं हुआ है। आरोप है कि आरोपी पति अपनी पहली पत्नी व बच्चों के पालन-पोषण के लिए कोई पैसा नहीं देता। रविवार की सुबह दस बजे महिला को जानकारी हुई कि शक्ति नगर वाले मकान पर उनका पति व प्रेमिका आए हैं। तो महिला अपने दो बच्चों के साथ मौके पर पहुंच गई। आरोप है कि जहां पति व उसकी प्रेमिका ने महिला व बच्चों के साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई।

# व्यापारी और समाजसेवी किए सम्मानित

संवाददाता, चन्दौसी



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यक्रम में सम्मानित व्यापारी।

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का 16वां व्यापारी सम्मान महासम्मेलन सीता रोड स्थित साहू झुन्नीलाल धर्मशाला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलित करके किया।

तदोपरांत व्यापारी शिरोमणी अवॉर्ड, व्यापारी अर्जुन शिरोमणी अवॉर्ड, विशिष्ट सेवा अवॉर्ड, उत्कर्ष सेवा अवॉर्ड से व्यापारियों व समाजसेवियों को सम्मान पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद संभल से 251 व्यापारी व समाजसेवी महिला व्यापारी व महिला समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से मनमोह लिया। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन मंत्री सतपाल गुप्ता, उमेश वार्ष्णेय, जयशंकर दुबे, विनोद कुमार

**▸▸ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का 16वां व्यापारी सम्मान महासम्मेलन**

बिन्नी, परितोष मिश्रा, हाजी एहतेशाम, रेखा रस्तोगी, अनिल अग्रवाल, वसीम अख्तर आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में संभल, सरायतरीन, बहजोई, गुन्नोर, रजपुरा, असमोली, बबराला, इस्लामनगर के व्यापारी शामिल रहे।

अध्यक्षता प्रेम ग्रोवर ने की। संचालन प्रभात कृष्ण व शाहआलम मंसूरी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सुशील अग्रवाल, अनुज वार्ष्णेय, सुभाष पाल, राजू चड्ढा, सुभाष मित्तल, विकास मिश्रा, कमल, जितेंद्र मग्गू, अशोक बजाज, डॉली शर्मा, राकेश मिश्रा, मंजू अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, अनिल आदि की भागीदारी रही।

### विद्युत आपूर्ति आज छह घंटे ठप रहेगी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा मौलागढ़ बिजली घर क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन पर कार्य किया जाएगा। जिससे सोमवार को सुबह दस बजे से चार बजे फीडर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिससे बिजली घर के वैष्णो विहार, वैशाली नगर, आवास विकास, पंचशील कॉलोनी, घटलेश्वर गेट आदि की विद्युत आपूर्ति सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक बंद रहेगी। इसके अलावा सोमवार को ही तहसील उपकेंद्र पर भी बिजली मरम्मत का कार्य किया जाएगा। जिससे क्षेत्र से जुड़े बदायूं रोड, सीकरी गेट, ओरछी चौराहा, परमानंदपुर, पथरा, तारापुर, साहूकारा मोहल्ला, महाजन मोहल्ला, साई धाम कॉलोनी, बाकरपुर भैरवी, लक्ष्मणगंज, पजाया, नखासा आदि की विद्युत आपूर्ति सुबह सात बजे से दोपहर बारह बजे तक ठप रहेगी।



कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भारत विकास परिषद नव उदय शाखा के प्रभाष अध्यक्ष

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद नव उदय शाखा चन्दौसी का पारिवारिक मिलन एवं चुनाव-मनोनयन कार्यक्रम अतुल शंकर चौधरी के आवास पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। वंदे मातरम गायन एवं मंच सज्जा के उपरांत उपस्थित सदस्यों का परिचय कराया गया। तदोपरांत नीतू अग्रवाल ने वर्ष भर में आयोजित किए गए कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। वित्त सचिव विकास गोयल ने वर्ष भर में प्राप्त धनराशि एवं व्यय धनराशि का ब्योरा दिया। मनोरंजन पारिवारिक गतिविधियों के उपरांत सत्र 2024-25 के लिए कार्यक्रम प्रांतीय संयोजक महेश कठेरिया के निर्देशन में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें वित्त सचिव विकास गोयल, सचिव सुनीता शर्मा एवं अध्यक्ष प्रभाष चंद्र चौधरी सर्वसम्मति से चुने गए। इस अवसर पर प्रतिमा गोस्वामी, रविंद्र अरोरा, अंकुर अग्रवाल, विष्णु शर्मा, पराग बंसल, पंकज शर्मा, संध्या गुप्ता, अजय शर्मा, दीपक गुप्ता, मनीष गर्ग, आशुतोष गुप्ता, कल्पना गुप्ता, साधना शर्मा, अर्चना शर्मा, मोहित गोयल, शशि चौधरी, मधुर वार्ष्णेय, नीरू वार्ष्णेय, छबि बंसल, आदि रहे।



बूथ का निरीक्षण करतीं एसडीएम नीतू रानी। ● अमृत विचार

# बंद मिला बूथ, एसडीएम हुए नाराज

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** शनिवार व रविवार को बूथ दिवस का आयोजन किया गया। रविवार को कुछ स्थानों पर बीएलओ के नहीं पहुंचने पर मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। शिकायत के बाद एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, तो बीएलओ को बैठना पड़ा।

लोकसभा चुनाव से पहले मतदान केंद्रों पर शनिवार व रविवार को दो दिन बूथ दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिन लोगों के वोट नहीं बन पाए थे, वह लोग अपना वोट बनवा लें। दोनों दिन बीएलओ अपने-अपने बूथों पर जाकर बैठे। रविवार को फव्वारा चौक स्थित गोविंद वल्लभ पंत मतदान केंद्र बंद मिला। जिससे वोट बनवाने पहुंचे लोगों को निराशा हाथ लगी। जिसकी शिकायत लोगों ने एसडीएम नीतू रानी से की। शिकायत के बाद एसडीएम विद्यालय पहुंचीं और प्रधानाध्यापक को सूचना दी। कुछ देर प्रधानाध्यापक भी मौके पर पहुंच गए और विद्यालय खोला। इसके बाद बीएलओ को मोबाइल से फोन कर बूथ पर आने की बात कही।

# एसएन शर्मा अध्यक्ष व डॉ. दुर्गा टंडन सचिव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा का सम्मान समारोह एवं चुनाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न भूमिकाओं के लिए पदाधिकारियों व सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय संरक्षक शशि भूषण शास्त्री तथा विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष पीके अग्रवाल, प्रांतीय महासचिव डॉ. गौरव वार्ष्णेय रहे।

सर्वप्रथम सचिव डॉ. दुर्गा टंडन द्वारा वार्षिक रिपोर्ट और वित्त सचिव राजेश शर्मा ने वित्तीय रिपोर्ट पेश की। अध्यक्ष एसएन शर्मा ने शाखा की संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में डॉ. दुर्गा टंडन को सर्वश्रेष्ठ संचालन सम्मान, रेखा रस्तोगी तथा जयशंकर दुबे को सक्रिय भूमिका सम्मान, राजेश शर्मा एवं प्रभात कृष्णा को श्रेष्ठ कार्यकाल सम्मान तथा सचिन गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, लता वार्ष्णेय,

**▸▸ भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा का सम्मान समारोह व चुनाव हुआ**

प्रिया गुप्ता टनटन, डॉ. श्याम गोआनी सक्सेना, आकाश अग्रवाल, प्रभात कृष्णा, अभिषेक गुप्ता, गिरींद्र अग्रवाल, विजय पांचाल, डॉ. अनुराग सक्सेना को आर्थिक सहयोग सम्मान से सम्मानित किया गया। अनिल कुमार, नीलमणि दुबे, राजीव भारद्वाज, विपिन कुमार गुप्ता, एसएन शर्मा को विकास मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। तदोपरांत नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। जिसमें लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए परिषद का अध्यक्ष एसएन शर्मा को, उपाध्यक्ष अनिल कुमार को, सचिव डॉ. दुर्गा टंडन को, वित्त सचिव दिनेश चंद्र गुप्ता को, महिला संयोजिका रेखा रस्तोगी को चुना गया। चेयरमैन लता वार्ष्णेय, सुशील सक्सैना, अनिल गोयल को संरक्षक नियुक्त किया गया। इसके बाद नगर संयोजक विपिन कुमार गुप्ता को, संयोजक संपर्क प्रभात कृष्णा को, संयोजक सेवा डॉ. जयशंकर दुबे को, संयोजक स्वास्थ्य सेवा डॉ. टीएस पाल को, संयोजक संगठन अशोक गुप्ता को, संयोजिका महिला एवं बाल विकास मीनू वार्ष्णेय को, संयोजक सांस्कृतिक कार्यक्रम राजेश शर्मा को, संयोजक गुरु वंदन छात्र अभिनंदन आशा गोस्वामी को, संयोजक भारत को जानो विजय पांचाल को, संयोजक संस्कार शैलेंद्र राघव को मनोनीत किया गया। चुनाव अधिकारी शशिभूषण शास्त्री तथा महेश कठेरिया रहे।

इस अवसर पर मनोज कुमार गुप्ता, पूनम अरोरा, कल्पना वार्ष्णेय, संगीता शर्मा, डॉ. अमिता सिंह, दीपांशी भारद्वाज, रुचि कठेरिया, एचबी शायर, राजकुमार गोयल, डॉ. मदन मोहन वार्ष्णेय, अल्का शर्मा, यतींद्र गुप्ता, आदि रहे।

### आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के कपिल बने अध्यक्ष

**चन्दौसी, अमृत विचार :** प्रत्येक वर्ष आंबेडकर जयंती पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस संदर्भ में आंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए मालगोदाम रोड स्थित आंबेडकर पार्क में बैठक हुई। जिसमें आंबेडकर युवक संघ व डॉ. आंबेडकर मैमोरियल कमेटी के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से कपिल कुमार मोनू को आंबेडकर जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति का अध्यक्ष चुना। सतीश प्रेमी ने बताया कि इस वर्ष निकाली जाने वाली शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। इस अवसर पर एके सिंह, मलखान सिंह, शिशुपाल प्रेमी, सुधाकर सुमन, सोनू, सतीश भारती, योगेश, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, संजय बाबा, राजवीर, द्वारका प्रसाद, हेमराज सिंह, रामगोपाल एडवोकेट, अशोक एडवोकेट, राहुल, शेखर, प्रेमपाल, दीपचंद ठेकेदार, गोपेश भारती आदि रहे।



चन्दौसी में आंबेडकर युवक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत करते लोग।

### जिला अस्पताल में ब्लड बैंक का उद्घाटन आज

**संभल, अमृत विचार :** जिला अस्पताल संभल में तैयार कराई बिल्डिंग में ब्लड बैंक का उद्घाटन सोमवार को होगा। ब्लड बैंक उद्घाटन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी के अलावा डीएम और अन्य अधिकारी रहेंगे। ब्लड बैंक की शुरुआत होने से लोगों को ब्लड को लेकर बड़ी सहूलियत मिलेगी।

जिला अस्पताल में ब्लड बैंक के संचालन को लेकर हाल ही में लाइसेंस मिला है। जिसके बाद सोमवार को ब्लड बैंक का विधिवत उद्घाटन किया जाना है। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी द्वारा दोपहर 1 बजे उद्घाटन किया जाएगा। डीएम मनीष बंसल और अन्य अधिकारी भी रहेंगे। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.अनूप कुमार अग्रवाल ने बताया कि ब्लड बैंक में गर्भवती महिलाओं और सड़क हादसों के घायलों को निःशुल्क ब्लड की व्यवस्था रहेगी।

**खबर का असर** पालिकाध्यक्ष के पति ने पालिका के कर्मियों के साथ मौका मुआयना कर समस्या समाधान का दिया आश्वासन

# माल गोदाम रोड पर चोक नाले का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



चोक नाले की जानकारी लेते पालिकाध्यक्ष के पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी।

**अमृत विचार :** नगर पालिका क्षेत्र के माल गोदाम रोड पर नालों की सफाई नहीं होने से चोक हो गए हैं। जिससे पानी निकासी का कार्य पूरी तरह बंद हो गया है। नागरिकों की शिकायत पर रविवार को पालिकाध्यक्ष के पति ने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ मौका का मुआयना कर नागरिकों को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। बता दें कि शहर के अधिकांश नाले चोक की खबर को रविवार के दिन अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाते हुए प्रकाशित किया है।

नगर पालिका की ओर से शहर के अनेक नालों की सफाई नहीं कराई गई है। जिससे नाले कूड़ा करकट व गंदगी से अटे पड़े हैं। मालगोदाम रोड पर भी नाले का यही हाल है। जिससे नाला पूरी तरह चौक होने से पानी निकासी पूरी तरह बंद हो गई है। जिससे नाले का पानी सड़क पर भरना शुरू हो गया है। माल गोदाम रोड के बाशिंदों ने समस्या की शिकायत पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय से की थी। रविवार की दोपहर पालिकाध्यक्ष के पति अखिलेश


समस्या
आधा दर्जन नाले कूड़ा करकट से अटे, पानी की निकासी हुई बंद
नाले चोक, बरसात में होगी जलभराव की समस्या
कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

कुमार खिलाड़ी, कार्यवाहक ईओ केके अग्रवाल व नगर पालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और नाले का निरीक्षण किया। मौके पर नागरिकों ने पालिकाध्यक्ष के पति को स्थिति से अवगत कराया और शीघ्र समस्या के समाधान की मांग की। कार्यवाहक ईओ ने बताया कि शीघ्र ही नाले की सफाई कराई जाएगी। इसके बाद जल निकासी की समस्या खत्म हो जाएगी और लोगों को परेशानी नहीं होगी।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद ने शहर के नालों की सफाई का कार्य कराया था। मगर कुछ नालों की सफाई नहीं कराई गई। जिससे मोहल्ला लोधियान, अजंता टाकीज के सामने, गणेश मेला ग्राउंड के सामने, रामकृष्ण धर्मशाला से आगे, एनकेबीएमजी कॉलेज के बाहर सहित अन्य नाले अभी भी कूड़ा करकट से अटे हैं।

### लेखपाल पर कार्रवाई नहीं जाति प्रमाण पत्र निरस्त

**कुंवरगांव(बदायूं), अमृत विचार :** लेखपाल ने दिव्यांग ओबीसी युवक का एससी जाति प्रमाण पत्र बना दिया था। जब वह ट्रायल रिक्शा को आवेदन करने पहुंचा तो फर्जीवाड़ा सामने आया। मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने पर प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया लेकिन लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई न हो सकी।

सालारपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव अंबियापुर निवासी मोरपाल पुत्र राजाराम दिव्यांग यादव ओबीसी हैं। वह विकास भवन में ट्रायल रिक्शा को आवेदन करने पहुंचे थे। अधिकारियों ने आवेदन का अवलोकन किया गया। इसके बाद अधिकारी ने मोरपाल से पूछा आप किस जाति से हो तो उन्होंने बताया कि यादव ओबीसी हैं। इसके बाद अधिकारी ने पत्रावली से एससी का प्रमाण पत्र निकाल कर अलग कर दिया। मामला तहसील स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद जारी किए गए जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया।

### छात्र-छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई महाविद्यालय बहजोई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे गांव श्रीनगर कनेटा में आयोजित कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं ने साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। गोष्ठी की शुरूआत लक्ष्मीबाई टोली की प्रेरणा और महिमा ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाकर की। द्वितीय सत्र में डॉ.सचिन सक्सैना मेमोरियल हेल्थ केयर एजुकेशन सोसायटी संभल के सौजन्य से डॉ. ऋतु सक्सैना के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा स्वयंसेवियों के ब्लड ग्रुप को चैक किया गया। इस दौरान रामतीरथ, भुवनेश कुमार, देव,डॉ. मानसिंह व डॉ.उमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

### सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार, रहे शांति व्यवस्था

**संभल, अमृत विचार :** डीएम मनीष बंसल और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने संभल के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आगामी त्योहारों, कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत संभ्रांत लोगों और धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की। अधिकारियों ने आगामी त्योहारों को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। कहा कि जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस का सहयोग किया जाए। अधिकारियों ने जरूरी निर्देश भी दिए। इस दौरान सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी, सीओ असमोली संतोष कुमार सिंह आदि अधिकारी रहे।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# ईसी के इस्तीफे पर सवाल

लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा बहुत सारे सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि उनके इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। परंतु उनका इस्तीफा अप्रत्याशित तो है ही। विपक्षी दलों ने रविवार को पूछा कि क्या उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या केंद्र सरकार के साथ किसी मतभेद के कारण यह कदम उठाया है। उनका कार्यकाल 5 दिसंबर, 2027 तक था और अगले साल फरवरी में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद वह मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) बन जाते। गौरतलब है कि अरुण गोयल 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 21 नवंबर 2022 को चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाला था। उनकी नियुक्ति विवादों में थी क्योंकि अपनी नियुक्ति से पहले यानी 18 नवंबर 2022 को ही उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी लेकिन 3 अगस्त 2023 को मंजूरी दे दी गई। गोयल पिछले पांच वर्षों में पद छोड़ने वाले दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। अशोक लवासा ने एशियाई विकास बैंक में शामिल होने के लिए 2020 में इस्तीफा दे दिया था। फरवरी माह में अनूप पांडे की सेवानिवृत्ति और गोयल के इस्तीफे के बाद तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग समिति में अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हैं। यानि लोकसभा चुनाव से पहले भारत का चुनाव आयोग पूरी तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त के हाथों में आ गया है। कहा जा रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ मतभेद के कारण अरुण गोयल को इस्तीफा देना पड़ा। पिछले दिनों मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त संसदीय चुनावों की तैयारियों की निगरानी के लिए कई राज्यों के दौरे पर थे। अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ-साथ रहे। गोयल ने पश्चिम बंगाल में तैयारियों के बारे में मीडिया को जानकारी देने के लिए कोलकाता में प्रेस क्रांफ्रेस में भाग लेने से इनकार कर दिया था। सीईसी ने उल्लेख किया था कि गोयल स्वास्थ्य संबंधी कारणों से दिल्ली लौट आए थे। अब उन्होंने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गोयल ने ऐसे समय मे इस्तीफा दिया है जब चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बांड की जानकारी आयोग की वेबसाइट पर देनी है और लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। ऐसे में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त सारी जिम्मेदारियों को अकेले कैसे निपटाएंगे क्योंकि चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति में आमतौर पर समय लगता है।

# भारत की विरासत में रचा-बसा है वैज्ञानिक दृष्टिकोण



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है।

भारत के आमजन में विज्ञान के प्रति समझ की भारी कमी है और विकसित देशों के लोगों में यह अधिक है। परन्तु कोई भी बौद्धिक यह स्पष्ट नहीं कर पाता कि कौन से विज्ञान की समझ कम होने की बात वे करना चाहते हैं? देशज और पारंपरिक विज्ञान की अथवा, मॉडर्न एवं अत्योन्नत आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजी की। 'आमजन', 'टेम्परामेंट', 'विज्ञान', 'साईंस पॉपुलराईज़ेशन', 'पॉपुलर साईंस एंड टेक्नालजी' में मूर्त और अमूर्त का ख्याल और मजमून अर्थात टेंजिबल और ईंटेंजिबल कंटैंट को समझना है तो विज्ञान के देशज और आधुनिक दोनों ही प्रकार के इतिहास को समानांतर रूप से समझना होगा और देशज शब्दावली को भी अपने प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन के जरिए से जानना होगा।

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है। इन दोनों में अन्वेषण की प्रक्रियाओं और मूल प्रवृत्तियों में क्या भेद है, इसने मनुष्य की समझ में किस प्रकार का और मात्रात्मक रूप से कैसे और कितना इजाफा किया, जानना भी आमजन के लिए अब जरूरी हो गया है। उदाहरण के लिए कृषि क्षेत्र में 21 फसलों के लिए मिनिमम सपोर्ट-प्राइस के कांसेप्ट के उदय में परिवार और समाज का ताना-बना, पर्यावरणी और मौसमी घटकों के बाद साइंस और टेक्नोलॉजी तो है ही लेकिन मानव व्यवहार और इकोनॉमिक्स की अपेक्षाकृत इसमें प्रबल भूमिका है जिसे आमतौर से कम महत्व मिला है। इन तत्वों के दृष्टिगत गहन परीक्षा किए जाने के उपरांत भी किसान इसलिए अशांत है कि प्रत्येक घटक अपनी जगह कायम होने के बावजूद किसान का जीवन-यापन कठिनता से होता है। इसीलिए इस मामले को सुलझाने के लिए हमें नए घटक तलाशने होंगे और किसान के जीवन से जुड़े हर उस पहलू को बचाना होगा जिससे देश की फ़ूड सिक्यूरिटी के अलावा इनके कल्याण का मामला संबंद्ध है। इसी से जुड़ा हुआ एक मसला है फसलों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी कीट-पतंगों के जीवन चक्र को पेस्टिसाइड के इस्तेमाल से नष्ट कर देना जिसके बारे में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का इस्तेमाल नहीं किया गया। परिणाम को देखकर अब उन कीट-पतंगों और क्षेत्र-रक्षक जीवों को फिर से इंट्रोड्यूस करने की कवायद जारी है जिन्हें किसान और फसलों का 'शत्रु' करार दिया गया था।

आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इशितहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं।

आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। आमजन और स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इशितहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया गया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं। कोशिश की जाती कि कुछ घंटे के लिए या एक दिन के लिए माहौल को 'विज्ञानमयी' बनाया जाए ताकि इसका स्मृति-अंश उपस्थित आमजन के जीवन में प्रवेश करे और इसकी छाप दैनंदिन दिखाई दे। ऐसा करने से उपस्थित जनों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत होने का अनुमान तो होता है लेकिन इसे कभी आंशिक रूप से मापा नहीं गया है जैसे कि हमारे घरों में पारंपरिक रसोई में फ़ूड प्रसंस्करण की प्रक्रिया के वैज्ञानिक लाभ या फिर पैर में डाले वाले जाने वाले अनेक प्रकार के उन जूतों की बनावट और इनके असर को ज्ञात करना जो सिंथेटिक या नेचुरल मेटेरिअल से बने होते हैं। जूतों को रक्षात्मक कवच के तौर पर पहनने के लिए और आहार को पेट भरने से अधिक आमजन कुछ अधिक नहीं जानना चाहते। मन में साइंटिफिक इंवेस्टिगेटर बनने के लिए रुझान तो पैदा हो सकता है, लेकिन वह वैज्ञानिक बन कर कोई खोज या अन्वेषण कर सकेगा या रोजमर्रा के जीवन में वैज्ञानिक जानकारी का प्रयोग भी एक व्यक्ति करेगा, यह 'प्रीडिक्ट' करना नामुमकिन है। विज्ञान की समझ पैदा करना अर्थात पब्लिक अंडरस्टेंडिंग ऑफ़ साइंस और विज्ञान का एकतरफा 'लोकप्रियकरण' दो अलग स्थितियां हैं। इन दो किस्म के आयोजनों में विषयों और ऑब्जेक्ट्स की और ऑडियंस की भिन्नता ही दृष्टिगत नहीं रहती वरन विज्ञान के इतिहास, हमारे जीवन में इसके क्रिटिकल रोल, वैज्ञानिक अनुसंधान की डायनामिक्स, ऐसी समस्याओं की पहचान की पद्धति जिन्हें वैज्ञानिक रीति से सुलझाने के लिए स्टडीज की डिजाईनिंग किस प्रकार से की जा सकती है, इस बारे में जानकारी का संप्रेषण और ग्रहण, वैज्ञानिक शोध के प्रकाशन के तौर-तरीकों, डेटा मैनेजमेंट एंड सिक्यूरिटी और व्यावहारिक विज्ञान और, वैज्ञानिक विमर्श में क्रिटीकैलिटी जैसे महत्वपूर्ण नुक्तों को छुआ तक नहीं जाता। नए ज्ञान का सृजन करने के लिए स्वतःस्फूर्त पड़ताल प्रक्रिया की प्रवृत्ति और पैनी निगाह का युवजनों में विकसित होना देश में वैज्ञानिक प्रगति के मौजूदा मुकाम से आगे निकलने के लिए अत्यावश्यक है। जाहिर है सन 1929 से ही देश में राजनैतिक नेतृत्व के लिए यह विमर्श का विषय रहा है। इस आशय का पहला संदेश लाहौर में कांग्रेस पार्टी के अधिवेशन के दौरान प्रथम प्रधानमंत्री बने जवाहरलाल नेहरु ने देश के लोगों के सामने रखा था।

विज्ञान दिवस जैसे आयोजन का तात्पर्य मनोरंजन और भाषण बाजी नहीं बल्कि दीर्घ काल से पोषित और संवर्द्धित होती रही उस भावना को ताजा करने की एक प्रक्रिया मात्र है जो भारत की विरासत में रचा-बसा है। इसीके अंतर्गत देश के लिए नेशनल साइंस पालिसी डॉक्यूमेंट में उचित समय पर आवश्यक संशोधन किए जाते रहे। विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए दूसरी पंचवर्षीय योजना के ड्राफ्ट में ही उक्त आशय के लिए एक नीति निर्देश नेहरू जी ने डलवा दिया था। यह सब इस बात से अधिक ताल्लुक रखने वाला है कि उक्त निर्देश का पालन करने के लिए देश में किस किस्म के प्रोग्राम डिजाईन किए जाने जरूरी समझे गए और इनका क्या असर जनमानस पर हुआ। निश्चित रूप से यह बढ़ा है, जैसा कि तीस-बत्तीस वर्ष पूर्व नेशनल कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन द्वारा प्रायोजित एक सर्वेक्षण से मालूम हुआ था जिसे प्रयाग में संपन्न हुए महाकुंभ मेले के दौरान सूचनाएं जुटाने के बाद की गई एनालिसिस ने जाहिर किया। विभिन्न आयोजनों के अंतराल के बीच भारत सरकार ने देश में कुछेक स्थानों पर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च जैसे संस्थानों की स्थापना की है और प्रांतीय स्तर पर राज्य कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की भी, परन्तु राज्य स्तर के संस्थान विज्ञान लोकप्रियकरण के मामले में बेहद सुस्त पाए गए हैं जिनकी राज्यवार स्थापना का कार्य सन 1871 से ही शुरू हो गया था। पाया गया कि इन कौंसिल्स का विज़न 'फ्रैक्चर्ड' अर्थात विखंडित रहा जिसकी वजह इनका सुस्त रवैय्या रहा। अपने राज्य के लोगों में विज्ञान के प्रति रुझान को उत्तरोत्तर बढ़ाने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को संवारने और संवृद्ध करने में इनमें से अधिकांश नाकामयाब रहे हैं। इनसे बढ़िया असर तो 'विज्ञान एक्सप्रेस' रेलगाड़ी का रहा जिसे पहली बार सन 2007 से 2010 और पुनः सन 2011 से 2014 तक पूरे देश में 100 स्टेशनों पर दो-तीन दिन के लिए थामा गया था। इसकी 'इम्पैक्ट एसैस्मेंट स्टडी' उत्साहवर्द्धक रही थी। विज्ञान संबंधी नियमित किस्म की ऐसी गतिविधियों से अवगत कराने के लिए जोकि 'पब्लिक इंटरेस्ट' की होती हैं, मीडिया द्वारा ज्यादातर गौण समझ कर छोड़ दी जाती रही हैं।

देश में विज्ञान नगरियों (साइंस सिटी) की स्थापना का काम भारत में पूर्व प्रधानमन्त्री इंद्र कुमार गुजराल के समय में शुरू हुआ था। मतलब यह कि भारत में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति आमजन में समझ को वर्टीकल और हॉरिजॉन्टल दोनों ही तरीके से ऊपर उठाए जाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद है।

## प्रसंगवश

# गरचे टेलीफोन न बनता

सोचिए यदि टेलीफोन न होता तो ? दुनिया दूरियों में खो जाती। पृथकता गहराती। फासले लंबाते। मानवता बस चिंदी चिंदी ही रह जाती। 148 साल पूर्व 10 मार्च को एक घटना ने सब कुछ बदल डाला। तभी 29-वर्षीय एलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलीफोन को इजाद किया। उनका तुक्का भिड़ गया। उनकी टोपी में तुर्रा तभी से लग गया। एकदा वे तार का एक सिरा पकड़े अलग कमरे में दूसरा छोर पकड़े मित्र से बोले :' वाटसन मैं मिलना चाहता हूं।' चंद लम्हों में ही वाटसन आ गए और हर शब्द दुहराए जो उन्होंने सुने थे। बस दूरभाष अवतीर्ण हो गया। ग्राहम बेल की विवशता थी कि उसकी मां और पुत्री बधिर थीं। एक वाणी चिकित्सक होने के नाते ग्राहम बेल बहरों से संकेतों द्वारा बातें करने का प्रयास करते थे। यही इस युगांतरकारी अविष्कार की जननी रही।

ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

ग्राहम ने "बेल कंपनी" स्थापित की। सफर मीलों चला। पेटेंट मिला। मगर अमेरिका के विधि अधिकारियों ने अड़चने पैदा की। अंततः कामयाबी मिल ही गई। तेरह साल की आयु में ही ग्रेजुएट बनने वाले ग्राहम बेल तीन साल बाद मशहूर संगीत अध्यापक भी बन गए। अर्थात ध्वनि, वाणी और संचार के निष्णात। उन्होंने कम्युनिकेशन तकनीक में भी दूरगामी और लाभकारी अविष्कार किए। संचार क्रांति के जनक कहलाए।

ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है। ये सभी ऐसी तकनीक पर आधारित हैं, जिसके बिना संचार-क्रंति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अलेक्जेंडर ग्राहम बेल को शायद अंदाजा नहीं रहा होगा जब उस जमाने की अपेक्षाकृत कम चर्चित उनकी दूसरी खोज मेटल डिटेक्टर आने वाले समय में आतंकवाद सहित अन्य प्रकार के अपराधों से लड़ने में कारगर उपकरण साबित होने वाली है। पुलिसिया जांच में आज बड़ी कारगर है। टेलीफोन की खोज के बाद बेल उसमें सुधार के लिए प्रयासरत रहे और 1915 में पहली बार टेलीफोन के जरिए हजारों किलोमीटर की दूरी से बात की।' न्यूयार्क टाइम्स' ने इस घटना को काफी प्रमुखता देते हुए इसका ब्यौरा प्रकाशित किया था। इसमें न्यूयार्क में बैठे बेल ने सैनफ्रांसिस्को में बैठे अपने सहयोगी वाटसन से बातचीत की थी। उनकी विभिन्न खोजों पर उनके निजी अनुभवों का भी प्रभाव रहा। मसलन जब उनके नवजात पुत्र की सांस की समस्याओं के कारण मौत हो गई तो उन्होंने एक मेटल वैक्यूम जैकेट तैयार किया जिससे सांस लेने में आसानी होती थी। उनका यह उपकरण 1950 तक काफी लोकप्रिय रहा और बाद के दिनों में इसमें और सुधार किया गया। अपने आसपास कई लोगों को बोलने एवं सुनने में कठिनाई होते देख उन्होंने इस दिशा में भी अपना ध्यान दिया और सुनने की समस्या के आकलन के लिए आडियोमीटर की खोज की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के अलावा वैकल्पिक ऊर्जा और समुद्र के पानी को मीठा बनाने की दिशा में भी काम किया। ग्राहम बेल की जीवनी लिखने वाले कैरलोट ग्रे के अनुसार बेल के नाम 18 पेटेंट दर्ज हैं। इसके अलावा 12 पेटेंट उनके सहयोगियों के साथ दर्ज हैं। इन पेटेंटों में टेलीफोन, फोटोफोन, फोनोग्राफ और टेलीग्राफ शामिल हैं। उन्होंने आइसबर्ग का पता लगाने वाला एक उपकरण भी बनाया था। जिससे समुद्री यात्रा करने वाले नाविकों को खासकर अत्यधिक ठंडे प्रदेशों में विशेष मदद मिली।

अक्सर पत्रकारी नजरिए से हमें ख्याल आता है कि यदि ग्राहम बेल के ईजाद न होते तो मीडिया दुनिया ही विकलांग रहती। यही सवाल मेरी यांत्रिकी इंजीनियर बेटी (रेलवे बोर्ड में राष्ट्रीय धरोहर विभाग की कार्यकारी निदेशिका) विनीता ने वर्षों पूर्व मुझसे पूछा था : ' पिताजी यदि ग्राहम बेल न होते तो ?' मेरा खरा जवाब था :'आज वैश्विक मीडिया गूंगी रहती।' मगर संचार क्रांति में निरंतर विकास देखकर आह्लादित होना हर पत्रकार के लिए स्वाभाविक है। एलेक्जेंडर ग्राहम बेल को सलाम।

# नियमों से बंधे हुए हैं अधिकारी और कर्मचारी



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है।

सरकारी संस्थाओं के बेजा इस्तेमाल से विरोधी पक्ष को दबाने की प्रवृत्ति इन दिनों दुनिया में काफी बढ़ गई है। और ये सब अनुशासन बहाली के नाम पर किया जा रहा है। जय प्रकाश नारायण के बिहार आंदोलन के समय उन्होंने पुलिसबल से आदेशों को नही मानने का आह्वान किया था। सरकार ने उन पर अनुशासनहीनता और देशद्रोह का आरोप लगा कर उन्हें गिरफ्तार किया था।

इस आंदोलन के बाद एक सवाल बहुत जोर से उभरा कि क्या सरकारी कर्मचारी सरकार के नियम विरुद्ध/गैरकानूनी आदेशों को भी मानने के लिए बाध्य है। जो इसका जवाब हां में देते हैं वो मुख्यतः तीन तर्क देते हैं। अगर एक सरकारी कर्मचारी अपने सुपीरियर के नियम सम्मत या विपरीत किसी आदेश को नही मानेगा तो अनुशासन नहीं रह पाएगा। और ऐसी अनुशासनहीनता करने पर वो दंड का अधिकारी होगा। तीसरा आदेश के सही गलत होने पर निर्णय लेने का उसका अधिकार नहीं। इससे बहुत समस्या पैदा होगी।

प्रथम दृष्टता ये बात सही प्रतीत होती है कि अनुशासन का होना जरूरी है। लेकिन वास्तव में ये कुछ ऐसा है कि अगर प्रत्येक कर्मचारी अनुशासन से बंधा है तो प्रत्येक अधिकारी भी कानून से बंधा हुआ है। वो कानून विरुद्ध कोई मनमाना आदेश नही दे सकता। अगर अधिकारियों को ये अधिकार दे दिया जाए तो देश मे अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी।

आदेशों को नहीं मानने के संबंद में एक तर्क ये दिया जाता है कि इससे मातहत दंड अधिकारी होगा। लेकिन ये कानून की गलत व्याख्या है। मातहत केवल नियम सम्मत आदेशों को ही मानने के लिए बाध्य है। और अधिकारी भी केवल नियम सम्मत आदेश देने के लिए। नियम विरुद्ध आदेशों को नहीं मानना अधिकारी की अवहेलना हो सकती है, कानून की नहीं। देखा जाए तो कर्मचारी और अधिकारी दोनों नियमों से बंधे हुए हैं। नियम विरुद्ध कोई भी बात मानना बाध्यकारी नहीं है। अनुशासन से यहां मतलब कानून के प्रति अनुशासन, ना कि किसी व्यक्ति विशेष के प्रति जो उस वक्त पद पर है। इस बहस का कानूनी पक्ष ये है कि नियम विरुद्ध आदेश को मानने से इनकार करने पर कर्मचारी किसी अनुशासन को भंग नही करता बल्कि वो कानून के शासन की वकालत करता है।

चरणदास नारायण सिंह बनाम राज्य - हवलदार हरनाम सिंह ने अपने मातहत चरण दास को उन परिस्थितियों में गोली चलाने का आदेश दिया, जिसे कोर्ट ने नियम विरुद्ध माना। कोर्ट ने माना कि हरनाम सिंह के आदेश का उन परिस्थितियों में कोई औचित्य नहीं था और चरण दास ने उस आदेश का पालन नहीं कर कानून का पालन ही किया है। आर्मी एक्ट 1950 का सेक्शन 41 भी केवल नियम सम्मत आदेशों के उल्लंघन को ही अनुशासनहीनता मानता है। क्वीन इम्प्रेस बनाम सुभा नाइक - स्टेशन अफसर ने अपने मातहत कॉन्स्टेबल को फसल काटने वालों पर गोली चलाने का आदेश दिया। एक व्यक्ति मारा गया। कोर्ट ने माना कि आदेश नियम सम्मत नहीं था और कॉन्स्टेबल के साथ उसके मातहत को भी अपराधी माना। मातहत को इस आधार पर छूट नही मिली की उसने तो केवल अपने सुपीरियर के आदेश का पालन किया था। चमन लाल बनाम एम्परर - न्यू सेंट्रल जेल, मुल्तान के डिप्युटी सुपरिटेंडेंट चमन लाल और उनके हेड वार्डन सेवा राम दोनों पर कैदियों को बेरहमी से पीटने का आरोप था। इसमे दो कैदियों की मृत्यु हो गई थी। कोर्ट ने दोनों को दोषी पाया और सेवा राम को इस आधार पर माफी नहीं मिली कि उसने तो केवल अपने अधिकारी के आदेश का पालन किया था।

मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है। लेकिन इसका कानूनी पक्ष ये है कि अपराधी ठहराएं जाने पर उसे इस आधार पर माफी नहीं मिलेगी क़ि उसने तो केवल अधिकारी के आदेश का पालन किया था।बहरहाल ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जहां हम देखते हैं कि आदेशों को नहीं मानने को भी नियम सम्मत माना गया। लेकिन इसके लिए जिगरा चाहिए जो खुद सही और गलत के बीच निर्णय ले अपने अधिकारी के आदेश को मानने से इनकार करे। वैसे एक सच ये भी है कि एक पुलिस/मिलिट्री की सेवा के हालात बहुत कठिन होते हैं। अपने अधिकारी के आदेशों को नही मानने पर वो सेवा शर्तों के अनुसार दंड का अधिकारी होता है और मानने पर कई बार वो कोर्ट की नजर में अपराधी सिद्ध होता है।

## सोशल फोरम

# एक सांस की अहमियत

बचपन में सब पूछते थे की कौन सा खिलौना पसंद है। ज़रा बड़े हुए तो पूछा कौन से कपड़े पसंद हैं। हाईस्कूल पास करके आगे बढ़े तो पूछा क्या बनना चाहते हो। मेरे पास गिनाने को खिलौने थे, कपड़ों की डिज़ाइन थी और करियर के हज़ार ऑप्शन थे बस यह नही पता था कि एक अदद सांस को कैसे ज़िंदा रखा जाए। झूठ, धोखे, मतलब परस्ती के बीच ज़िंदगी के एक, सिर्फ़ एक क़तरे को कैसे बचाए रखा जाए। किसी ने नहीं पूछा कि इन सांसों को कैसे बचाओगे, जब यह छूट रही होंगी। किसी ने नहीं कहा जब खिलौने, कपड़े, करियर अपना रंग छोड़ेंगे, तब ज़िंदा कैसे रहोगे ।



हफीज किदवई
लेखक

एक सांस के लिए जब जी तड़पेगा। तब कैसे ख़ुद को संभालोगे। किसी ने उस सांस का मोल क्यों नही समझाया, जो दुनिया की हर ख़्वाहिश, हर ज़रूरत से बड़ी थी। मौत सामने हो और पीठ पीछे सारी ख्वाहिशें, सारे ख़्वाब, सारी हसरतें, उनका क्या ही करें। यह लगने लगे कि ज़माने की दौड़ में आपकी आवाज़ के लिए कोई कान नहीं है । लड़खड़ाते वक़्त पकड़ने को कोई हाथ नही है। डगमगाते वक़्त रोकने वाला कोई नहीं है। जिनपर वक़्त ख़र्च किया, उनके पास आपके लिए ही वक़्त नहीं है । जिनके साथ एतबार का रंग पक्का किया, वह रंग उतरकर फीके पड़ जाए। कोई अपना ही उम्मीद की सुनहरी चिड़िया के पर नोच दे । तो क्या करना है । मुझे नही पता कि ज़िंदगी की एक सांस की अहमियत क्या है। वरना जब कोई बचपन में पूछता कि क्या चाहिए, मैं कहता कि ज़िंदगी। हाईस्कूल में कोई पूछता की क्या बनोगे, तो मैं कहता कि सांसों को बुनूंगा । कोई मुझसे कपड़े के बारे में पूछता, तो कहता यार, सांसों के रंग को उकेरूंगा । मैं समझदार होता, तो बतलाता की सब कुछ होगा, बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता, उसके लिए मनसूबे बनाता। मैं समझदार होता, तो बतलाता की सब कुछ होगा, बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता, उसके लिए मनसूबे बनाता।

वक़्त होता तो मैं बचपन में ही बोल देता की हां मुझे खिलौना न दो, बस ज़िंदगी को खिलौना न बनने देना, कोई जीभर खेले और फिर मुंह मोड़कर कह जाए, दिल भर गया.... दुनिया में सबसे बेईमान चीज़ को अपने साथ सारी ज़िन्दगी लेता फिरा, फिर भी वह साथ छोड़ती नहीं और साथ देती भी नही, मेरी बेवफ़ा सांसें....

-फेसबुक वॉल से

# किसे फिक्र है हमारी

'सिमोन द बोउआर' कहती हैं कि स्त्रियां पैदा नहीं होती हैं गढ़ी जाती हैं। सच ही तो है कि हमें अपने अस्तित्व का औचित्य साबित करने के लिए लोगों से प्यार करना होता है उनकी चिंता करनी होती है तभी हमारा समाज एक औरत को जीवन को सार्थक समझता है। भले ही बदले में हमें कुछ न मिले और खुद को छला हुआ महसूस करते रहें किसे फ़िक्र है हमारी? जमाने भर की चिंता फिकर हो या दुनिया भर का प्यार सब करके भी हम खुद को ठगा ही महसूस करते रहेंगे हमेशा। जब तक ये हम खुद नहीं समझेंगे कि हम भी उतने ही इंसान हैं जितना कि पुरुष। संवैधानिक रुप से हर वो नियम जो उन पर लागू है हम पर भी वही नियम लागू हो। लेकिन शुरू से ही कोई भेदभाव होता देखकर खुद को संतुष्ट कर लेना ,दिल टूटने पर चुपचाप रोकर आंसू पी लेना और ससुराल में अच्छी बहू साबित होने के लिए खुशी खुशी सब स्वीकार लेना।और स्वतंत्रता के नाम पर महिला दिवस मना लेना।



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

घर परिवार और समाज पर जो धार्मिक मान्यताएं लादी गईं वे भी हमारे कंधे पर ही और हमारी फिल्मों और साहित्य ने हमें पीछे धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आदर्श स्त्री के लिए इन्होंने जितने मापदंड बनाए कि हर स्त्री आज बस कन्फ्यूजन की स्थिति में है कि क्या वो सच में आदर्श है ? कभी अच्छी बहू बनने के लिए वो घर का काम करना चुनती है तो कभी अच्छी मां बनने के लिए वो अपनी जॉब छोड़कर घर बैठना पसंद करती है। घर का कोई काम बिगड़ने पर और बच्चे के खराब रिजल्ट पर वो दोषी होगी जबकि सबकुछ अच्छा या बेहतरीन होने पर शायद ही उसे कोई श्रेय देगा! अब तो हम फिल्मों से सीखते हैं कि हमें क्या पहनना चाहिए और कौन से व्रत ,पूजा और त्योहार करने चाहिए। इतिहास और राजनीति में हमें बेहद सीमित मौके मिले हैं और साहित्यकारों ने हमें कभी कामयाब और मजबूत रुप में नहीं गढ़ा है। मैंने पढ़ा है कि महान लेखक टॉलस्टाय ने अपनी सबसे मशहूर उपन्यास अन्ना कैरनिना लिखते समय अन्ना का चरित्र बेहद खराब बनाने की कोशिश करते हुए लिखा था पर जब उपन्यास पूरा हुआ तो अन्ना की इमेज एक मजबूत और शानदार महिला के रुप में निखर गई पर क्या ही फायदा जब लेखक उसे अंत में ट्रेन के सामने गिराकर आत्महत्या करने को मजबूर कर दे। जबकि वो बस दो पंक्तियां बदल कर उसे मजबूत बना सकता था पर उसे लगता रहा कि उसकी कृति को समाज स्वीकार नहीं करेगा क्योंकि वो खुद ही स्वीकार नहीं पा रहा होगा। इसी तरह चोखेर बाली उपन्यास लिखने के बाद टैगोर माफी मांगते हैं कि वो चोखेर बाली के साथ न्याय नहीं कर पाए! आखिर क्यों? किसने रोका था उन्हें? जबकि राजा राममोहन राय विधवा विवाह शुरू करवा चुके थे तो क्या आपसे दो पंक्तियां भी नहीं बदली जा रहीं थीं ? लेखन बस वो नहीं होता कि आप सच दिखाने के लिए ज्यों का त्यों लिखने की कोशिश करें लेखन वो होता है जो बदलाव ला सके लोगों की सोच समृद्ध कर सके। अफसोस! आप वहां तक सोच भी नहीं पाते हैं... हम सीता बनकर भी अग्नि परीक्षा देते रहे, गार्गी और अपाला बनकर गालियां खाते रहे , विद्योतमा और रत्नावली बनकर प्रेरणा बने रहे पर हमें किसी ने प्रेरित नहीं किया। आदमियों की सफलता में हमारा योगदान रहा और हमारी सफलता में आपने बाधा बनना चुना?

मजाज़ लखनवी का शेर याद आ रहा है ...
तेरे माथे पर ये आंचल बहुत खूब है,
तू इस आंचल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था!

# कल्कि धाम का शिलान्यास

हाल ही में हुई धर्म अनुष्ठानों की धूम के बीच मुरादाबाद के संभल में कांग्रेसी नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम् के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे होने वाले भगवान विष्णु के दसवें अवतार 'कल्कि'के धाम का शिलान्यास किया। कल्कि भगवान भाद्रपद,शुक्ल पक्ष तृतीया को सायंकाल यहां एक सात्विकी ब्राह्मण विष्णुयश के घर उनके पुत्र रूप में अवतरित होंगे, जिनकी कथा कल्कि पुराण सहित तमाम धर्म ग्रंथों में आई है। उनकी माता का नाम सुमति होगा। श्रीभद्भागवत्-स्कंध-12 के अनुसारः

सम्भलग्राम मुख्यस्य ब्राह्मणस्य महात्मनः।/ भवने विष्णुयशसःकल्किः प्रादुर्भविष्यति।।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

वे शीघ्र ही सभी विद्याओं में पारंगत हो जाएंगे। शस्त्र विद्या उन्हें परशुराम जी सिखाएंगे; फिर उनसे वे शिव जी की तपस्या करने को और वरदान में दिव्यास्त्र मांगने को कहेंगे। कल्कि वैसा ही करेंगे और परम शक्तिशाली बन जाएंगे। उनका विवाह पद्मा नामक कन्या से होगा। उनकी एक अन्य पत्नी वैष्णो देवी की रूप रमा भी होंगी। उनके चार पुत्र होंगे। वे देवदत्त नामक सफेद घोड़े की सवारी करेंगे। उनके पास धनुष वाण और तलवार भी होगी। वे कलि नामक राक्षस को मारेंगे तथा पापियों का संहार करेंगे। जयदेव रचित "गीत गोविंद"के अनुसार वे म्लेच्छों का संहार करेंगे।"म्लेच्छनिवचनिधने कलयसि करवालम्। धूमकेतुमिव किमपि करालम्।। केशव धृत कल्कि शरीरम्"।।

यह सब होगा तो निश्चय ही, क्योंकि शास्त्रीय मान्यता हैः किंतु इसका समय अभी बहुत दूर है। वे कलियुग के अंत में अवतरित होंगे। कलियुग चार लाख बत्तीस हजार साल का होता है, जिसके अभी कुल पाच हजार साल ही बीते हैं। तब तक अभी तक हो चुके नौ अवतारों की पूजा उपासना से काम चल सकता था। चार लाख सत्ताइस हजार साल के आसपास भविष्य में होने वाले अवतार का धाम निर्माण और पूजा आदि कम समझ में आ रहा है। देश में लगभग दस लाख मंदिर हैं। सभी में प्रतिष्ठित देवी देवता आदरणीय और पूज्य हैं।क्या यह संख्या कम है? महामानवो, अवतारों की अर्चना उपासना उनके कर्मों और स्थापित किए गए आदर्शों का सम्मान और अनुसरण होता है; जबकि कल्कि का यह समय अभी बहुत दूर है। वे तो हुए ही नहीं हैं। ग्रामीण कहावत है "जौं हैं खेत,ललन हैं पेट,मुड़ने(मुणडन) की धूम मची"। इस केस में तो ललन अभी पेट में ही लाखों साल बाद आएंगे। तब क्या यह शीघ्रता आसन्न चुनावों हेतु धर्मास्त्र है? मैं समझता हूं इसके लिए "रामास्त्र"ही काफी था। अब इस पर भरोसा न रहा हो तो बात दूसरी है।

## निर्यातकों में खुशी

हम लोग 10 साल से हवाई अड्डे का इंतजार कर रहे थे। अब जाकर हवाई अड्डा शुरू किया गया। जिसके बाद हम निर्यातकों को दिल्ली समेत अन्य बड़े शहरों में आने-जाने की आसानी होगी। विदेशी ग्राहक को भी आसानी होगी।



–हाजी रईसउद्दीन नईमी, निर्यातक

हमारा महानगर पीतल नगरी के नाम से पूरे विश्व में मशहूर है। निर्यात की वजह से काफी समय से हवाई अड्डे की मांग की जा रही थी। प्रधानमंत्री ने हवाई सेवा शुरू कर पीतल नगरी के निर्यात को पंख लगा दिए हैं।



–मोहम्मद आबिद, पीतल कारोबारी

मुरादाबाद से हवाई सेवा शुरू होना सरकार की बड़ी सौगात है। अब निर्यातकों के विदेश से आने वाले ग्राहक बिना किसी परेशानी के मुरादाबाद आ सकेंगे। जिससे निर्यातक कारोबार को बढ़ावा मिलेगा।



–नीरज खन्ना, निर्यातक



प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुनिराज जी व जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार



आजमगढ़ में चल रहे कार्यक्रम का प्रसारण देखते लोग। ● अमृत विचार

# विकास के लिए आने वाले समय में गेम चेंजर साबित होगा हवाई अड्डा

## मुरादाबाद ही नहीं आसपास के जिलों के लिए अहम, यही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास की गारंटी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री व जिले के प्रभारी जितिन प्रसाद ने कहा कि हवाई अड्डा मुरादाबाद सहित आसपास के जिलों के विकास के लिए गेम चेंजर साबित होगा। आने वाले समय में गोरखपुर, बेंगलुरु आदि शहरों की हवाई सेवा शुरू होगी। लोक निर्माण विभाग के मंत्री ने कहा कि इससे पीतल नगरी के निर्यात को उड़ान भरने में सहूलियत होगी।

वह रविवार को मूंढापांडे के भदासना स्थित हवाई अड्डे के लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। प्रधानमंत्री के द्वारा आजमगढ़ से हवाई अड्डे का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि इससे निर्यातकों को अपने कारोबार व उद्यम में आसानी होगी। जनता को भी बड़े शहरों में जाने के लिए कम समय लगेगा। लोगों को सुखद सफर की सुविधा देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना वादा पूरा कर दिया है। इससे पीतल नगरी की चमक और बढ़ेगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने कहा कि आज मुरादाबाद के लिए गौरव का पल है कि हमें हवाई अड्डा और विमान सेवा की सुविधा मिल रही है। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास की गारंटी है। रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि यह मुरादाबाद और रामपुर के लिए महत्वपूर्ण दिन है। मुरादाबाद में स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य से नया आयाम साबित हुआ है। इससे रामपुर के लोग भी लाभान्वित होंगे। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी ने कहा कि आज का दिन अहम है। हवाई सेवा शुरू होने से निर्यातकों को काफी सहूलियत होगी। विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि होली से पहले हवाई अड्डे का तोहफा मिला है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई। विधान परिषद सदस्य डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने कहा कि आज हम इस उपहार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताते हैं। कार्यक्रम का संचालन संजीव आकांक्षी ने किया।

इस दौरान मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुनिराज जी, नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, परमेश्वर लाल सैनी, ब्लॉक प्रमुख मनीष सिंह, नवदीप, रामवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, हवाई अड्डा के निदेशक अमरजीत, निदेशक हवाई अड्डा प्राधिकरण ओपी शर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, उद्यमी गुरजीत सिंह चड्ढा, रचित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन व हवाई अड्डे के नोडल गुलाब चंद्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





फूलों से सजा हवाई अड्डा। ● अमृत विचार



लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद।

### यह है हवाई अड्डे की विशेषताएं

| | |
|---|---|
| कुल क्षेत्रफल | 157.65 एकड़ |
| टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल | 1250 वर्ग मीटर |
| व्यस्ततम समय में सेवा क्षमता | 100 यात्री |
| वार्षिक क्षमता | एक लाख यात्री |
| चेक इन काउंटर | 4 |
| कन्वेयर बेल्ट | 9 |
| एक्स बीआईएस मशीन | 2 |
| परियोजना लागत | 28.90 करोड़ रुपये |
| पार्किंग वे | 2 |
| पार्किंग क्षमता | 100 कारों के लिए |

### आगामी प्रस्ताव

☞ प्रथम चरण में 10,000 वर्गमीटर का टर्मिनल भवन, एटीसी टॉवर, अग्निशमन स्टेशन, कार पार्किंग। नया टर्मिनल भवन व्यस्ततम समय में 500 यात्रियों को सेवा प्रदान करने के लिए सुसज्जित होगा।

☞ एयरसाइड पर कोड सी प्रकार के विमानों के संचालन के लिए चरण एक में वर्तमान रन वे 14-32 को 2112 मीटर x 30 मीटर से 3200 मीटर x 45 तक चौड़ा करना है।

☞ दूसरे चरण में विकास के अन्तर्गत 20,000 वर्गमीटर का नया टर्मिनल भवन के निर्माण की योजना है। जो व्यस्ततम समय में 1600 यात्रियों और प्रति वर्ष 25 लाख यात्रियों को सेवा दी जाएगी। पार्किंग के अतिरिक्त 8 वे के लिए एक एप्रन भी शामिल होगा।

### हवाई अड्डे पर रही पुलिस की कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हवाई अड्डे के लोकार्पण के मौके पर कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था की गई है। एक दिन पहले ही हवाई अड्डे के आसपास व परिसर में भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया था। जि सके बाद रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हवाई अड्डे का लोकार्पण हुआ। रविवार सुबह आठ बजे से ही हवाई अड्डे पर लोगों का आना शुरू हो गया था। हवाई अड्डे के गेट पर तैनात पुलिस कर्मी चेकिंग के बाद लोगों को अंदर प्रवेश दे रहे थे। डीआईजी मुनिराज जी, एसएसपी हेमराज मीना, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने पुलिस फोर्स के साथ हवाई अड्डा परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया।

### 14 मार्गों का भी किया वर्चुअल लोकार्पण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ से करोड़ों की योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस दौरान जिले की ग्रामीण अभियंत्रण इकाई द्वारा निर्मित पीएमजीएसवाई के 83.506 किमी. लंबे और 52.35 करोड़ की लागत से बनी 14 सड़कों का भी लोकार्पण किया गया। जिसमें भीकनपुर से पेली विश्नोई, नया गांव से मल्लीवाला, सिहोराबाजे से बीनावाला, मानपुर पट्टी से धतूरा नगला, भैया नगला से अहरौला, तेलीपुरा से फोल्डा पट्टी, उमरी से चांदखेड़ा, राजपुरा से शेरपुरा अहमदपुर, चंदौसी संभल रोड, हरौरा नौसना स्योडारा रोड, बिलारी सिरसी से अजमत नगर रोड, राजपुर केसरिया वाल्मीकि पुलिया से नाखूनका, अलीगंज काशीपुर रोड से चतरपुर नायक, एनएच 93 से सराय ज्वालापुरी तक के बनाए मार्ग शामिल हैं।

# हवाई अड्डे के लोकार्पण में नजर अंदाज करने पर भड़के सपाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हवाई अड्डे के लोकार्पण कार्यक्रम में अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को न बुलाने पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने प्रशासन की आलोचना की है। उनका कहना है कि सत्ता के दबाव में जिला प्रशासन ने सरकारी कार्यक्रम को पूरी तरह से भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम बना दिया। रविवार को यह बातें समाजवादी पार्टी के महासचिव मुदस्सिर खान ने पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान कही।

हवाई अड्डे का लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री ने किया।

**▸▸ भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम बनाने पर प्रशासन की आलोचना की**

जिला प्रशासन द्वारा भाजपा के विधायक, महापौर, एमएलसी, जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा के अन्य पदाधिकारियों को निमंत्रण भेजा गया। लेकिन समाजवादी पार्टी के सांसद व विधायक को निमंत्रण पत्र भेजने की बात तो दूर निमंत्रण पर पर उनका नाम तक नहीं था। जिसका सपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। सपा महासचिव ने कहा कि कुंदरकी विधायक का नाम कार्ड में शामिल न होना दर्शाता है कि भाजपा का सबका साथ सबका विकास का नारा खोखला है।

## एक नजर

### बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** किड्स प्लेनेट प्ले स्कूल का 15वां वार्षिकोत्सव आईएमए हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आरंभ स्कूल प्रबंधक संजय चौहान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। पायल, महक, शिल्पी, अंशिका, श्वेता और जिकरा ने सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। रितिका, आशी, उदय, माधव ने स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा यूकेजी के बच्चों ने अपनी सुंदर प्रस्तुति में नई पीढ़ी और पुरानी पीढ़ी को दर्शाया। सिद्धांत व अफनान ने शेर का रोल प्ले करके लोगों का दिल जीत लिया। अग्रिम ने नन्हें कान्हा जी, आध्या ने प्यारी राधा जी, कियारा, मिथका ने गोपियों के रूप में सभी का मन मोह लिया।



लोकार्पण के दौरान मौजूद प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद, नगर विधायक रितेश गुप्ता व अन्य भाजपा नेता। ● अमृत विचार

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्क्रीन पर आते ही बढ़ा लोगों का रोमांच

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**▸▸ हवाई चप्पल पहनकर चलने वाले भी अब हवाई जहाज से कर सकते हैं यात्रा वाले मुख्यमंत्री के संबोधन से हुआ अपनेपन का अहसास**

**अमृत विचार:** पीतल नगरी और आसपास के लोगों का वर्षों का इंतजार रविवार को पूरा हुआ। आजमगढ़ में आयोजित जनसभा से मुरादाबाद के भदासना स्थित हवाई अड्डे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैसे ही बटन दबाकर लोकार्पण किया तो लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत कर लंबे इंतजार के बाद सुखद अनुभव किया। वर्चुअल चल रहे संबोधन में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संबोधन के हर शब्द पर स्थानीय जन प्रतिनिधि व नागरिक रोमांचित होते रहे। वहीं प्रधानमंत्री के भोजपुरी संबोधन को भी लोगों ने सराहा।

विश्व प्रसिद्ध पीतल नगरी के निर्यातकों व जन सामान्य का वर्षों से हवाई अड्डे की सुविधा का इंतजार खत्म हुआ। आजमगढ़ से प्रधानमंत्री द्वारा किए गए लोकार्पण और उनके संबोधन को लेकर लोगों में उत्सुकता रही। जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल स्क्रीन पर आए मुरादाबाद व आसपास के जिलों से आए लोगों का रोमांच बढ़ गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुरादाबाद सहित अन्य स्थानों पर जहां हवाई अड्डे के टर्मिनल का लोकार्पण किया गया है वहां के लोगों का जीवन अब पहले से बेहतर होगा। उन्होंने यह कहकर आमजन को अपने दिलों से जोड़ा कि यह सारे प्रयास देश के सामान्य लोगों के लिए हवाई यात्रा सुलभ कराने के लिए है। प्रधानमंत्री के विपक्ष पर तेवर को भी लोगों ने देखकर उनकी गारंटी पर मुहर लगाई। परिवारवादियों पर तंज कसकर जैसे ही उन्होंने कहा कि मोदी दूसरी मिट्टी का बना इंसान है। तो लोग मोदी-मोदी के नारे लगाने लगे। प्रधानमंत्री के द्वारा 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के संकल्प को साकार करने में सभी के सहयोग और समर्थन देने की बात से लोग सीधे जुड़े। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हर बोल पर भी लोगों ने खूब तालियां बजाई।

मुख्यमंत्री ने जैसे ही कहा कि आजमगढ़, मुरादाबाद सहित पांच हवाई अड्डों का आज लोकार्पण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साबित कर दिया है कि आज हवाई चप्पल पहनकर चलने वाले भी हवाई जहाज से यात्रा कर सकते हैं। इस पर लोगों ने करतल ध्वनि से समर्थन दिया। कहा कि यही मोदी-योगी की पक्की गारंटी है।

### मुख्य अतिथि व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी लोगों को साधा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि अब केवल विकास का दौर है। झूठ, परिवारवाद, नफरत की राजनीति के दिन लद गए हैं। मुरादाबाद के अलावा आसपास के जिलों के विकास में हवाई अड्डा मील का पत्थर साबित होगा कहकर लोगों को इस उपहार को होली की खुशियां देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प भी लोगों से मुख्य अतिथि ने कराया। वहीं विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी, डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, डॉ. हरी सिंह ढिल्लो, रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना ने भी अपने संबोधन में हवाई अड्डे को मुरादाबाद मंडल ही नहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए विकास का पर्याय बताया। इसके माध्यम से सभी ने अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करने की जनता से हामी भरवाई।

## खेल

रेलवे स्टेडियम में अवस्थी मेमोरियल प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट की हुई शुरुआत

# उद्घाटन मैच में मेरठ ने बरेली को हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेडियम के मैदान पर रविवार को खूब चौके-छक्के लगे। यहां अवस्थी मेमोरियल प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। उद्घाटन मैच में मेरठ के गेंदबाज अजय चौधरी के 4 विकेट के प्रदर्शन के दम पर बरेली को 40 रनों से हराया। जबकि दूसरे मैच में डीएसए मुरादाबाद रेड ने अपना मैच 5 विकेट से जीतकर मजबूत दावेदारी पेश की।

प्रतियोगिता की शुरुआत पूर्व रणजी खिलाड़ी व यूपीसीए के डायरेक्टर विजय गुप्ता, डीआरएम रेलवे राज कुमार व रेलवे के क्रीड़ा अधिकारी अमित कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले दिन दो मैच खेले गए। पहला मुकाबला एमडीसीए मेरठ और बीसीए बरेली के बीच खेला गया। बरेली ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। मेरठ ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर 9 विकेट खोकर 183 रन बनाए। टीम के लिए हर्ष त्यागी ने 53, प्रियम गर्ग ने 33 और दिव्यांश राजपूत ने 30 रन बनाए। बरेली के लिए निशु पटेल, शुभ अग्रवाल और हर्ष राणा ने 2-2 विकेट लिए। वहीं बरेली की पूरी टीम 143 रन बनाकर आउट हो गई और 40 रनों के अंतर से मैच हार गई। टीम के लिए हर्ष राणा ने 48 और निशु पटेल ने 36 रन बनाए। मेरठ के लिए अजय चौधरी ने 4 और अंकुर चौहान ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच अजय चौधरी को चुना गया। दूसरा मैच डीएसए मुरादाबाद रेड और रेलवे मुरादाबाद के बीच खेला गया। रेलवे ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 117 रन बनाए। जिसे मुरादाबाद रेड ने 16.5 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच नयन गुप्ता को चुना गया। अंपायर की भूमिका में यूपीसीए पैनल के सतेंद्र कुमार और निश्चल सिंह चौधरी रहे। स्कोरर अफजल खान व जुबैर अंसारी रहे। इस दौरान क्रिकेट कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी, नाजिर अली, आदित्य रस्तोगी, प्रदीप टंडन, दिवाकर रंजन त्यागी, सतीश सिंह, मो. हसीन आदि मौजूद रहे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते यूपीसीए के डायरेक्टर विजय गुप्ता। ● अमृत विचार

## तमंचा व कारतूस के साथ गैंगस्टर समेत तीन पकड़े

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुगलपुरा व कुंदरकी थाना पुलिस ने रविवार को तमंचा-कारतूस के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

मुगलपुरा थाने के दरोगा सतेन्द्र मलिक ने बताया कि आरोपी मोहम्मद फैजान पुत्र रहीस अहमद और आलम हुसैन पुत्र दिलशाद हुसैन को गिरफ्तार किया है। फैजान पाकबड़ा का रहने वाला है। इसके पास उन्होंने तमंचा व एक कारतूस और आलम हुसैन के पास से चाकू बरामद किया है। दिलशाद मुगलपुरा का रहने वाला है। उधर, कुंदरकी थाने के दरोगा विजय सिंह ने भी साहिब आलम पुत्र कलुआ को तमंचा व दो कारतूस के साथ दबोचा है। वह गांव गुरेर का रहने वाला है। बताया कि साहिब पर वर्ष 2022 में भी दो मामले दर्ज हैं। इनमें एक मामला गोवध अधिनियम और दूसरा गैंगस्टर एक्ट का है।

# बसपा से इरफान सैफी लोस प्रत्याशी

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी ने मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से अपने प्रत्याशी के रूप में इरफान सैफी को मैदान में उतारा है। इरफान सैफी के प्रत्याशी बनने की घोषणा पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के प्रभारी ने की है। कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ताओं ने इमरान सैफी का स्वागत किया।

नया मुरादाबाद के सेक्टर 5 में स्थित बीएसपी के मंडल कार्यालय में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के अंत में ठाकुरद्वारा के निवासी इरफान सैफी को मुरादाबाद सीट से लोकसभा का प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा की गई। घोषणा पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के प्रभारी शमसुद्दीन राइनी ने की। प्रभारी ने इरफान सैफी को फूलमाला पहनाकर बधाई दी। साथ ही शुभकामनाएं दी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के प्रभारी ने कहा कि बीएसपी ही एक ऐसी मात्र पार्टी है जो टिकट के साथ आपको दलित का वोट भी देती है। कहा कि हम सामाजिक गठबंधन करते हैं। जो राजनीति गठबंधन से बहुत ऊपर आता है। जिला अध्यक्ष डॉ. सुनील आजाद ने बताया कि पार्टी ने इरफान सैफी को प्रत्याशी बनाया गया है। वह नगर पालिका ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष भी हैं। इस अवसर पर नगीना के सांसद गिरीश चंद्र, राजकुमार गौतम, डॉ. रणविजय सिंह एडवोकेट, जफर मलिक, निर्मल सिंह सागर, पूजन प्रसाद, संसार सिंह, सतपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह सैनी, संजीव कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यकर्ता सम्मेलन में इमरान सैफी का स्वागत करते पार्टी के नेता। ● अमृत विचार

## राजनीति

**▸▸ पश्चिमी यूपी व उत्तराखंड प्रभारी ने की घोषणा**

**▸▸ कार्यकर्ताओं ने किया फूल माला पहनाकर स्वागत**

## एक नजर

### परास्नातक का मूल्यांकन आज से होगा

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा का मूल्यांकन शुरू हो गया है। राजनीति विज्ञान, हिंदी और गृह विज्ञान की परीक्षाओं का मूल्यांकन 11 मार्च से शुरू होगा। वहीं एलएलबी का मूल्यांकन लगभग पूरा कर लिया गया है। परास्नातक की परीक्षा के लिए मूल्यांकन प्रभारी प्रो. दुष्यंत कुमार को बनाया गया है। वहीं विधि की परीक्षा के मूल्यांकन प्रभारी डॉ. अजीत अथर्व ने बताया कि एलएलबी की परीक्षा का मूल्यांकन जल्द पूरा हो जाएगा।

### मानसिक अस्पताल में बनेगा सौ बेड का क्रिटिकल केयर सेंटर

बरेली, अमृत विचार : सौ बेड का क्रिटिकल केयर सेंटर मानसिक अस्पताल में बनाया जाएगा। यूनिट के लिए करीब एक साल से जगह नहीं मिल रही थी। इसके बाद मामला वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार के पास पहुंचा था। जिसके बाद मंत्री ने राजकीय निर्माण निगम के अधिकारियों से अस्पताल में निरीक्षण किया था। अब भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया आरंभ करने को मानसिक अस्पताल के निदेशक से वार्ता शुरू हो गयी है। अन्य जिलों में जिला अस्पताल में ही यूनिट का निर्माण हो रहा है। अब अस्पताल में यूनिट के लिए पर्याप्त जगह मिल गई है और राजकीय निर्माण निगम जल्द ही यहां क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण शुरू कर देगा।

### मरम्मत कार्य नहीं हुए पूरे, मार्च तक झेलना होगा बिजली संकट

बरेली, अमृत विचार : पावर कारपोरेशन की ओर से फरवरी माह में अनुरक्षण माह मनाया गया। इसके तहत मरम्मत कार्य होने थे ताकि गर्मी में लोगों को बिजली कटौती की समस्या न हो लेकिन अभी तक काम पूरे नहीं हो सके हैं। इसकी वजह से रोजाना किसी न किसी इलाके में कटौती की जा रही है। इसकी वजह से अभी मार्च तक मरम्मत कार्य के नाम पर बिजली कटौती की समस्या झेलनी पड़ेगी। रविवार को जगतपुर और परसाखेड़ा में मरम्मत कार्य की वजह से कई घंटे बिजली गुल रही। विद्युत उपकेंद्र परसाखेड़ा के पावर ट्रांसफार्मर नंबर एक पर रविवार को मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 8 से दोपहर डेढ़ बजे तक औद्योगिक क्षेत्र 2, 3 व 4 फीडर, जीटीआई फीडर, आम्रपाली फीडर और नदौसी फीडर की सप्लाई बाधित रही।

# लल्ला गद्दी के नाम से युवक से मांगी एक करोड़ की रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रंगदारी न देने पर हत्या कर लाश गायब करने की दी धमकी सुभाषनगर में रिपोर्ट

अमृत विचार : माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम के गुर्गे लल्ला गद्दी का नाम लेकर एक युवक से उसके बहनोई ने फोन पर एक करोड़ की रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर हत्या कर शव गायब कराने की धमकी दी। इस मामले में नेकपुर सुभाषनगर निवासी पुष्पेंद्र पाल सिंह ने ग्रेटर कैलाश करगैना निवासी विवेक मेहता, जगदीश मेहता, मधु मेहता, रुचि कन्नौजिया समेत एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुष्पेंद्र पाल सिंह ने बताया कि विवेक मेहता ने उनकी बहन रुचि कन्नौजिया से 6 दिसंबर 2022 को आर्य समाज तरीके से शादी कर ली। शादी के बाद पूरे परिवार ने बहन से रिश्ता खत्म कर लिया। आरोप है कि कुछ दिनों बाद विवेक मेहता, जगदीश मेहता और मधु मेहता दबाव बनाने लगे और साथ ही प्लाट खरीदने और मकान बनवाने के लिए रुपये मांगने लगे। रुपये न देने पर बदमाशों से संबंध बता कर जान से मारने की धमकी दी। इस पर उन्होंने लोन लेकर दो लाख रुपये दे दिए। इस बीच उनके पिता के नाम की जमीन बीडीए ने अधिग्रहण की तो उन्हें रुपये मिले। इसकी भनक लगते ही सभी आरोपी उनसे अलग-अलग नंबरों से फोन कर एक करोड़ की रंगदारी मांगने लगे। न देने पर जान से मारने की धमकी दी। जब उन्होंने फोन उठाना बंद कर दिया तो धमकी भरे मेसेज भेजे। 22 जनवरी को विवेक, जगदीश, मधु मेहता समेत एक अज्ञात व्यक्ति दो मोटर साइकिलों से मढ़ीनाथ चौकी के पास मिले और वहां पर भी एक करोड़ रुपये न देने पर धमकी देते हुए कहा कि अब पूरे परिवार की खैर नहीं है।

## धोखाधड़ी करने पर बैंक मैनेजर पर रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : कोतवाली में भाजपा नेता एवं डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने केनरा बैंक मैनेजर नीरज सिंह के खिलाफ एसपी सिटी राहुल भाटी के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि मैनेजर ने कई बार मांगने के बावजूद उनकी प्रॉपर्टी के कागजात नहीं दिए और उन्हें लगातार परेशान किया गया।

रामपुर गार्डन निवासी हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने जुलाई 2005 सिविल लाइंस स्थित केनरा बैंक के तत्कालीन बैंक मैनेजर नीरज सिंह से होम लोन लिया था। जिसके बदले में उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री के पेपर सिक्योरिटी के तौर पर बैंक में जमा किए थे। आरोप है कि उन्होंने 23 मार्च 2010 को लोन को पूरी तरह से चुका दिया गया, लेकिन बैंक ने अभी तक उनके प्रॉपर्टी के कागजात वापस नहीं किए हैं। आरोप है कि बैंक मैनेजर ने उन्हें काफी ज्यादा परेशान किया है। उन्होंने प्रॉपर्टी के कागजों का बैंक द्वारा दुरुपयोग करने का भी अंदेशा जताया है।

## हल्द्वानी उपकारागार में खुलने जा रही है बेकरी, बंदी और कैदी मिलकर बनाएंगे उत्पाद

# जेल के केक से मनाइए हैप्पी बर्थडे, बाजार में बिकेंगे उत्पाद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जेल की रोटी का नाम लेकर एक समय लोगों को डराया जाता था, लेकिन अब न तो जेल की रोटी कड़क है और न दाल में पानी। अब तो बंदी और कैदी भी घी वाली दाल खा रहे हैं। कुछ ही समय में आम लोग जेल में बने केक से हैप्पी बर्थडे मना सकेंगे। जेल प्रशासन ने इसकी कार्य योजना तैयार कर ली है और जेल बेकरी का निर्माण शुरू होने वाला है। इस बेकरी में केक के साथ वह सभी उत्पाद बनाए और बेचे जाएंगे, जो बाजार की बेकरी में बनाए जाते हैं।

बता दें कि हल्द्वानी उपकारागार में पहले से ही बहुत सारे उत्पाद बनते हैं, जिन्हें खुले बाजार में उतारने की तैयारी है। इन उत्पादों में पेंटिंग से लेकर बेड, कुर्सी, गमला स्टैंड आदि शामिल हैं। इस ओर जेल प्रशासन ने एक कदम और आगे बढ़ाया है। जेल के भीतर जेल बेकरी के निर्माण की तैयारी चल रही है। इस बेकरी में बनने वाला ब्रेड, केक, पेटीज व अन्य उत्पाद खुले बाजार में बेचे जाएंगे। यह जेल का अपना ब्रांड होगा। पुलिस मुख्यालय ने हल्द्वानी उपकारागार को बेकरी खोलने के लिए बजट और उपकरण दे दिए हैं। जल्द ही बेकरी उपकरण जेल में लगा दिए जाएंगे। जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय की पहल पर बेकरी को उद्योग के तौर पर शुरू किया जा रहा है। इस बेकरी में काम करने वाले सभी बंदी और कैदी होंगे। बता दें कि उप कारागार में हमेशा बंदियों और कैदियों की संख्या 1500 से ऊपर होती है। जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल में बनने वाले बेकरी उत्पादों में क्वालिटी का विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही सफाई और उत्पादों की गुणवत्ता भी बाजार से अच्छी रखी जाएगी। बंदी, कैदियों को बेकरी उत्पाद बनाने के लिए ट्रेनिंग भी दी जाएगी। इसके लिए हल्द्वानी की बेकरी से संपर्क किया जा रहा है।

### आत्मनिर्भर बनेंगे बंदी और कैदी सरकार को मिलेगा राजस्व

हल्द्वानी : बेकरी के जरिये जहां जेल में बंद कैदियों और बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने की योजना है। वहीं सरकार को भी राजस्व देने की तैयारी है। जेल अधीक्षक प्रमोद पांडे ने बताया कि जेल मुख्यालय ने बेकरी उत्पाद बनाने के लिए मशीन और सामान खरीदने के लिए बजट जारी कर दिया है। एक-दो दिन में मशीन हल्द्वानी जेल पहुंच जाएंगी। इसे एक कमरे में स्थापित किया जाएगा। जिसके बाद जेल अपना ब्रांड बनाएगा। इसी ब्रांड के तहत बेकरी उत्पाद बाजार में बेचे जाएंगे।

### अपराध छोड़ खुद का हुनर तराश रहे सजायाफ्ता बंदी और कैदी

हल्द्वानी : उप कारागार में सजायाफ्ता कैदियों और बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई तरह की ट्रेनिंग क्लासेस चल रही हैं। ये ट्रेनिंग रोजगार के मद्देनजर दी जा रही हैं, ताकि जेल से रिहाई के बाद कैदी और बंदी अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। जेल में कंप्यूटर शिक्षा के साथ फर्नीचर बनाना, लोहे के उत्पाद बनाना, पेंटिंग बनाना, कपड़े सिलना जैसे कई काम सिखाए जा रहे हैं। जेल प्रशासन का प्रयास है कि बेकरी के साथ इन उत्पादों को भी खुला बाजार उपलब्ध कराया जाए।

# 190 यात्रियों से भरी बस खाई में पेड़ से टकराई, 20 घायल

## हाफिजगंज थाना क्षेत्र में ब्लैक स्पाट गौटिया तिराहे पर हादसा

संवाददाता, बरेली/नवाबगंज

अमृत विचार : हाफिजगंज थाना क्षेत्र में बरेली-पीलीभीत हाइवे पर ब्लैक स्पॉट गौटिया तिराहे पर 190 सवारियों से भरी स्लीपर बस खाई में जाकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बीस सवारियां घायल हो गईं। अमन ट्रेवल्स की बस बहराइच से रोहतक जा रही थी। कुछ सवारियों ने भूसी भरे ट्रक को बचाने तो कुछ ने ड्राइवर के नशे में होने की वजह से हादसा होना बताया। गुस्साए लोगों ने बस में तोड़फोड़ भी की।

हादसा रविवार सुबह करीब 9 बजे हुआ। बस में भूसे की तरह भरी सवारियों में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने थाना पुलिस को सूचना दी और लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की। हाफिजगंज थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सवारियां को बस से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ सवारियां चालक दरवाजे से निकलीं तो अन्य सवारियों को बस के शीशे तोड़कर बाहर निकला गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बस में बैठी सवारियों को चोटें आईं हैं पर कोई गंभीर घायल नहीं हुआ।


पेड़ से टकराई बस और परेशान सवारियां।

### सवारियां बोली शराब के नशे में था चालक

सवारियों ने बताया कि बस चालक शराब के नशे में था और बस की गति अधिक थी। चालक हादसा होने के साथ ही कूद कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया और मामले में रिपोर्ट दर्ज कर रही है।

"हाफिजगंज क्षेत्र के गौटिया तिराहे पर एक बस खाई में उतर गई और पेड़ से जा टकराई। कुछ सवारियों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस की तरफ से रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।
-मुकेश मिश्रा, एसपी देहात उत्तरी"

## पुजारी ने जीभ काट कर देवी को चढ़ाई

निघासन(खीरी), अमृत विचार : थाना निघासन क्षेत्र की झंडी चौकी के तहत प्रसिद्ध मां राजेश्वरी देवी मंदिर गुलरीपुरवा के मुख्य पुजारी ने रविवार को देवी के सामने खड़े होकर पूजा-अर्चना की। बाद में चाकू से अपनी जीभ काटकर देवी के चरणों में अर्पित कर दी। इससे मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे परिजन पुजारी को लेकर सीएचसी आए, जहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

पुजारी के बड़े बेटे शिवम राजपूत ने बताया कि उनके पिता करीब 15 सालों से राजराजेश्वरी देवी मंदिर में मुख्य पुजारी हैं। जब से पिता देवी की सेवा में लगे हैं तभी से अन्न ग्रहण करना छोड़ दिया था। वह फलाहारी रहकर ही देवी की पूजा-अर्चना करते हैं। करीब 15 दिनों से मंदिर में यज्ञ व मातारानी का पूजन चल रहा था। रविवार को नियमित पूजन व हवन होना शुरू हुआ। इतने में ही पिता हवन समापन के बाद अचानक से उठकर मंदिर के अंदर चले गए। भक्ति में लीन होकर जुबान को चाकू से काट दिया।

# सरयू में डूबने से कानपुर के तीन छात्रों की मौत

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- तुलसीदास घाट के पास हुआ हादसा

अमृत विचार : अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के संत तुलसीदास घाट के निकट रविवार को स्नान के दौरान कानपुर के तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गई। हालांकि इनके तीन साथी सकुशल बचा लिए गए।

कानपुर नगर के बर्रा थाना क्षेत्र के वर्ल्ड बैंक कॉलोनी निवासी छह युवकों का दल रविवार को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आया था। सभी युवक सुबह लगभग दस बजे सरयू में जल पुलिस की बैरिकेडिंग के आगे कच्चे घाट पर स्नान के लिए पहुंचे थे। सरयू का जलस्तर कम होने के चलते शुभम मिश्र उर्फ रवि का अचानक पैर फिसला और वह गहरे पानी में पहुंच गया और डूबने लगा। साथी अद्द्यन सिंह चौहान उर्फ़ प्रांशु और हर्षित अवस्थी ने उसे बचाने की कोशिश की और इसी में वे दोनों डूब गए। तीन अन्य साथी भी बचाने के लिए सरयू में आगे बढ़े, लेकिन स्थानीय लोगों और नाविकों ने इनको सकुशल बचा लिया। जल पुलिस के जवान और नाविकों ने सरयू में डूबे तीनों युवकों को बाहर निकाल कर श्रीराम चिकित्सालय भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर एसएसपी राजकरन नय्यर, सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र ने मौका मुआयना किया। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे में शुभम मिश्रा (20) पुत्र मोहन मिश्रा, अद्द्यन सिंह चौहान उर्फ प्रांशु (18) पुत्र ओम प्रकाश सिंह चौहान व हर्षित अवस्थी (18) पुत्र ललित नरायण अवस्थी की मौत हुई है। इनके साथी कृष्णा सहगल (18), तनिष्क पाल (20 ) व अमन शर्मा को बचा लिया गया है।

## जला कर पत्नी की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

मुजरिया, (बदायूं )अमृत विचार : शराब के लिए रुपये न देने पर पति ने अपने पत्नी पर पेट्रोल छिड़कर और आग लगाकर जिंदा जला दिया था। बहू को बचाने के चक्कर में महिला की सास के हाथ जल गए थे। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा है।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव नैथुआ निवासी मुनीश सक्सेना पुत्र प्रेमस्वरूप सक्सेना 7 मार्च की शाम शराब पीकर घर आया। अपनी पत्नी सन्नो देवी से शराब पीने के लिए रुपये मांगे। शराब के लिए रुपये न देने पर उसने सन्नो देवी के ऊपर पेट्रोल छिड़क दिया। आग लगा दी। आरोपी के बेटे शिवम सक्सेना की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना मुजरिया थानाध्यक्ष आरती कौशिक को दी गई। एसएसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई थीं। रविवार सुबह लगभग साढ़े 9 बजे पुलिस ने आरोपी मुनीश सक्सेना को सहसवान-दिल्ली मार्ग स्थित कौल्हाई पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# सरकार सभी के हित में कार्य कर रही

संवाददाता, कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोटद्वार में लाभार्थी सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग कर पशुपालन विभाग, बाल विकास परियोजना पौड़ी, उद्यान विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, समाज कल्याण और नगर निगम के 43 लाभार्थियों को लाभार्थी चेक वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में लगातार कार्य कर रही है। सरकार अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए कृत संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नागरिक अनेक तरह से लाभान्वित हुए हैं और पिछले 10 वर्षों में भारत का ऐसा कोई भी नागरिक नहीं होगा जो किसी न किसी योजना से लाभान्वित ना हुआ हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और विकास के लिए अनेक कार्य किए हैं।


लाभार्थियों को चेक वितरित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### पौड़ी गढ़वाल की 828 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्चुअल माध्यम से जनपद पौड़ी गढ़वाल की 828 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। रोड शो में मुख्यमंत्री का काफिला कोटद्वार में महाराज वेडिंग प्वाइंट से बद्रीनाथ मार्ग पर झंडा चौक तक होते हुए नगर निगम से समीप मोंटेसरी स्कूल पहुंचा। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उनके स्वागत और अभिनंदन में विशाल जैन समुदाय उमड़ पड़ा।

# थाना ट्रांजिट कैंप में लाखों के जेवरात लेकर सुनार हुआ फरार

संवाददाता, रुद्रपुर

- कम ब्याज दर पर बांटता था लोगों को पैसा

अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक सुनार द्वारा लोगों को कम ब्याज दर पर पैसा बांटने के साथ ही लाखों के जेवरात लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। सुनार के फरार होने की भनक लगते ही स्थानीय लोगों ने ज्वैलर्स की दुकान के सामने खड़े होकर प्रदर्शन किया और पुलिस से आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की।

रविवार की शाम को वार्ड-एक पार्षद सुरेश गौरी के साथ कॉलोनी की बड़ी संख्या में महिलाएं जनपथ रोड स्थित सुनार की दुकान के सामने एकत्रित हुई और प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। उनका कहना था कि जनपथ मार्ग पर पिछले डेढ़ साल से एक सुनार की दुकान है और दुकान का संचालक वहीं रहता भी है। इसके अलावा उसकी ट्रांजिट कैंप में भी ज्वैलर्स की दुकान है। उन्होंने बताया कि ज्वैलर्स लोगों को दो से डेढ़ फीसदी ब्याज दर के हिसाब से पैसा भी बांटता था और उसके बदले सोने-चांदी के आभूषण भी गिरवी में रख लेता था।

उन्होंने बताया कि आवश्यकतानुसार करीब 40 से 45 लोगों ने अपने आभूषण रखकर रकम ली थी। आरोप है कि शनिवार की देर रात गोपनीय तरीके से आरोपी ज्वैलर्स सारा सामान और परिवार के साथ गायब हो गया। कॉल करने पर आरोपी का फोन भी बंद मिला। इसके बाद ही लोगों को जालसाजी की भनक लगी। उन्होंने बताया कि जब पड़ताल की तो पाया कि आरोपी की दुकान व मकान दोनों ही बैंक ऋण पर संचालित है।

# व्यापारियों के हंगामे के कारण दो घंटा ठप रही फिल्म की शूटिंग

संवाददाता, किच्छा

- शूटिंग के दौरान मार्ग बंद करने से व्यापारियों का काम प्रभावित बाद में हो गया समझौता

अमृत विचार : यहां मुख्य बाजार में फिल्म की शूटिंग के दौरान व्यापारियों ने जोरदार हंगामा किया। हंगामे के चलते दो घंटे तक फिल्म की शूटिंग को रोकना पड़ा। हंगामे की सूचना पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी सहित तमाम व्यापारी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान कोतवाली पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच कर व्यापारियों को शांत कराया। व्यापारियों से वार्ता के बाद विवाद निपट गया और फिल्म की शूटिंग पुनः प्रारंभ कर दी गई।

नगर स्थित शास्त्री मार्केट में एक हिंदी फिल्म की शूटिंग की जा रही है। जिसके चलते मुंबई से आई टीम एवं फिल्म के कलाकारों द्वारा प्रशासन से अनुमति से नगर स्थित शास्त्री मार्केट में रविवार की सुबह शूटिंग शुरू की गई। शूटिंग के चलते मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसके चलते करीब दो दर्जन व्यापारियों का कामकाज पूरी तरह से प्रभावित हो गया। शास्त्री मार्केट के व्यापारियों ने आरोप लगाया कि शूटिंग के चलते शास्त्री मार्केट में जाम की स्थिति पैदा हो गई है तथा दोनों ओर से बैरिकेडिंग लगाने तथा मार्ग को अवरुद्ध कर देने से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है तथा अगले 5 दिनों तक शूटिंग कार्य के कारण उनका कामकाज पूरी तरह से ठप हो जाएगा। स्थानीय व्यापारियों के विरोध के चलते मुंबई से आई शूटिंग टीम को काम बीच में ही रोकना पड़ा। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि फिल्म की शूटिंग कर रहे निर्माता निर्देशक द्वारा शास्त्री मार्केट के कुछ व्यापारियों को व्यापार के नुकसान की एवज में सहायता राशि दी गई है जबकि छोटे व्यापारियों को कोई मदद नहीं दी गई।

हंगामे की सूचना पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला तमाम व्यापारियों के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से वार्ता की। व्यापारी नेता नितिन फुटेला के हस्तक्षेप के बाद फिल्म निर्माता द्वारा छोटे व्यापारियों को भी आर्थिक मदद देने के बाद विवाद का पटाक्षेप हो गया। इसी बीच व्यापार मंडल महामंत्री विजय अरोड़ा ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी कीमत पर भी किसी भी छोटे-बड़े व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। विवाद निपटने के बाद शूटिंग कार्य दोबारा शुरू हो गया।

# हादसे में अयोध्या जा रहे तीन लोगों की मौत

संवाददाता, संसारपुर (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचार : लखीमपुर खीरी के मैलानी इलाके में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार एक्सयूवी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में पिथौरागढ़ के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर घायल हो गए। ये सभी लोग रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर एक्सयूवी एक वैगनआर कार से टकरा गई, जिससे उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी सातों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ निवासी पांच लोग एक्सयूवी कार यूके 05 डी- 5885 से रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे थे। मैलानी क्षेत्र में गोला-खुटार हाईवे पर ग्राम नौवाखेड़ा के समीप एक्सयूवी कार ईंटों भरी ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई। इसके बाद अनियंत्रित हुई एक्सयूवी सामने से आ रही वैगनआर से भिड़ गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि एक्सयूवी के परखच्चे उड़ गए और वैगनआर कार खाई में जा गिरी। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी गोला पहुंचाया जहां डॉक्टर ने एक्सयूवी सवार जचल सिंह (30), कुंदन सिंह (35) और प्रतीक शर्मा (30) को मृत घोषित कर दिया। नरेंद्र सिंह पुत्र मोहन सिंह (31) व अनिकेत (30) पुत्र दीपक सिंह गंभीर घायल हैं। जबकि वैगनआर सवार सहकारी गन्ना समिति गोला में लिपिक दिलीप सिंह पलिया दवा लेने जा रहे थे। उनके साथ कार में उनकी पत्नी रंजना, बेटा अनुज के अलावा जीआरपी लखीमपुर चौकी प्रभारी शिवम, उनकी पत्नी पूजा सवार थे। ये लोग भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


हादसे में क्षतिग्रस्त हुई एक्सयूवी कार। ● अमृत विचार

### दुर्घटना

- लखीमपुर खीरी में हुआ हादसा, एक्सयूवी बाद में वैगनआर से टकराई, सात लोग घायल

"सुबह करीब 5 : 20 बजे हादसे की सूचना मिली। दोनों कारों में सवार सभी 10 लोगों को सीएचसी गोला भेजा गया, जिनमें तीन को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है।
-मोहित पुंडीर, चौकी प्रभारी संसारपुर"

## 50 हजार लोग दिन भर पानी के लिए तड़पे

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम के जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता ने शनिवार शाम को ही दावा कर दिया था कि किला पुल के पास टूटी पानी की अंडरग्राउंड पाइप लाइन को ठीक कर दिया गया है लेकिन रविवार को पता चला कि पाइप लाइन ठीक करना तो दूर, यही नहीं पता चल पाया है कि पाइप लाइन सड़क के नीचे कहां गुजर रही है और उसमें कहां फाल्ट हुआ है। दिन में खुदाई करने के बाद भी फाल्ट नहीं मिला तो काम रोककर पानी की सप्लाई बंद कर दी गई। इस कारण तीन वार्डों के 50 हजार से ज्यादा घरों में दूसरे दिन भी पानी नहीं पहुंचा।

किला पुल के पास शनिवार को अंडरग्राउंड पाइप लाइन टूटने के बाद पूरी सड़क पर दो फुट तक पानी भर गया था। पूरे दिन पानी बहते रहने के बाद शाम को पानी की सप्लाई बंद करा दी गई थी। शनिवार को टूटी पाइप लाइन को ठीक करने के लिए कोई काम नहीं हुआ।

# तौकीर की पेशी आज, मगर समन ही नहीं दे पाई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दावा करने के बाद भी घर पर चस्पा नहीं किया समन

अमृत विचार : आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को अदालत ने शहर में हुए 2010 के दंगे का मुख्य अभियुक्त करार देने के बाद 11 मार्च को तलब किया था लेकिन पुलिस तौकीर को अदालत का समन ही नहीं दे पाई। पुलिस ने तौकीर के घर पर समन चस्पा करने का दावा किया था लेकिन रविवार देर शाम तक उनके घर समन चस्पा करने नहीं पहुंची।



अदालत ने पांच मार्च को दंगे के केस की सुनवाई के दौरान विवेचक इंस्पेक्टर सुभाषचंद्र यादव की गवाही के बाद तौकीर रजा खां को मुख्य अभियुक्त करार दिया था और 11 मार्च को अगली सुनवाई पर अदालत में पेश होने का आदेश सुनाया था। इससे पहले पुलिस मौलाना तौकीर का नाम अपनी चार्जशीट से निकाल चुकी थी। अदालत के आदेश के बाद पुलिस पहले छह मार्च और फिर सात मार्च को समन देने तौकीर रजा के घर पहुंची लेकिन घरवालों ने उनके दिल्ली में होने की बात कहकर समन लेने से इन्कार कर दिया। सात मार्च को भी समन लेने के लिए तौकीर के अपने घर पर न मिलने पर पुलिस ने दावा किया था कि आठ मार्च को समन उनके घर पर चस्पा कर दिया जाएगा लेकिन दो दिन गुजरने के बाद भी पुलिस ने समन चस्पा नहीं किया। बताया जा रहा है कि तौकीर रजा अब तक दिल्ली से नहीं लौटे हैं।

## बिजली बिल वसूलने गई टीम पर हमला

किच्छा, अमृत विचार : पुलभट्टा थाना क्षेत्र में बिजली बिल का बकाया वसूली करने गई टीम के साथ पिता- पुत्रों ने गाली गलौज कर मारपीट कर एक कर्मचारी को घायल कर दिया।

### नाम-परिवर्तन

पहले मेरा नाम जैबुन था अब मेरा नाम जैबुंनिशा (ZEBUNISHA) पत्नी मौ0 नासिर (MOHD NASIR) रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
जैबुंनिशा W/O मौ0 नासिर मौहल्ला महल सराय जलालाबाद, नजीबाबाद जिला बिजनौर (उ0प्र0)

### नाम परिवर्तन

मेरा नाम JALIS पुत्र ASGAR है। अब मैंने अपना नाम JALEES पुत्र ASGAR Ali रख लिया है। मुझे और मेरे पिता को भविष्य में इन्हीं नामों से जाना जाये।
-JALEES & ASGAR Ali MOH-BARGAD TANDA RAMPUR

### प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों के नाम पर हुई चर्चा

# अमेठी से राहुल, रायबरेली से प्रियंका के नाम पर रहा फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के तहत प्रदेश कांग्रेस को मिलीं 17 सीटों को लेकर रविवार को प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में अमेठी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारे जाने पर जोर दिया गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में बाकी सीटों पर भी प्रत्याशियों के नाम पर मंथन हुआ।

पार्टी सूत्रों के अनुसार पार्टी की पहली सूची में वायनाड से प्रत्याशी





बनाए गए राहुल गांधी को अमेठी से भी चुनाव मैदान में उतारने पर जोर दिया गया। जब पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के अस्वस्थ रहने व स्थानीय लोगों की मांग के अनुरूप रायबरेली से प्रियंका गांधी को प्रत्याशी बनाने पर चर्चा हुई। इसी तरह, वाराणसी से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को फिर से प्रत्याशी बनाने की चर्चा हुई। वह पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 के चुनाव में उन्हें 14.44 फीसदी वोट मिले थे।

सहारनपुर में 2019 के चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे इमरान मसूद को इस बार फिर प्रत्याशी बनाने की चर्चा हुई। सूत्रो ने बताया कि अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली को उतारने की तैयारी है। वे बसपा से निष्कासित किए जा चुके हैं।

सीतापुर में भाजपा से इस्तीफा देकर सपा व बाद मे कांग्रेस में आए पूर्व विधायक राकेश राठौर को प्रत्याशी बनाने की तैयारी है। इसी प्रकार, बाराबंकी से तनुज पुनिया, झांसी से पूर्व सांसद प्रदीप जैन, गाजियाबाद से डॉली शर्मा, महराजगंज से विधायक वीरेंद्र चौधरी व अमनमणि त्रिपाठी व फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार प्रत्याशी हो सकते हैं।

कानपुर से आलोक मिश्र, अजय कपूर व विकास अवस्थी के नाम पर विचार चल रहा है। मथुरा से पूर्व विधायक प्रदीप माथुर व पंडित राजकुमार रावत, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह और अजय कुमार लल्लू, बांसगांव से कमल किशोर व अनूप प्रसाद, बुलंदशहर में बंशी सिंह के नाम पर विचार चल रहा है। प्रयागराज सीट पर पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह व कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के नाम पर विचार चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि बैठक में चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने की संभावना को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, विधायक आराधना मिश्रा मोना आदि शामिल हुए।

## बलिया में छह वर्षीया बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**बलिया, एजेंसी :** जिले में दो नाबालिग लड़कों के खिलाफ छह वर्षीया एक बच्ची से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने के लिए रिपोर्ट दर्ज की गई है। बलिया के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि दुबहर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली छह वर्षीया बच्ची से उसके पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिगों ने सात मार्च की शाम को सामूहिक दुष्कर्म किया। अधिकारी ने बताया कि बच्ची के पिता की शिकायत पर शनिवार रात दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। दोनों आरोपी 18 वर्ष से कम आयु के हैं। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेने का प्रयास कर रही है।

# अवैध मदरसों पर नहीं रुकेगी कार्रवाई : गुलाब देवी

अयोध्या कार्यालय

- **बोलीं- परीक्षा की तरह मूल्यांकन भी बेहतर होगा**



**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रदेश में संचालित हो रहे अवैध मदरसों पर कार्रवाई चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध मदरसों के संचालन को लेकर शासन गंभीर है।

रविवार को यहां आईं माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि जैसी पारदर्शिता बोर्ड की परीक्षा में रही है वैसे ही पारदर्शिता मूल्यांकन में भी रहेगी उन्होंने कहा कि सारे मूल्यांकन निष्पक्ष रूप से होंगे और अच्छा रिजल्ट आएगा। उन्होंने बताया कि जो अवैध रूप से चल रहे हो चाहे वह मदरसे हो चाहे वह विद्यालय सभी पर एक्शन जारी रहेगा। लोकसभा चुनाव पर कहा जैसे ही चुनाव समाप्त होता है अगले चुनाव की तैयारी भारतीय जनता पार्टी शुरू कर देती है। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी विकास के आधार पर है, हम लोग विकास को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा प्रदेश में सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी। यहां सर्किट हाउस में उन्होंने समीक्षा बैठक भी की।

## नोएडा में ससुर की हत्या में युवक को गिरफ्तार किया

**नोएडा, एजेंसी :** नोएडा में एक युवक को अपने ससुर की कथित तौर पर हत्या के लिए गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, बिसरख थाना क्षेत्र के ऋषिपाल गढ़ी गांव में रहने वाले एक युवक ने अपने ससुर की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी ने प्रेम विवाह किया था, जिसको लेकर उसका अपने ससुर से विवाद रहता था। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार रात उस समय की है, जब दामाद और ससुर दोनों शराब पी रहे थे, इसी बीच विवाद होने पर आरोपी ने अपने ससुर की हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि मृतक की पहचान 65 वर्षीय पूरन के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी दामाद नीतू को गिरफ्तार कर लिया।

# सिपाही भर्ती मामले में पांच राज्यों तक जुड़े हैं पेपर लीक के तार

### हर गिरफ्तारी पर आए नए कनेक्शन ने एसटीएफ को उलझाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामले में एसटीएफ की जांच में अभी तक उप्र के अलावा पांच राज्यों तक जुड़ रहा कनेक्शन अब पूर्वांचल पर आकर ठहर गया है।

एसटीएफ की जांच में सामने आयी नई सूचना में पता चला कि कुछ लोग परीक्षा शुरू होने से पहले ही पेपर में आए सवालों की तैयारी करा रहे थे। इससे इस बात की आशंका गहरी हो गई है, पेपर कुछ दिन पहले ही लीक हो गया था। इस दिशा में वाराणसी और जौनपुर पर निगाह टिक गई है। एसटीएफ ने उन जिलों में अपनी सक्रियता तेज कर दी है। दरअसल, पेपर लीक प्रकरण में



एसटीएफ और जिले की पुलिस ने साढ़े तीन सौ अधिक गिरफ्तारी कर चुकी है, लेकिन अभी तक मास्टर माइंड पकड़ से दूर है।

एसटीएफ सूत्रों का कहना है कि हर गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में नया एंगल सामने आ जा रहा है। कभी प्रिंटिंग प्रेस से पेपर लीक होने का अंदेशा सामने आया। इन सबके चलते उप्र के अलावा कभी बिहार तो कभी पश्चिम बंगाल तो कभी हरियाणा और मध्य प्रदेश से लेकर

- **एसटीएफ जड़ तक पहुंचने में जुटी वाराणसी, जौनपुर पर निगाह**
- **कनेक्शन अब फिर पूर्वांचल में आकर ठहरा**

दिल्ली तक का कनेक्शन सामने आया। इस दौरान कई गिरोहों के पकड़ में आने से तफ्तीश उलझती ही जा रही है, जिससे एसटीएफ अभी तक किसी नतीजे पर नही पहुंच पा रही है। इधर, हाल ही एसटीएफ की जांच में फिर कुछ ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिससे एक बार फिर उप्र में मास्टर माइंड के होने का अंदेशा हो चला है। इस क्रम में पूर्वांचल वाराणसी ओर जौनपुर में पेपर लीक की जड़ें तलाशी जा रही हैं। एसटीएफ सूत्र जल्दी ही इस पूरे मामले से परदा उठाने की उम्मीद जता रहे हैं।

## उपेक्षित पिछड़ी जातियों को 2.57 लाख सीएम आवास

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सात साल में कुल 2.57 लाख आवासों का आवंटन किया। खास बात ये है कि बड़ी संख्या में उपेक्षित मुसहर, कोल, वनटांगिया, थारू, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बोक्सा जातियों से जुड़े लोगों को आवास दिए गए हैं।

दिव्यांग और दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को भी योजना का भरपूर लाभ मिला है, जबकि कुष्ठ रोग, कालाजार और जापानी इंसेफेलाइटिस/एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमारियो से ग्रसित लोगो को भी आवास उपलब्ध कराए गए हैं। शासन के मुताबिक मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सरकार ने 2018-19 से 2023-24 तक मुसहर जाति से जुड़े लोगों को 47,795 आवास, कोल को 29,923, वनटांगिया को 4,838, थारू को 3,233, सहरिया को 6,979, बोक्सा को 164 आवास प्रदान किए गए।

# बैंक की जगह खुलवाएं बच्चों की तालीम का अकाउंट: रजा मुराद

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

- **मेजर ध्यानचंद को दिया जाए भारत रत्न सम्मान**

**अमृत विचार :** प्रख्यात फिल्म अभिनेता रजा मुराद रविवार को एक निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में बाराबंकी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हमें उनका बैंक की जगह तालीम का अकाउंट खोलना चाहिये। क्योंकि बैंक खाता कभी भी धोखा दे सकता है। लेकिन तालीम वह खजाना है, जिसे कोई लूट नहीं सकता।



मां-बाप संस्कार देते हैं, लेकिन उनको तालीम एक शिक्षक ही देता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में अब बच्चियों की तालीम पर काफी ध्यान दिया जाता है। जिसका नतीजा है कि बच्चियां भी खुद को हर क्षेत्र में साबित करके दिखा रही हैं। रजा मुराद ने हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न देने की मांग उठाई। उन्होंने सवाल किया कि अभी तक उन्हें भारत रत्न सम्मान से क्यों नहीं नवाजा गया। इस दौरान रजा मुराद ने विश्वप्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की हवेली को भी राष्ट्रीय स्मारक बनाये जाने का समर्थन किया। इस दौरान उन्होंने भोजपुरी फिल्मों और उनके गानों में परोसी जा रही अश्लीलता पर आपत्ति जताई। सेंसर बोर्ड का इस पर अंकुश लगाना काफी जरूरी है। वहीं आगामी लोकसभा चुनाव पर अपनी राय देते हुए रजा मुराद ने कहा कि जनता ही जनार्दन है, जिसे वह चाहेगी उसी को कुर्सी पर बिठाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी की तारीफ की और कहा कि प्रदेश में उन्होंने दोबारा सरकार बनाई है। जिससे साबित होता है कि यकीनन उन्होंने जनता का विश्वास हासिल किया है।

## मेरठ और बरेली समेत 11 शहरों में 13 से बारिश के आसार

**लखनऊ, एजेंसी :** प्रदेश में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल सकता है। मेरठऔर बरेली समेत 11 शहरों में 13 से बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में बारिश के बाद मौसम शुष्क बना रहेगा। रविवार को सुबह से ही मौसम शुष्क बना हुआ है। सोमवार और मंगलवार को भी मौसम शुष्क बना रहेगा। लखनऊ का तापमान 30 से 33 डिग्री के बीच रहेगा। जबकि न्यूनतम तापमान 13 से 16 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। शनिवार को आगरा में 12.8, ,शाहजहांपुर में 12.2, मेरठ 11.4, मुरादाबाद 12.7 और बरेली में 12.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। ठंड उत्तर भारत के अधिकांश इलाकों में कम हो गई है। यूपी में एक बार फिर तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

# आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाईस से नकल करते चार गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट की रविवार को आयोजित परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने वाले चार अभ्यर्थियों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। यह चारो आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट (लखनऊ) से पकड़े गए हैं। इनमें कन्नौज का अमित कुमार, आगरा का जयप्रकाश, जोधपुर राजस्थान का विकास बिश्नोई तथा पलवल जिले का अभिषेक हैं।

एसटीएफ के मुताबिक आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा सेना के अधिकारियों को इस बात से अगवत कराते हुए आर्मी इन्टेलीजेन्स लखनऊ टीम के साथ मिलकर आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट पहुंच गई। जांच



- **25-30 हजार में छात्रों को नकल करने वाला दिया जाता है डिवाइस**
- **डिवाइस से प्रश्न पत्र हल कराने के बदले लिए जाते हैं 5-5 लाख**

के दौरान 4 अभ्यर्थियों को ब्लूटुथ डिवाइस के माध्यम से नकल करते हुए पकड़ लिया गया।

अभ्यर्थियों ने पूछताछ पर बताया कि वह आर्मी की परीक्षाओं की तैयारी करते थे। इस दौरान कुछ अन्य छात्रों ने बताया कि एके सिंह (आगरा) और कुनाल (दिल्ली) द्वारा 25-30 हजार में छात्रों को नकल करने वाला डिवाइस दिया जाता है। सम्बन्धित परीक्षा में उसी डिवाइस के माध्यम से प्रश्न पत्र हल कराने के बदले 5-5 लाख रूपये लिया जाता है।

## स्वामी प्रसाद मौर्य हो सकते हैं इंडिया गठबंधन का हिस्सा

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी से हाल ही में निकलकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बनाने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य से रविवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को लेकर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हो सकते हैं। सपा भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। सपा ने कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में 17 सीटें देने की घोषणा की है। स्वामी प्रसाद मौर्य के इंडिया गठबंधन में आने की स्थिति में सीटों के बंटवारें को लेकर पेंच फंस सकता है। सूत्रों का कहना है कि सपा द्वारा स्वामी प्रसाद मौर्य को एक भी सीट न दिए जाने की स्थिति में कांग्रेस अपने हिस्से की एक सीट दे सकती है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय रविवार को लखनऊ स्थित स्वामी प्रसाद मौर्य के आवास पर पहुंचे। मौर्य ने स्वयं सोशल मीडिया 'एक्स' पर फोटो पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि दोनों ने औपचारिक भेंट वार्ता में इंडिया गठबंधन के विस्तार पर सकारात्मक चर्चा की।

# पिछली सरकारों ने चीनी मिलों को औने-पौने दामों पर बेचा: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर में अरबों रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने औने-पौने दाम पर चीनी मिली बेच दिया। लेकिन डबल इंजन की सरकार ने पिपराइच और मुंडेरवा चीनी मिल को चलाने के साथ औद्योगिकरण, विश्वविद्यालय, कॉलेज, सड़कें-पुल आदि तमाम सौगात दी। गोरखपुर समेत शहरों को इज ऑफ लिविंग के लिए ऐसा स्मार्ट बनाने का निर्देश दिया कि दुनिया सीखे।



मुख्यमंत्री ने गोरखपुर नगर निगम की 482 करोड़ रुपये की 253 विकास परियोजनाओं, देवरिया को 679 करोड़ रुपये की 673 विकास परियोजनाओं और कुशीनगर में 2,134 करोड़ की 483 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार 50 साल की गारंटी वाली सड़कें बनवा रही है। देवरिया में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आम जनमानस फिर एक बार मोदी सरकार का संकल्प ले चुकी है। अबकी बार एनडीए चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है।

कुशीनगर में योगी ने कहा कि भारत आज किसी के सामने झुकता नहीं और न तो अपने लक्ष्य से हटता है। ये आपके वोट की ही ताकत है कि पांच सदी का इंतजार खत्म हुआ और अयोध्या में भव्य श्रीराम लला का मंदिर बनकर तैयार हुआ। योगी ने सवाल भी पूछा कि क्या सपा, बसपा या कांग्रेस की सरकार होती तो राम मंदिर का निर्माण हो पाता। उन्होंने कहा कि आज देश की आवाज है, फिर एक बार मोदी सरकार। अगर विकास और समृद्धि चाहिए तो इसके लिए लक्ष्मी जी की कृपा भी चाहिए और लक्ष्मी जी कमल पर बैठकर ही आती हैं। कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, ग्राम्य विकास की राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम आदि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-6

**बाएं से दाएं**

2. (संगीत) मध्य रात्रि में गाई जाने वाली षाड़व जाति की एक रागिनी।
3. 1. रोब, डींग, झूठी शान, अकड़ 2. घमंड, अभिमान।
4. 1. तंत्र-मंत्र या जादुई तरकीबों द्वारा किया जाने वाला कोई काम, जादू करने की कला 2. (अंधविश्वास) टोटका, झाड़-फूंक।
6. 1. देहरहित 2. आकृतिविहीन।
7. 1. तेज़ होने का भाव, गतिशीलता 2. उग्रता, प्रबलता, तीव्रता 3. प्रखरता, तीक्ष्णता, पैनापन 4. शीघ्रता, जल्दी 5. दक्षता, होशियारी 6. अधिक चंचलता या चपलता 7. चलन से अधिक भाव हो जाना, महंगाई, 'मंदी' का विलोम 8. उत्साह; जोश।
8. 1. काजल रखने का डंडीदार लोहे का पात्र 2. गोदने की स्याही रखने का पात्र।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अनंत 2. पूरा, समूचा, मुकम्मल 3. अपार 4. असंख्य।
2. हर हाल में।
5. 1. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखा जाना, (एनरोलमेंट) 2. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखने के लिए शुल्क के रूप में लिया जाने वाला धन।
6. 1. आवश्यकता से अधिक होने की अवस्था।



### वर्ग पहेली -5 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बु | 2 स | ना | | | | 3 फ़ |
| | ह | | 4 सू | बे | दा | री |
| | जा | | बे | | | द |
| | ति | | दा | | 5 हि | |
| 6 इ | क | रा | र | ना | मा | |
| षु | | | | | ल | |
| | | 7 अ | वि | धे | य | |

### सुडोकू -85

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | 4 | | | 6 |
| | | 8 | | 6 | | | 3 | |
| | | | 2 | | 1 | | 9 | |
| 7 | | 3 | | 9 | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | | 8 |
| | 4 | | 5 | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | | 2 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | 8 | |

### सुडोकू -84 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 10 .44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 23 .02 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** — आज आर्थिक स्थिति बेहतर होने की संभावना है। यदि आपके बच्चे कॉलेज में पढ़ रहे हैं तो उनको लेकर तनाव हो सकता है। घर के सभी सदस्यों के साथ इसको लेकर चर्चा होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष** — आज कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। सावधानी के साथ धन का इस्तेमाल करने की आवश्यकता है अन्यथा बड़ा नुकसान होने की प्रबल संभावना है। यदि पैसों को कहीं निवेश किया हुआ है तो वहां से नुकसान झेलना पड़ेगा।

**मिथुन** — आज दोस्तों से आर्थिक सहायता मिलने की उम्मीद है। पूरा दिन जोश से भरा हुआ होगा तथा जो काम कुछ दिनों से करने का सोच रहे थे वह कर देंगे। ऑफिस में कनिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। माता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**कर्क** — आज किसी के साथ अनबन होने की संभावना है। ऐसे में पहले से ही किसी प्रकार के वाद-विवाद में पड़ने से बचें। शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। परिवार में शांति का माहौल रहेगा।

**सिंह** — आज कुछ बातें अपने दोस्तों के साथ साझा करना चाहेंगे। इसके लिए व्यवहार में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है अन्यथा बातों को सही तरीके से समझा नहीं पाएंगे। पुराना डूबा हुआ धन मिलने की प्रबल संभावना है।

**कन्या** — आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहने वाला है तथा कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में पराक्रम में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर में सुख-शांति से रहेगी। अविवाहितों का विवाह तय हो सकता है।

**तुला** — आज व्यवहार में चिड़चिड़ापन देखने को मिलेगा। किसी के साथ कहासुनी भी हो सकती है। ऐसे में यदि आपने गुस्से को नियंत्रण में नहीं रखा तो बात बढ़ भी सकती है। धैर्य का परिचय देंगे तो बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक** — आज आप अपने घर में परिवर्तन संबंधी कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं या फिर कोई नया घर लेने का विचार भी किया जा सकता है। इसको लेकर सभी के बीच गहन चर्चा भी संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु** — आज भाग्य आपके साथ हैं। बिगड़े हुए काम भी आसानी से बन जाएंगे। पैसा कहीं अटका हुआ है तो वह भी मिल जाएगा। पुरानी स्मृतियों को सोच मन कुछ व्यथित हो सकता है। एलर्जी की समस्या हो सकती है।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। कुछ बातों को लेकर खुशी मिलेगी तो कुछ में असफलता भी हाथ लग सकती है। ऐसे में बुद्धिमता से काम लेंगे तो बेहतर रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों को आप पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

**कुंभ** — आज कई ऐसे अवसर आएंगे जब आपको स्वयं को परखने की आवश्यकता पड़ेगी। इससे मन खट्टा तो होगा, लेकिन मनोबल में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर के लोगों का पूरा साथ मिलेगा। संबंधों में नई ताजगी महसूस करेंगे।

**मीन** — आज मानसिक रूप से दबाव का अनुभव करेंगे तथा काम में मन नहीं लगा पाएंगे। आपको लेकर घर वाले परेशान रह सकते हैं। किसी बात को लेकर ठोस निर्णय ले सकते हैं। भावनाओं के बजाय समझदारी से काम करें।

## आज की फिल्में

B4U Movies:
मजाल — सुबह : 10 .49
आज का रावण — रात : 07 .10

Sony Max:
1942 : ए लव स्टोरी — सुबह : 10 .17
रॉकी हैंडसम — रात : 10 .07

Sony Pix:
स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — सुबह : 11 .16
सिसु — रात : 07 .40

Zee Cinema:
सत्याग्रह — सुबह : 10 .30
लॉस्ट — शाम : 04 .30

Colors Cineplex:
सनम बेवफा — सुबह : 11 .50
अग्निपथ — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात 10 .07 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू – इतना परेशान क्यों है?
गप्पू – अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू – तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू – उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी– कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू– हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी– अपनी आदत से।

## एक नजर

### गो फर्स्ट समाधान पेशेवर को कारण बताओ नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने वित्तीय संकट से जूझ रही 'गो फर्स्ट' विमानन कंपनी के समाधान पेशेवर (आरपी) को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि पट्टेदारों (किराए पर विमान मुहैया कराने वालों) के विमानों के निरीक्षण और रखरखाव की अनुमति देने संबंधी न्यायिक आदेशों की प्रथम दृष्टया जानबूझकर अवहेलना करने के लिए उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत के आदेशों को लागू करने की मांग करने वाले पट्टेदार द्वारा अवमानना कार्यवाही का अनुरोध किए जाने के बाद आरपी 12 अक्टूबर, 2023 के फैसले के कार्यान्वयन में कठिनाइयों की दलील नहीं दे सकता।

### ट्रेन में गोलीबारी करने में दो सिपाही बर्खास्त

**मुंबई।** पिछले साल जुलाई में मुंबई-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में चेतन सिंह चौधरी द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी के मामले में राजकीय रेलवे पुलिस (आरपीएफ) के दो सिपाहियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। चौधरी पर आरोप है कि उसने पिछले साल 31 जुलाई को ट्रेन मुंबई के पास पालघर में थी तब अपने वरिष्ठ अधिकारी एएसआई टीकाराम मीणा और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# चुनावी बॉण्ड मामला: आज सुनवाई करेगी कोर्ट

## एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने संबंधी याचिका पर भी होगी सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समय-सीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अ नुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की ''जानबूझकर'' अवज्ञा की। सोमवार के लिए निर्धारित शीर्ष अदालत की मामलों की सूची के अनुसार, पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुबह साढ़े 10 बजे बैठेगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने गत 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था। योजना को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुए, अदालत ने योजना के तहत अधिकृत बैंक एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विवरण 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था।

### अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी: कपिल सिब्बल



राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने चुनावी बॉण्ड विवरण का खुलासा करने की अवधि बढ़ाने का अनुरोध करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा बताए गए कारणों को बचकाना करार देते हुए रविवार को कहा कि अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी है और जब संविधान पीठ फैसला सुना चुकी है तो एसबीआई की याचिका को स्वीकार करना ''आसान नहीं होगा''। चुनावी बॉण्ड योजना के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में मामले में याचिकाकर्ताओं के लिए दलीलें सिब्बल के नेतृत्व में पेश की गईं। उन्होंने कहा कि एसबीआई का दावा है कि डेटा को सार्वजनिक करने में कई सप्ताह लगेंगे, जिससे ऐसा लगता है कि कोई किसी को बचाना चाहता है।

### अदालत ने शाहजहां शेख की सीबीआई हिरासत 4 दिन बढ़ाई

**बशीरहाट(पश्चिम बंगाल)।** यहां की एक अदालत ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की सीबीआई हिरासत रविवार को और 4 दिनों के लिए बढ़ा दी। अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अनुरोध पर यह आदेश जारी किया।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश पर मामले की जांच सीबीआई को हस्तांतरित किये जाने के साथ छह मार्च को उसे शेख की हिरासत सौंपी गई थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर उस वक्त हमला किया गया था, जब वे शेख के संदेशखालि स्थित परिसर में छापा मारने पहुंचे थे। शेख को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से अब निलंबित कर दिया गया है।

## क्या गोयल ने सीईसी या मोदी सरकार से मतभेदों के कारण इस्तीफा दिया

- कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने किया सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस ने अरुण गोयल के निर्वाचन आयुक्त पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद रविवार को पूछा कि क्या उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या नरेंद्र मोदी सरकार के साथ किसी मतभेद के कारण यह कदम उठाया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूछा कि क्या गोयल ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है, जैसा कि उन्होंने अपने त्याग पत्र में इसका उल्लेख किया है या कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की तरह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दिया है। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-कल शाम अरुण गोयल का निर्वाचन आयुक्त पद से इस्तीफा तीन सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा-क्या उन्होंने वास्तव में मुख्य निर्वाचन आयुक्त या मोदी सरकार के साथ मतभेदों के कारण इस्तीफा दिया। या फिर उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया? या उन्होंने, कुछ दिन पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की तरह, भाजपा के टिकट पर आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दिया है।

## संविधान में संशोधन के लिए भाजपा को दो-तिहाई बहुमत दिलाना जरूरी : हेगड़े

**करवार (कर्नाटक)।** भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने रविवार को कहा कि प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाने के लिये भाजपा संविधान में संशोधन करेगी। उन्होंने लोगों से लोकसभा में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत देने का आह्वान किया, ताकि देश के संविधान में संशोधन किया जा सके। हेगड़े ने छह साल पहले भी इसी तरह का बयान दिया था। हेगड़े ने कहा कि भाजपा को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी।

## कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों सहित कई पार्टी नेता भाजपा में शामिल

### राजस्थान में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

जयपुर, एजेंसी

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की राजस्थान इकाई को करारा झटका देते हुए राज्य की पूर्व सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र यादव और लाल चंद कटारिया सहित कई नेता रविवार को भाजपा में शामिल हो गए।

कांग्रेस के पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, खिलाड़ी लाल बैरवा, पूर्व निर्दलीय विधायक और गुजरात की पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल के बेटे आलोक बेनीवाल, कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चौधरी, पार्टी नेता रामपाल शर्मा, रिजु झुनझुनवाला और अन्य नेता भी भाजपा में शामिल हुए। जयपुर में भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। भाजपा का दामन थामने वाले लाल चंद कटारिया और राजेंद्र यादव अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पूर्व कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे थे।

## तेलंगाना में बीआरएस के चार और कांग्रेस का एक नेता भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के दो पूर्व सांसद समेत चार नेता और कांग्रेस के एक नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्र में सत्तारूढ़ दल दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है। भाजपा में शामिल होने वालों में बीआरएस के पूर्व सांसद जी. नरेश, सीताराम तथा पार्टी के पूर्व विधायक एस. रेड्डी और जलगाम वेंकट राव और कांग्रेस नेता श्रीनिवास गोमसे शामिल हैं। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। भाजपा नेता और पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य के. लक्ष्मण ने पार्टी में उनका स्वागत किया।



विदेश मंत्री एस जयशंकर नई दिल्ली के पुराना किला में विकसित भारत के दृष्टिकोण से संचालित कलाकृतियों की एक श्रृंखला बनाने के लिए आयोजित एक दिवसीय शिविर के दौरान कलाकार द्वारा बनाई गई पेंटिंग को देखते हुए। ● एजेंसी

## राहुल ने गुजरात में यात्रा के अंतिम दिन सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

**तापी (गुजरात)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात चरण के अंतिम दिन रविवार को सूरत में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने यहां पत्रकारों को बताया कि चार दिन में गुजरात के सात जिलों से गुजरने के बाद यह यात्रा राज्य में समाप्त हो गयी है और यह एक दिन के विराम के बाद मंगलवार को महाराष्ट्र नंदुरबार जिले से फिर से शुरू होगी। राहुल ने सूरत जिले के बारदोली में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। रमेश ने कहा-कुछ मिनटों के लिए वह स्वराज निवास में गए जिसे 1922 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने बनवाया था।

# 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का है संकल्प

- महतारी वंदन योजना की नरेंद्र मोदी ने की शुरुआत कर
- बोले-डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण

रायपुर, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए 'महतारी वंदन' योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य की 'डबल इंजन' सरकार (केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार) की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण है। प्रधानमंत्री मोदी ने समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने देश में तीन करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का संकल्प लिया है।

मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन योजना' का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया। इस योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से रिमोट दबाकर इस योजना की शुरुआत की और 70 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 655 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। उन्होंने योजना की शुरुआत करते हुए कहा-छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को मेरा प्रणाम..आज मुझे नारी शक्ति को सशक्त बनाने वाली 'महतारी वंदन योजना' को समर्पित करने का सौभाग्य मिला है। महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को हर महीने एक हजार रुपये देने का वादा किया गया था। भाजपा सरकार ने अपना वादा पूरा किया है। उन्होंने कहा कि आज महतारी वंदन योजना के तहत 655 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''माताओं-बहनों, मैं अभी काशी से बोल रहा हूं। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाओं के खाते में अब हर महीने बिना किसी परेशानी के यह पैसा आता रहेगा।

### दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 (टी-1) का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन किया। अब इसका कुल क्षेत्रफल तीन गुना होकर 2,06,950 वर्ग मीटर हो गया है। विस्तारित टर्मिनल-1 के उद्घाटन के साथ दिल्ली हवाई अड्डे की वार्षिक क्षमता मौजूदा चार करोड़ यात्रियों से बढ़कर 10 करोड़ हो जाएगी। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश में ग्वालियर और जबलपुर हवाई अड्डों की टर्मिनल इमारतों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि इस कार्यक्रम के लिए ग्वालियर हवाई अड्डे पर मौजूद रहे। साथ ही मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र में पुणे और कोल्हापुर हवाई अड्डों के नए टर्मिनल भवनों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। ये टर्मिनल भवन विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे।



## एक नजर

### विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 625.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6 .6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625 .6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2 .97 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 619 .07 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6 .04 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 554 .2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 56 .9 करोड़ डॉलर बढ़कर 48 .42 अरब डॉलर हो गया।

### इंडियन बैंक के नए कार्यकारी निदेशक बने ब्रजेश कुमार सिंह

**चेन्नई।** केंद्र सरकार ने ब्रजेश कुमार सिंह को सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। बैंक ने रविवार को यह जानकारी दी। सिंह इससे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। इंडियन बैंक ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा गया कि केंद्र सरकार ने नौ मार्च, 2024 की अधिसूचना संख्या 4/1(8) के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह को तीन साल के लिए इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक बनाया है।" इलाहाबाद कृषि संस्थान से कृषि स्नातक सिंह के पास बैंकिंग क्षेत्र में 28 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

# अगले 15 साल में मिलेगा 100 अरब डॉलर का निवेश

## भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने निवेश और वस्तुओं एवं सेवाओं के दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। एफटीए के तहत ईएफटीए ने अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एफटीए पर हस्ताक्षर को 'ऐतिहासिक पल' करार देते हुए कहा कि यह भारत का ऐसे समूह के साथ पहला आधुनिक व्यापार करार है, जिसमें विकसित देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यापार करार में यह पहला मौका है, जब ईएफटीए ने अगले 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।

समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार, सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है।

ईएफटीए सदस्यों की ओर से संघीय काउंसलर गाई पार्मेलिन ने कहा-एफटीए देशों को वृद्धि के एक प्रमुख बाजार तक पहुंच मिली है। हमारी कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक जुझारू बनाते हुए उनमें विविधता लाने का प्रयास करेंगी। इसके एवज में भारत को ईएफटीए से अधिक विदेशी निवेश मिलेगा। इससे अंततः अच्छी नौकरियों में वृद्धि होगी... कुल मिलाकर टीईपीए से हमें अपनी आर्थिक क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करने और अतिरिक्त अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।

### करार निष्पक्ष व्यापार के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र ने रविवार को भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते को एक ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि यह एक मुक्त, निष्पक्ष और समानता वाले व्यापार के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल व्यापार, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तथा फार्मा जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेषण को लेकर ईएफटीए देशों की वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति से सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। मोदी ने एक लिखित संदेश में कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करने में शामिल वार्ताकारों और हस्ताक्षरकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

### समझौते से भारतीय बाजार में सस्ती होंगी स्विस घड़ियां, चॉकलेट

भारत ईएफटीए ब्लॉक के साथ अपने व्यापार समझौते के तहत कलाई घड़ियों, चॉकलेट, बिस्किट और दीवार घड़ियों जैसे उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पादों पर क्रमिक रूप से सीमा शुल्क को समाप्त कर देगा। इससे घरेलू ग्राहकों को कम कीमत पर इन उत्पादों तक पहुंच मिलेगी। भारत और चार-यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए ने आपसी व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। विभिन्न देशों में इस समझौते को मंजूरी देने की विस्तृत प्रक्रिया के कारण इसे लागू होने में एक साल तक का समय लगेगा।

## भारत अपनी नीतियों को टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा: गोयल

- वाणिज्य मंत्री बोले-सभी वैश्विक ईवी कंपनियों का स्वागत

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत अपनी नीतियों को अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा। देश के कानून और शुल्क संबंधी नियम सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार किए जाएंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है।

टेस्ला भारत में आने से पहले एक शुरुआती शुल्क रियायत मांग रही है। इससे उसे 40,000 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत सीमा शुल्क और अधिक मूल्य की कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की 'भरपाई' करने में मदद मिलेगी। गोयल ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि सरकार एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत को समझती है, क्योंकि बैटरी से चलने वाले वाहनों के अधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात बिल में भी कटौती होगी। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इसके लिए सरकार ऐसी नीतियां नहीं बनाएगी, जो किसी एक कंपनी के लिए फायदेमंद हों, बल्कि ऐसी नीतियां तैयार की जाएंगी, जो दुनिया के सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को भारत में आने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई पहल पर काम जारी है।

### कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर घोषित होने की संभावना है। वाणिज्यिक कोयला खान नीलामी का ताजा दौर कोयला मंत्रालय के नामांकित प्राधिकारी द्वारा 20 दिसंबर, 2023 को शुरू किया गया था। नौवें दौर में 32 कोयला खदानों को नीलामी पर रखा गया। अधिकारी ने कहा-नौवें चरण के नतीजे घोषित होने में अभी दो हफ्ते और लगेंगे। इसके अंदर ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी। आधिकारिक सूचना के अनुसार, ऑफलाइन रूप में कुल 40 बोलियां प्राप्त हुई हैं।

## शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 71,301 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 71,301.34 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

कम कारोबारी सत्रों के सप्ताह के दौरान सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड बनाने के सिलसिले के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 374.04 अंक या 0.50 प्रतिशत चढ़ गया। शुक्रवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद थे। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 74,119.39 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 22,493.55 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत घट गई।

### एफपीआई ने मार्च में 6,100 करोड़ रुपये का किया निवेश

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (मार्च में) अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 6,139 करोड़ रुपये डाले हैं। मजबूत आर्थिक वृद्धि, बाजार की मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के चलते एफपीआई के बीच भारतीय शेयरों का आकर्षण बना हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत पर रही है।

# मोबाइल विनिर्माण 10 साल में 21 गुना हुआ

- आईसीईए के मुताबिक, बढ़कर 4.1 लाख करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत में मोबाइल फोन विनिर्माण मूल्य के लिहाज से पिछले 10 साल में 21 गुना होकर 4.1 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उद्योग निकाय आईसीईए ने बयान में कहा कि सरकार के पीएलआई जैसे नीतिगत उपायों ने स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने कहा कि भारत अब अपनी कुल मोबाइल फोन मांग का 97 प्रतिशत स्थानीय स्तर पर उत्पादित करता है और चालू वित्त वर्ष (2023-24) में कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत निर्यात के लिए है। आईसीईए ने कहा-मोबाइल फोन का उत्पादन 2014-15 के 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 4,10,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2,000 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2014-15 में भारत से मोबाइल फोन का निर्यात महज 1,556 करोड़ रुपये था। उद्योग को वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक 1,20,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निर्यात की उम्मीद है। इसका मतलब होगा कि एक दशक में निर्यात में 7,500 प्रतिशत की वृद्धि होगी। विनिर्माण पर एक नोट के अनुसार, स्मार्टफोन के क्षेत्र में एप्पल और सैमसंग ने देश से मोबाइल फोन निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत निर्मित उपकरणों को बड़ी मात्रा में ब्रिटेन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया और इटली अमेरिकी बाजारों में निर्यात किया जा रहा है।

**खेल डायरी**

## डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक्लेस्टोन, नवगिरे पर लगा जुर्माना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपी वारियर्स की सोफी एक्लेस्टोन और किरण नवगिरे पर यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दोनों पर शुक्रवार को हुए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के बयान के अनुसार, सोफी और किरण दोनों ने अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक का उल्लंघन स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण के दुरुपयोग से संबंधित है। इसके अनुसार, आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम और मान्य होता है।

## एनसीएए चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर परवेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय एथलीट परवेज खान बोस्टन में अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप में एक मील ट्रैक स्पर्धा के फाइनल में सातवें स्थान पर रहे। परवेज एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। फाइनल में उन्होंने 4 मिनट 03.05 सेकेंड का समय लिया और उन्हें सातवें स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। इस एथलीट ने इससे पहले प्रारंभिक दौड़ में 3 मिनट 57.126 सेकेंड में तीसरा स्थान पाया था। परवेज इस प्रतियोगिता में फ्लोरिडा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। हरियाणा के परवेज ने 2022 के राष्ट्रीय खेलों में 1500 मीटर में स्वर्ण जीता था।

## नीरज चोपड़ा ने किया प्रतिभा पहचान कार्यक्रम का समर्थन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार के राष्ट्रीय स्तर के खेल विकास कार्यक्रम कीर्ति का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें देश के शैक्षणिक तंत्र में बड़े बदलाव लाने की क्षमता है। खेल मंत्रालय ने स्कूली बच्चों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर के प्रतिभा पहचान कार्यक्रम कीर्ति को शुरू किया है। इसके तहत प्रतिभा की पहचान करके उनके कौशल को निखारा जाएगा। साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया के वीडियो में चोपड़ा ने कहा कि हमें 13-14 आयु वर्ग के बच्चों को यह बताना होगा कि उन्हें खेल और शिक्षा दोनों पर ध्यान देने की जरूरत है। अगर स्कूल भी उनका समर्थन करके चीजों को संतुलित कर सकते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा।

## सात्विक और चिराग की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन का युगल खिताब किया अपने नाम



**पेरिस, एजेंसी।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने रविवार को यहां फ्रेंच ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ दूसरी बार फ्रेंच ओपन बैडमिंटन पुरुष युगल का खिताब जीता। दुनिया की नंबर एक भारतीय जोड़ी ने इससे पहले 2022 में इस खिताब को जीता था। यह जोड़ी 2019 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता थी। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने ली और यांग को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 21-17 से हराकर सत्र का पहला खिताब जीता। भारतीय जोड़ी इस साल मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 में दूसरे स्थान पर रही थी जबकि पिछले साल चाइना मास्टर्स सुपर 750 में भी उपविजेता रही थी।

# टेस्ट रैंकिंग में भारत नंबर 1, तीनों प्रारूप में शीर्ष पर

### भारत ने 5 मैच की श्रृंखला 4-1 से जीतकर आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान किया हासिल

**दुबई, एजेंसी**

भारत ने धर्मशाला में इंग्लैंड को करारी शिकस्त देकर 5 मैच की श्रृंखला 4-1 से जीतकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान पर अब भारत है। इस तरह से भारतीय टीम खेल के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हो गई है। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में पहले ही शीर्ष पर है।

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्राइस्टचर्च में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच का परिणाम कुछ भी रहे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम शीर्ष पर रहेगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा विजेता ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन में पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीता था और वह अभी श्रृंखला में 1-0 से आगे है। भारत के टेस्ट रैंकिंग में अब 122 रेटिंग अंक हो गए हैं जो ऑस्ट्रेलिया से 5 अधिक हैं। इंग्लैंड की टीम 111 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। वनडे में भारत के 121 रेटिंग अंक हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया 118 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत के 266 अंक हैं। इंग्लैंड इस प्रारूप में 256 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत सितंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहा था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला बराबरी पर छूटने के कारण भारत दूसरे नंबर पर खिसक गया था।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करके भारत की जगह पहला स्थान हासिल किया था। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 28 रन से हार गया था लेकिन इसके बाद उसने अगले चार टेस्ट मैच जीतकर शानदार वापसी करके आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया।

**टेस्ट**

| टीम | रेटिंग |
|---|---|
| भारत | 122 |
| ऑस्ट्रेलिया | 117 |
| इंग्लैंड | 111 |
| न्यूज़ीलैंड | 101 |
| दक्षिण अफ्रीका | 99 |
| पाकिस्तान | 89 |
| वेस्ट इंडीज | 81 |
| श्रीलंका | 79 |
| बांग्लादेश | 51 |
| ज़िम्बाब्वे | 32 |

**वन-डे**

| टीम | रेटिंग |
|---|---|
| भारत | 121 |
| ऑस्ट्रेलिया | 118 |
| दक्षिण अफ्रीका | 110 |
| पाकिस्तान | 109 |
| न्यूज़ीलैंड | 102 |
| इंग्लैंड | 96 |
| श्रीलंका | 91 |
| बांग्लादेश | 87 |
| अफ़ग़ानिस्तान | 81 |
| वेस्ट इंडीज | 71 |

**टी-20**

| टीम | रेटिंग |
|---|---|
| भारत | 266 |
| इंग्लैंड | 256 |
| ऑस्ट्रेलिया | 255 |
| न्यूज़ीलैंड | 254 |
| पाकिस्तान | 249 |
| दक्षिण अफ्रीका | 249 |
| वेस्ट इंडीज | 245 |
| श्रीलंका | 233 |
| बांग्लादेश | 228 |
| अफ़ग़ानिस्तान | 218 |

## हमें इस शब्द 'बैजबॉल' ने भ्रमित कर दिया: नासिर हुसैन



**धर्मशाला।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हार पर निराशा व्यक्त करते हुए टीम के बल्लेबाजों को व्यक्तिगत प्रदर्शन पर काम करने और 'बैजबॉल' के प्रति जुनून छोड़ने की सलाह दी। इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में बैजबॉल शैली को अपनाया लेकिन भारत के खिलाफ यह रणनीति नहीं चली और उसे हार मिली। बैजबॉल शब्द इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रैंडन मैकुलम के उपनाम 'बैज' से लिया गया है। हुसैन ने कहा कि हम इस शब्द बैजबॉल से भ्रमित हो गए। टीम और टीम प्रबंधन को बैजबॉल रास नहीं आ रहा है। उन्हें अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन पर ध्यान देने की जरूरत है। विपक्षी टीम को देखिए। उन्होंने जिंदगी के हर पहलू की तरह प्रयास किया और उनसे सीख ली। फिर हमारा पतन क्यों हुआ। जैक क्रॉली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में क्यों नहीं बदल पाए। बेन डकेट ने तब आक्रामक रवैया अपनाया जब गेंद काफी नई थी। बेन स्टोक्स पूरी श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

## जिस दिन लगेगा अच्छा नहीं खेल पा रहा हूं, संन्यास ले लूंगा : रोहित

**धर्मशाला, एजेंसी**



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह इस समय अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहे हैं लेकिन जिस दिन उन्हें लगेगा कि वह अच्छा नहीं खेल पा रहे, वह तुरंत खेल को अलविदा कह देंगे। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड को एक पारी और 64 रन से हराकर श्रृंखला 4-1 से जीत ली। रोहित ने मैच के बाद जियो सिनेमा से कहा कि एक दिन जब मैं सुबह उठूंगा और मुझे लगेगा कि मैं अब अच्छा नहीं खेल सकता तो मैं तुरंत रिटायर हो जाऊंगा, लेकिन पिछले कुछ साल से मैं अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहा हूं। रोहित ने 2019 के बाद से टेस्ट क्रिकेट में नौ शतक लगाए हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की है कि रोहित इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की कप्तानी करेंगे। श्रृंखला जीतने का श्रेय टीम को देते हुए उन्होंने कहा कि जब आप इस तरह टेस्ट जीतते हैं तो सब कुछ सही हो जाता है। एक समय पर लोग जाएंगे और आएंगे, यह हम जानते हैं। इन युवा खिलाड़ियों के पास भले ही अनुभव नहीं है लेकिन उन्होंने काफी क्रिकेट खेला है और मैंने देखा है कि दबाव का बखूबी सामना किया है। जीत का श्रेय पूरी टीम को जाता है।

## मुझे नहीं लगता रोहित बेहतर कप्तान थे, उनके गेंदबाजों ने कमाल किया: स्वान



इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि टेस्ट श्रृंखला में रोहित शर्मा की कप्तानी बेन स्टोक्स से बेहतर नहीं थी, लेकिन उनके गेंदबाजों ने कमाल किया जिससे भारत ने जीत दर्ज की। शुरू से लेकर अंत तक स्टोक्स की नेतृत्व शैली ने सभी का ध्यान खींचा, लेकिन रोहित की अगुवाई वाली टीम 4 मैच जीतकर बड़े अंतर से श्रृंखला नाम की। स्वान ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एक कप्तान के रूप में वह बेहतर थे क्योंकि उनके गेंदबाजों ने कमाल किया। उनके पास अच्छी मारक क्षमता थी। मुझे गलत मत समझो, रोहित अच्छा कप्तान है लेकिन मेरा मानना है कि अगर आप इस संदर्भ में कहते हैं कि स्टोक्स ने खराब कप्तानी की तो मुझे लगता है कि आप गलत कह रहे हैं। पहले मैच में वे नहीं चल पाए लेकिन अंतिम 4 मैच में उन्होंने शानदार गेंदबाजी करके कप्तान का काम आसान किया।

## बजरंग, रवि ओलंपिक क्वालीफिकेशन दौड़ से बाहर

**सोनीपत (हरियाणा), एजेंसी**





ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और रवि दहिया रविवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल में अपने मुकाबले हारने के बाद पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो गए। पूनिया को पुरुषों के फ्रीस्टाइल 65 किग्रा सेमीफाइनल में रोहित से 1-9 से हार मिली। इससे पहले वह रविंदर से मुश्किल से जीत पाए थे। अगर रविंदर ने चेतावनी से अंक नहीं गंवाया होता तो पूनिया पहले ही बाहर हो गए होते। हारने के बाद पूनिया गुस्से में तुरंत भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से चले गए। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों ने पूनिया के डोप नमूने लेने की कोशिश की लेकिन वह नहीं रूके। पूनिया ने ट्रायल्स के लिए रूस में ट्रेनिंग ली थी। ये ट्रायल्स भारतीय ओलंपिक संघ के तदर्थ पैनल द्वारा कराए जा रहे हैं। पूनिया ने हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट में यह कहते हुए मुकदमा जीता था कि निलंबित डब्ल्यूएफआई के पास ट्रायल्स का अधिकार नहीं है। पुरुष 57 किग्रा (नोर्डिक प्रारूप में) हमेशा मुश्किल वर्ग रहा है जिसमें तोक्यो के रजत पदक विजेता रवि दहिया और अमन सेहरावत दौड़ में थे। चोट से वापसी कर रहे दहिया बड़े स्कोर वाले पहले मुकाबले में अमन से 13-14 से और अगले मुकाबले में उदित से हार गए।

# रोमांचक मैच में आरसीबी को एक रन से हराकर दिल्ली प्लेऑफ में

### जेमिमा ने अर्धशतक बनाकर एलिस के साथ 97 रन की साझेदारी की

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दिल्ली कैपिटल्स ने जेमिमा रोड्रिग्स (58) के 26 गेंद में बनाए अर्धशतक और एलिस कैप्से (48) के साथ तीसरे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी से रविवार को डब्ल्यूपीएल के रोमांचक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को एक रन से मात देकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया।

दिल्ली की यह पांचवीं जीत थी, जिससे टीम 10 अंक से शीर्ष पर है। दिल्ली ने 5 विकेट पर 181 रन का स्कोर बनाया और आरसीबी ने 7 विकेट गंवाकर 180 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने आरसीबी को जीत के करीब पहुंचा था लेकिन भाग्य ने साथ नहीं दिया और वह अंतिम गेंद पर रन आउट हो गई जब एक गेंद में दो रन की जरूरत थी। अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले ऋचा ने 29 गेंद में 4 चौके और 3 छक्कों से 51 रन बनाए। आरसीबी के लिए एलिस पैरी ने 49, सोफी मोलिनेक्स ने 33 और सोफी डेविने ने 26 रन बनाए। कप्तान स्मृति मंधाना (5) का विकेट दूसरे ओवर में गिरा, लेकिन सोफी और एलिस ने दूसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। पैरी के बाद मोलिनेक्स भी आउट हो गई। सोफी डेविने (26) और ऋचा ने चौथे विकेट के लिए 32 गेंद में 49 रन बनाकर टीम की उम्मीद कायम रखी। डेविन के आउट होने से सभी की निगाहें ऋचा पर थीं। जेस जोनासेन के अंतिम ओवर में आरसीबी को 17 रन बनाने थे। ऋचा ने पहली गेंद पर छक्का जड़ा, अगली गेंद पर कोई रन नहीं बना। तीसरी गेंद पर दिशा कसात रन आउट हुईं। चौथी गेंद पर ऋचा ने 2 रन लिए और अगली गेंद को डीप मिडविकेट पर गगनचुंबी छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया। पर अंतिम गेंद में शेफाली और जोनासेन ने ऋचा को आउट कर आरसीबी को झटका दिया। इससे पहले आरसीबी की ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल ने 26 रन देकर 4 विकेट लिए। दिल्ली के लिए रोड्रिग्स ने 34 गेंद में 58 रन बनाए जिसमें 8 चौके और 1 छक्का था। उन्होंने और कैप्से ने तीसरे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी की। कप्तान मेग लैनिंग (29) और शेफाली (23) ने पहले विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। रोड्रिग्स ने जॉर्जिया वारेहैम पर छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया। रोड्रिग्स ऑफ स्पिनर श्रेयंका की गेंद पर पैडल स्वीप खेलने में बोल्ड हो गई। कैप्से भी श्रेयंका की गेंद पर बोल्ड हुईं।



# शार्दुल के खेल से विदर्भ के खिलाफ मुंबई का पलटवार

**रणजी फाइनल**




**मुंबई, एजेंसी**

श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे का रणजी में खराब प्रदर्शन जारी रहा लेकिन शार्दुल ठाकुर के खेल के दम पर मुंबई फाइनल के शुरुआती दिन विदर्भ के खिलाफ वापसी में सफल रहा। शार्दुल ने 69 गेंद में 5 चौके और 3 छक्के की मदद से 75 रन बनाए, जिससे 111 रन पर 6 विकेट गंवाने वाली मुंबई ने 224 रन बनाए।

शार्दुल ने गेंदबाजी कर विदर्भ के ध्रुव शोरे को पगबाधा किया। दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने 3 विकेट पर 31 रन बनाए। टीम मुंबई से 193 रन पीछे है। स्टंप्स के समय अथर्व तायडे (21) और रात्रि प्रहरी आदित्य ठाकरे क्रीज पर थे। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने अमन मोखाडे (8) और करुण नायर (0) को विकेटकीपर हार्दिक तामोरे के हाथों कैच कराकर मुंबई का दबदबा बनाया। मुंबई ने बिना नुकसान के 81 रन बना लिए थे, लेकिन लंच के पहले और बाद में टीम 111 रन तक 6 विकेट गंवा दिए। राहणे और अय्यर ने 7-7 रन बनाए। दिन के पहले सत्र में उमेश यादव (43 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के खिलाफ मुंबई के पृथ्वी साव (46) और भूपेन लालवानी (37) ने रन बनाए। इस गेंदबाज ने लंच के बाद अय्यर का विकेट लिया। 20वें ओवर में तेज गेंदबाज यश ठाकुर (54 रन पर 3 विकेट) ने लालवानी को आउट कर पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी को तोड़ा। कप्तान अक्षय वाखरे ने स्लिप में उनका शानदार कैच लपका। साव वामहस्त स्पिनर हर्ष दुबे (62 रन पर 3 विकेट) की गेंद पर बोल्ड होकर अर्धशतक से चूक गए। मुशीर खान (6) हर्ष की फिरकी से पगबाधा हो गए। महज 30 रन के अंदर 6 विकेट मुंबई ने गवां दिए। क्रीज पर आए शार्दुल ने कुछ चौके लगाकर विदर्भ के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। एक छोर से वह तेजी से रन बना रहे थे तो वही दूसरे छोर से पुछल्ले बल्लेबाजों का विकेट गिर रहा था। वह आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे।



# बॉलीवुड हलचल

## पृथ्वीराज की 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर जारी



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पृथ्वीराज सुकुमारन इन दिनों इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन बेहतर जीवन के तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन उनके सामने जीवन की कई मुश्किलें सामने आ रही हैं और वे खुद भी कष्टों में जूझ रहे हैं। फिल्म लोकप्रिय बेस्टसेलर उपन्यास 'आदु जीविथम' पर आधारित है। मशहूर लेखक बेन्यामिन द्वारा लिखित यह उपन्यास एक युवक नजीब के जीवन की सच्ची कहानी है, जो 90 के दशक की शुरुआत में विदेश में भाग्य की तलाश में केरल के हरे-भरे तटों से पलायन करता है। पृथ्वीराज ने कहा कि यह एक लंबी यात्रा रही है और आसान नहीं है। एक दशक के लंबे इंतजार के बाद दर्शकों को हमारी कड़ी मेहनत और उथल-पुथल का फल देखने को मिलता है। कोविड के दिनों से लेकर आज तक 'द गोट लाइफ' अप्रत्याशित और अविस्मरणीय यात्रा रही है। एआर रहमान जैसे उस्ताद को संगीत को जीवंत करते देखना सम्मान की बात है।

## ऐश्वर्या, प्रियंका और दीपिका से मिलती है आलिया भट्ट को प्रेरणा



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री आलिया भट्ट को ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण से प्रेरणा मिलती है। आलिया भट्ट ने बताया कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों ने बेहतरीन काम किया है और वो मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, ऐसी कलाकार हैं जो मेरी दोस्त भी हैं। मैं भी उनकी तारीफ करती हूं इसलिए मुझे उन्हें बहुत अधिक श्रेय देना होगा क्योंकि उन्होंने एक तरह से रास्ता बनाया है। आलिया ने कहा कि मुझे यह भी लगता है कि हम ऐसे समय में रह रहे हैं जहां विविधता समय की मांग है। आप दुनिया के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग चेहरों को अलग-अलग लहजे में बोलते हुए देखना चाहते हैं। लेकिन सभी एक ही का हिस्सा हैं।

## फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी



**मुंबई, एजेंसी।** बी4यू मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत नीलम तिवारी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड (ओपीसी) के बैनर से बनने वाली भोजपुरी फिल्म बड़े घर की बेटी की शूटिंग शुरू हो गई है। बड़े घर की बेटी में अंजना सिंह और यामिनी सिंह मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह, अंजनी तिवारी और नीलाभ तिवारी हैं, जबकि निर्देशक संजीव बोहरपी हैं। फिल्म के निर्देशक संजीव बोहरपी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग चल रही है। बचपन में मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े घर की बेटी पढ़ा था, फिर इस टाइटल से हिंदी सिनेमा में फिल्म भी बनी थी। लेकिन हमारी यह फिल्म इन दोनों से अलग है और फ्रेश कहानी के साथ हम दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म की कास्टिंग भी कहानी के हिसाब से ही की गई है इसलिए हमें लगता है कि यह फिल्म दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स को भी पसंद आएगी। वहीं फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि कथ्य प्रधान फिल्मों में काम करने का अपना ही अंदाज होता है। मैंने भोजपुरी में बहुत सारी फिल्में की हैं, लेकिन यह फिल्म उन सभी से अलग है और मैं उम्मीद करती हूं कि जब भी रिलीज होगी, दर्शक इसे जरूर सिनेमाघर में जाकर देखेंगे। यामिनी सिंह ने कहा कि अलग-अलग तरह की कहानी के किरदार को जीना मेरी प्राथमिकता रही है। उम्मीद है यह फिल्म भी दर्शकों को बेहद पसंद आए। फिल्म बड़े घर की बेटी का कथा संवाद अरविंद तिवारी ने लिखा है और कला अंजनी तिवारी का है। डीओपी विजय मंडल का है। नृत्य कानू मुखर्जी, सोनू प्रीतम, संगीत साजन मिश्रा और गीत प्यारेलाल यादव, अरबिंद तिवारी का है। फिल्म के कार्यकारी निर्माता-अभिषेक त्रिपाठी हैं इस फिल्म में अंजना सिंह, यामिनी सिंह, अविनाश साही राकेश बाबू , संतोष श्रीवास्तव , प्रेम दुबे,कंचन मिश्रा, सोनाली मि मिश्रा मिश्रा,भूपेंद्र सिंह बीना पांडे मुख्य भूमिका में हैं।

## भोजपुरी फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड का एतराज




**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड ने एतराज जताया है। निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह, निर्देशक प्रेमांशु सिंह और खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती 22 मार्च को पैन इंडिया रिलीज होनी है, लेकिन उससे पहले फिल्म के टाइटल पर सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने एतराज जता दिया है। फिल्म के निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि उन्हें केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से एक कॉल आया था, जिसमें पहले रिलीज हुई हिंदी फिल्म के समान शीर्षक होने से फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि मुझसे रवि नाम के किसी व्यक्ति ने संपर्क किया था, जिसने मेरी फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया था। रोशन सिंह ने बताया कि फिल्म रंग दे बसंती की स्क्रीनिंग हो चुकी है, और हमें यूए प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आवश्यक कुछ कट्स के बारे में सूचित किया गया। जो बोर्ड के ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। उन्होंने कहा कि जब हमने इस बाबत जानकारी के लिए सेंसर बोर्ड कार्यालय में संपर्क किया तो बताया गया कि आपका मामला सेंसर बोर्ड अध्यक्ष के कार्यालय से लंबित है। जो ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। मैंने 5 मार्च को एक पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी चाही मगर कारण क्या है अभी तक बताया नही जा रहा है और 8 मार्च को मुझे फोन कर फिल्म का शिर्षक बदलने का अनुरोध किया गया।

## अंकुश राजा का होली गाना रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायक अंकुश राजा का गाना देवरे से डलवाईब रिलीज हो गया है। गाना देवरे से डलवाईब का थीम होली के दौरान भाभी के साथ देवर की ठिठोली का है, जिसे अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाना देवरे से डलवाईब वाई आर म्यूजिक फैक्ट्री के ऑफिशियल ट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। अंकुश राजा ने कहा कि होली के गानों की अपनी विधा है, जो हमारे यहां लोक संस्कृति में व्याप्त है। इस गाने में भी हुआ ऑडियंस को देखने को मिल रहा है और लोग इसे कनेक्ट भी कर पा रहे हैं तभी इस गाने को लाखों व्यूज मिल चुके हैं और यह गाना तेजी से आगे बढ़ रहा है। देवरे से डलवाईब गाना के म्यूजिक वीडियो में अंकुश राजा , रक्षा गुप्ता के नजर आए हैं। देवरे से डलवाईब के गीतकार छोटू यादव हैं और संगीतकार विकी बॉक्स हैं। डायरेक्टर संदीप राज हैं और कोरियोग्राफर योगेश हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

